CMYK

सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 09.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-214 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 25 जनवरी 2025
24 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का किया उद्घाटन

# बीते आठ साल में उत्तम प्रदेश बना यूपी : धनखड़

- छह लोगों को मिला 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान'
- प्रगति के पथ पर लगातार बढ़ रहा है यूपी






**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्घाटन किया और पांच युवाओं को लोन वितरित किया।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। यहां पर अनलिमिटेड पोटेंशियल और सुखद वातावरण है। 2018 से राज्य की स्थापना दिवस मनाने की परंपरा अद्भुत है। आज जो योजना मैंने लांच की है वह आज की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी ने अपना उद्यम शुरू करने को आसान बनाया है। इस योजना से अगले 10 साल में 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे बल्कि अन्य के लिए अवसर भी बनायेंगे। ये लोग दूसरों को रोजगार देंगे। यह आयोजन, प्रदेश के 75 जिलों में हो रहा है। यह प्रदेश के पहचान और अस्मिता की अभिव्यक्ति है। जो पहले नहीं था, आज है। उन्होंने कहा कि यूपी लगातार प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। यूपी में यह आसान नहीं था, अकल्पनीय था। यह परिवर्तन प्रदेश के चमत्कारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। इसके लिए उन्हें साधुवाद है। कहा कि यहां पर आकर मैंने प्रदेश की संस्कृति देखी है। मैं एक फरवरी को पूरे परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाऊंगा। आशीर्वाद प्राप्त करूंगा।

#### जल्द ही भारत महाशक्ति बनेगा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जो प्रगति हुई है वो बेमिसाल है। कोई राष्ट्र इतना तेजी से नहीं बढ़ा है। जल्द ही भारत महाशक्ति बनेगा। भारत अभी विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जल्द ही यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि अगर सारथी मजबूत हो तो विकास गुणात्मक होता है। प्रदेश की कमान योगी के सबल हाथों में है। यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। योगी 26 साल से जनसेवा कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है : योगी

- आज अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रतीक बन गया है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में हुआ। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। यह श्रद्धालु यहां से देशभर में एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध और 1937 में यूनाइटेड प्रोविंसेज नाम दिया गया।

#### हर साल पैदा करेंगे एक लाख बिजनेसमैन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2018 में तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक के मार्गदर्शन में पहला उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। आज यह आयोजन अपने 7वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस दौरान कई योजनाओं की शुरुआत की। पहले स्थापना दिवस में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना लागू की गई। दूसरे स्थापना दिवस में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रारंभ की गई. अलग-अलग वर्षों में अन्य योजनाओं को भी प्रारंभ किया गया. आज उपराष्ट्रपति के कर कमलों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ हो रहा है. इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 1 लाख युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब उम्मीदवारों को आवेदन करते समय ही अपनी आयु और आरक्षण संबंधी दावों के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पहले यह दस्तावेज केवल प्रारंभिक परीक्षा पास करने के बाद जमा करने की आवश्यकता होती थी। यह निर्णय पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के मामले के बाद लिया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने ओबीसी और विकलांगता कोटा का गलत तरीके से लाभ उठाकर सिविल सेवा में चयन प्राप्त किया। हालांकि, उन्होंने इन आरोपों का खंडन किया है। यूपीएससी ने घोषणा की है कि सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025, 25 मई को आयोजित होगी। इस बार कुल 979 रिक्तियां भरी जाएंगी, जिसमें बेंचमार्क विकलांगता श्रेणी के लिए 38 रिक्तियां आरक्षित हैं।

### विजयसाई रेड्डी ने दिया इस्तीफा

**अमरावती।** वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सदस्य वी. विजयसाई रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि वह 25 जनवरी को अपनी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में शामिल नहीं हो रहे हैं और राजनीति भी छोड़ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। मैं कल (जनवरी) 25 तारीख को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं होऊंगा। मैं किसी पद, लाभ या पैसे की उम्मीद में इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। यह फैसला पूरी तरह से मेरा निजी है। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। किसी ने मुझे प्रभावित नहीं किया।

### सीबीआई की सात राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** निवेश का लालच देकर लोगों को ठगने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने लोगों से 350 करोड़ की ठगी करने के मामले में शुक्रवार को सात राज्यों पर छापेमारी की। सीबीआई का आरोप है कि सातों आरोपी घोटाले का अलग-अलग मॉड्यूल चलाते थे। आरोपियों ने इनके केंद्र दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, रतलाम, वलसाड, पुदुक्कोट्टी और चित्तौड़गढ़ में बना रखे थे। आरोपी भोले-भाले लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा रिटर्न कमाने का झांसा देते थे और उनके पैसे हड़प लेते थे। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि इन पोंजी योजनाओं को अलग-अलग सोशल मीडिया ग्रुप के जरिये प्रचारित किया जा रहा था।

# बालिकाओं को बराबर का मिले मौका : मोदी

#### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पीएम मोदी का संदेश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को कहा कि भारत को सभी क्षेत्रों में लड़कियों की उपलब्धियों पर गर्व है। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से कृतसंकल्पित है कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी उपलब्धि हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल और स्वास्थ्य जैसे अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है, जो बालिकाओं के अधिकारों और उनके समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत 2008 में भारत सरकार द्वारा की गई थी ताकि समाज में लड़कियों के प्रति जागरूकता फैल सके।

# एमपी के 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी

### एक अप्रैल से उज्जैन-अमरकंटक-दतिया में नहीं बिकेगी मदिरा


#### कैबिनेट मीटिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराब नहीं बिकेगी और दुकानें बंद हो जाएंगी।

कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जो दुकानें बंद की जाएंगी, उन दुकानों को कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। ये पूर्णत बंद होंगी। मप्र के शहरों के धार्मिक महत्व को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि पीतांबरा पीठ होने की वजह से यहां शराबबंदी की गई है। वहीं अमरकंटक नर्मदा का उद्गम स्थल है। इस वजह से यहां शराब प्रतिबंधित रहेगी। मंदसौर में पशुपतिनाथ का मंदिर है। यहां के लोग लंबे समय से शराब बंदी की मांग भी कर रहे थे। मैहर में माता शारदा विराजित हैं। इसके अलावा पन्ना में भी शराब पर रोक लगाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शराबबंदी की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। समय के साथ मध्यप्रदेश में भी पूर्ण शराबबंदी होगी। पर इसमें वक्त लगेगा। सीएम ने कहा कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े, इस क्रम में आज एक नीतिगत निर्णय हुआ है। इस वजह से पहले चरण में 17 धार्मिक नगरों को चुना गया है। इनमें नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र शामिल हैं।

#### उज्जैन नगर निगम का दायरा शराब से मुक्त रहेगा

शहरों के अलावा नर्मदा नदी के दोनों किनारों के पांच-पांच किमी दायरे तक शराब दुकान नहीं रहेंगी। महाकाल ज्योतिर्लिंग होने के कारण उज्जैन को शराब से मुक्त किया जा रहा है। यहां की सभी दुकानें बंद की जाएंगी। यानी कि उज्जैन नगर निगम का दायरा शराब से मुक्त रहेगा। इसके अलावा अलग-अलग नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें भी पूरी तरह से शराब मुक्त की गईं हैं। मप्र के अन्य बड़े शहर जहां पर धार्मिक कारणों से शराबबंदी लागू की गई है, उनमें दतिया एक मुख्य जगह है।



# लाउडस्पीकर धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं: बाम्बे हाईकोर्ट

- एक्शन लें मूकदर्शक न बने
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकारा
- दो हाउसिंग सोसायटियों ने दाखिल की याचिका
- हाईकोर्ट ने नहीं दिए एफआईआर करने के निर्देश



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा है कि लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इससे इस्तेमाल की अनुमति नहीं देने से किसी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है।

उच्च न्यायालय का यह फैसला मुंबई की दो हाउसिंग सोसायटियों जागो नेहरू नगर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं शिवसृष्टि कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी द्वारा दायर याचिकाओं पर आया है। दोनों सोसायटियों ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया था कि क्षेत्र की मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से होनेवाले ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अजान सहित अन्य धार्मिक उद्देश्यों के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग शांति को भंग करता है। इससे ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के साथ-साथ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि अनेक स्तरों पर शिकायत करने के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, इसलिए उन्हें उच्चन्यायलय की शरण में आना पड़ा है। इन याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति अजय गडकरी एवं न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने कहा कि शोर स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि लाउडस्पीकर उपयोग की अनुमति न देने से उसके अधिकार किसी प्रकार प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी अनुमति देने से इंकार करने पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 या 25 के तहत अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए यह सार्वजनिक हित में है कि ऐसी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बता दें कि न्यायालय ने लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने वाले संस्थानों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने में असमर्थता व्यक्त की है। लेकिन पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि लाउडस्पीकर से हो रहे शोर की शिकायत मिलने पर पहले समझाएं। दूसरी बार उल्लंघन होने पर स्पीकर जब्त कर लें। अदालत ने कहा है कि राज्य सरकार एवं अन्य प्राधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे कानून के प्रावधानों के तहत सभी आवश्यक उपाय कर कानून को लागू करें। फैसले में स्पष्ट कहा गया है कि एक लोकतांत्रिक राज्य में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या संगठन कहे कि वह देश के कानून का पालन नहीं करेगा और कानून लागू करने वाले अधिकारी मूक दर्शक बने रहेंगे।

# भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, आठ मरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ। विस्फोट के समय 'एलटीपी सेक्शन' में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया।

#### जेपीसी बैठक

### निलंबित विपक्षी सांसदों ने ओम बिरला को लिखा पत्र

# हमारे दावों पर अध्यक्ष ने नहीं दिया जवाब

- जगदंबिका पाल पर लगाए कई आरोप
- मीटिंग में जोरदार हंगामा




**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के दौरान हुए बवाल के बाद निलंबित विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल पर कई आरोप लगाए हैं।

लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में विपक्षी सांसदों ने लिखा- जब आज सुबह 11 बजे बैठक शुरू हुई, तो हम विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष की तरफ से कार्यवाही के संचालन के तरीके के खिलाफ अत्यंत सम्मान के साथ अपनी आवाज उठाई। सांसदों ने आगे लिखा, हमने नियमों में निर्धारित उचित प्रक्रिया की अनदेखी करके जेपीसी के एकतरफा और अनुचित तरीके से काम करने पर प्रकाश डाला। यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि 24 और 25 तारीख को बैठक के लिए पूर्व में दिए गए नोटिस के बाद से, हम सदस्यों ने 31 तारीख को संसद सत्र शुरू होने के कारण 27 से 30 तारीख तक निर्वाचन क्षेत्र/राज्यों में अपने कार्यक्रम तैयार किए और इस प्रकार 27वीं बैठक को स्थगित करने की प्रार्थना की। जबकि हमने इन उचित दावों को सभ्य तरीके से अध्यक्ष के सामने रखा, उन्होंने जवाब देने का प्रयास भी नहीं किया। चूंकि हम सभी ने अपमानित महसूस किया, इसलिए हम खड़े हुए और अपनी मांगों को सुनने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई। इस बीच, अध्यक्ष ने किसी से फोन पर बात की और अचानक और आश्चर्यजनक रूप से, उन्होंने चिल्लाते हुए हमारे निलंबन का आदेश दिया।

हितधारकों की तरफ से उठाए गए इन मुद्दों को समग्र रूप से संबोधित करने के लिए जेपीसी की तरफ से एक व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है। इन परिस्थितियों में जेपीसी की कार्यवाही को बिना सोचे समझे आगे बढ़ाना, छुपे हुए द्वेष से भरी एक पहेली के अलावा और कुछ नहीं है। पत्र में लिखा गया है कि, हमारा मानना है कि जेपीसी के अध्यक्ष के पास समिति के सदस्यों को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। इसलिए यह प्रार्थना की जाती है कि जेपीसी के अध्यक्ष को कार्यवाही को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया जाए। अध्यक्ष को 27वीं बैठक स्थगित कर देनी चाहिए।

### महाकुम्भ में अमित शाह लगाएंगे डुबकी, करेंगे त्रिवेणी की पूजा

**महाकुंभ नगर।** संगम की रेती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले गृहमंत्री अमित शाह आएंगे। वह पवित्र त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी भी लगाएंगे। इसके बाद वह अखाड़ा में संतों से भेंट वार्ता करने जाएंगे। गृहमंत्री के 27 जनवरी के कार्यक्रम का प्रोटोकाल जिला व मेला पुलिस व प्रशासन के पास आ गया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में उनके कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से आए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें संगम स्नान से लेकर अखाड़ा में उनके कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। गृहमंत्री 27 जनवरी को दिन में 10.55 बजे प्लेन से बमरौली एयरपोर्ट पर आएंगे, जहां से हेलीकाप्टर से डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से कार से व अरैल वीआइपी जेटी जाएंगे। फिर वह स्टीमर से संगम जाएंगे, जहां पुण्य की डुबकी लगाएंगे। इसके बाद गृहमंत्री त्रिवेणी की पूजा और आरती करेंगे। वहां से वह कार से अखाड़ा नगर जाएंगे, जहां प्रमुख संतों से वह मुलाकात करेंगे। शाम लगभग चार बजे वह डीपीएस हेलीपैड से हेलीकाप्टर से एयरपोर्ट जाएंगे, जहां से प्लेन से दिल्ली लौट जाएंगे।



# ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर



#### पिंडदान के बाद मिला नया नाम यमाई ममता नंद गिरि

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी लंबे समय तक विवादों में रहीं। कई साल बाद वह भारत भी लौटी हैं। जब वह देश में आई तो सबको लग रहा था कि वह फिल्मों में वापसी करेंगी लेकिन एक्ट्रेस ने नई राह पकड़ी हैं। वह महाकुंभ में संन्यासी बन गई हैं। उन्होंने फैसला लिया है कि वह किन्नर अखाड़े महामंडलेश्वर बन गयी हैं। 24 जनवरी की शाम ममता कुलकर्णी संगम पर पिंडदान किया और इस नए रास्ते की शुरुआत की।

ममता कुलकर्णी 52 साल की हो गई हैं। एक्ट्रेस 25 साल बाद भारत लौटी हैं। दिसंबर 2024 में ही उन्हें एयरपोर्ट पर सालों बाद देखा गया। इसके बाद उन्होंने कई इंटरव्यूज दिए आप अपने अतीत पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने तब साफ किया था कि वह करियर में अब फिल्मों में वापसी नहीं करेंगी। महाकुंभ पहुंचीं ममता कुलकर्णी ने संगम तट पर अपने हाथों से पिंडदान किया। बता दें, ममता कुलकर्णी को अब यमाई ममता नंद गिरि के नाम से जाना जाएगा। जूना अखाड़े की आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी को दीक्षा दी। अभिनेत्री महाकुंभ में किन्नर अखाड़े में रह रही हैं। पिंडदान करने के बाद ममता कुलकर्णी ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज का दिन गुरुओं ने चुना। मैंने कुछ नहीं किया। ये सब ऊपरवाले की कृपा है. महादेव और महाकाली का आदेश था। अब ममता कुलकर्णी ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा हैं।

## आग लगने से कमरे में रखे ढाई लाख रुपये की नकदी सहित करीब साढ़े चार लाख रुपये के रेडीमेड कपड़े जलकर राख

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली के मोहल्ला शिवपुरी के एक घर में आग लग गई। आग शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। घटना में कमरे में रखे ढाई लाख रुपये की नकदी सहित करीब साढ़े चार लाख रुपये के रेडीमेड कपड़े जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस और अग्नि विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। मोहल्ला शिवपुरी में किराए के मकान में रहकर जलालाबाद मुरादनगर गाजियाबाद निवासी शोएब कपड़े का कारोबार करता है। उसने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे अचानक कमरे में धुंआ निकलने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते इससे पहले आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें बढ़ती देख मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। इधर मोहल्ले के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग की टीम को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के कुछ ही देर के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस दौरान कमरे में रखा सभी कुछ सामान जलकर राख हो गया था।

## घर में घुसकर एक महिला से छेड़छाड़ का मामला आया प्रकाश में

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में घर में घुसकर एक महिला से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वह मूल रूप से सीतापुर जिले के थाना हरगांव इलाके के एक गांव का रहने वाला है। वह लखीमपुर शहर के एक होटल में काम करता है। उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। मौका पाकर महेवा निवासी बाबू उसके घर में घुस गया। आरोप है कि बाबू ने उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर वह मारपीट करने पर अमादा हो गया और जान से मारने की धमकी दी। अधिक विरोध होकर पर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने पति को दी।

# खेतौसा, पीरपुर में डीएम ने किया खेल मैदान और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** खिली धूप और मिशन मैदान के तहत सभी 3106 परिषदीय स्कूलों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं नौनिहालो के चेहरों पर चहकन लेकर आई, जहां एक ओर सुबह से ही निकली धूप ने मन आनंदित कर दिया। वही जो खेल के मैदान सूने पड़े हुए थे, उनमें खुशमिजाजी के साथ ढेरों बच्चे खेलते हुए दिखाई दिए। यूपी दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिशन मैदान के तहत तैयार आउटडोर खेल मैदान और इंडोर गेम मिंग जोन में एक साथ व्यापक स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ इसी कड़ी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम ब्लाक लखीमपुर के परिषदीय विद्यालय खेतासा पहुंचकर मिशन मैदान के तहत रोशन हुए ÷खेल मैदान÷ का प्रमुख, क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न खेलो के तैयार खेल मैदान देखे। खो-खो और कबड्डी के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर हाथ मिलाया और परिचय जाना। उन्होंने लूडो, कैरम, चेस सहित छोटे शिशुओं को दुलारते हुए उन्हें खिलाए जा रहे खेलो को देखा। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट पर बच्चों संग बैडमिंटन खेला और बच्चों में खेल के प्रति उत्साह का संचार किया।इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय पीरपुर पहुंचकर रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन का विद्यालय की नन्ही बालिका नैंसी के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। गेमिंग जोन की सौगात प्रकार नौनिहाल खुशी से झूम उठे। बच्चों ने दौड़कर अपनी अपनी कुर्सियों पर स्थान लिया और लूडो, कैरम और के जैसे इंडोर गेम खेलते नजर आए। डीएम के साथ बच्चों ने गेमिंग जोन की दीवार पर टंगे बोर्ड पर निशाना भी लगाया। इस दौरान डीएम ने बच्चों को दुलारते हुए संवाद किया। इस गेमिंग जोन में बच्चों संग खेलकर डीएम ने अपने बचपन को भी याद किया।परिषदीय विद्यालय पीरपुर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रसोईया द्वारा तैयार मिड डे मिल के तहत तैयार तहरी की गुणवत्ता परखी। गुणवत्ता बेहतर मिलने पर उन्होंने रसोइया की सराहना की और उसे प्रशंसा पत्र देने की बात कही। इस दौरान ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय में कराए गए अपने विकास कार्य भी दिखाएं। दिव्यांग शौचालय, रसोई घर सहित अन्य व्यवस्थाएं मिलने पर ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापिका की भी सराहना की।

बताते चलें कि डीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उप्र के स्थापना दिवस पर मिशन मैदान के तहत जिले के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

इन खेल प्रतियोगिताओं में परिषदीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर तालियां बटोरी। इन खेलों के आयोजन से बच्चों मे जोश, उत्साह व उमंग का संचार हुआ। इन सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0स0 329/21 अ0स0 565/19 धारा 323/504/506/325 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया राजू पुत्र गंगाराम नि0 ग्राम गौरिया थाना फरधान सरोज पुत्र गंगाराम नि0 ग्राम गौरिया थाना फरधान।

## करंट लगने से हुई एक युवक की मौके पर मौत



**लखीमपुर-खीरी।** मझगई थाना क्षेत्र के नौगवां में करंट लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। युवक की मौत के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मझगई थाना क्षेत्र के नौगवां निवासी सुनील कुमार खेत से घर लौटा तो देखा कमरे में रखे कपड़ों मे आग लग गई है। बताया जाता है कि कपड़ों में लगी आग बुझाने के चक्कर में बिजली का तार लगने से 36 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र विशेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## गणतंत्र दिवस की परेड को लेकर पुलिस ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड मैदान पर गणतंत्र दिवस की परेड को लेकर पुलिस ने फुल ड्रेस रिहर्सल किया। इस दौरान पुलिस के विभिन्न टुकड़ियों ने अपनी तैयारियों का पूर्वाभ्यास अधिकारियों के सामने किया।एसपी संकल्प शर्मा ने परेड में शामिल पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों, आपात सेवा यूपी-112 की दो पहिया व चार पहिया पुरुष व महिला पीआरवी वाहन, स्वान दल, दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा की जाने वाली रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नवजात बालिकाओं को बांटी बेबी किट

**सहारनपुर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के दस वर्ष पूर्ण होने व राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में आयोजित कन्या जन्मोत्सव बालिकाओं द्वारा केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम मे नवजात बालिकाओं को बेबी किट व बालिकाओं के माता पिता को बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। नागल विकास खंड कार्यालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव को संबोधित करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पांडे ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के योजनाओं के महत्व को बताते हुए महिलाओं व बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन करने के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं उप्र मुख्यमंत्री, बाल सेवा योजना सामान्य, पति की मृत्यु के उपरांत निश्रारित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना व सखी वन स्टॉफसैंटर योजना के बारे में जानकारी दी।

# जंगल के बाहरी हिस्से में मादा गैंडा के पहुंचने की जानकारी मिलते ही वन विभाग में मच गया हड़कंप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व में गैंडा पुनर्वासन योजना फेज वन से स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़े गए तीन में से एक मादा गैंडा विजयश्री रास्ता भटकर जंगल के बाहरी इलाके में पहुंच गई। दिन भर बाहरी हिस्से में भ्रमण करने के बाद शाम को उसकी लोकेशन फिर जंगल में मिली है जंगल के बाहरी हिस्से में मादा गैंडा के पहुंचने की जानकारी मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। वनाधिकारियों ने मादा गैंडे को जंगल में वापस लाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। आनन-फानन कमैहया वन चौकी पर मौजूद दुधवा की प्रशिक्षित मादा हाथी अमृता और टेरेसा को महावतों और वन कर्मियों की टीम के साथ उसे वापस खदेड़ने के लिए भेजा गया। इसके बाद शाम तक विजयश्री जंगल में वापस आ गई दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी डॉ एच राजामोहन ने बताया कि वन कर्मियों की टीम को रेडियो कॉलर के जरिये गैंडे की लोकेशन दक्षिण सोनारीपुर जंगल से सटे गुलरा गांव के आस-पास मिली। कर्मियों की टीम गठित कर उसकी निगरानी के निर्देश दिए गए। बृहस्पतिवार को गैंडे की लोकेशन जंगल के अंदर मिली है। खेत गए किशोर पर बाघ ने किया हमलागोला गोकर्णनाथ के रामनगर बीट के ग्राम सूरजपुर नब्बूपुरवा में वृहस्पतिवार की दोपहर बाघ ने किशोर आदर्श पुत्र सुरेश कुमार कश्यप पर हमला कर दिया। किशोर छप्पर बनाने के लिए फूस काटने गया था। साथियों ने हल्ला मचाया तो बाघ खेतों में भाग गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बता दें कि दो दिन से घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर चंदपुरा में खेतों में लगातार बाघ दिखाई दे रहा है, जिसकी खबर बृहस्पतिवार को अमर उजाला में छपी, लेकिन वन विभाग के किसी अधिकारी ने मौके पर जाना मुनासिब नहीं समझा। बीते मंगलवार की रात नब्बूपुरवा गांव में जयपाल के घर से वन्यजीव पालतू कुत्ता उठा ले गया वहां पर भी सूचना के बाद भी कोई वनकर्मी नहीं पहुंचा।

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने जिले के तीन स्थानों पर छापा मारकर की पड़ताल

**लखीमपुर-खीरी।** बीते दिनों पीलीभीत में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकियों के मारे जाने के बाद से तराई का इलाका सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने चंडीगढ़ में हुए एक हैंड ग्रेनेड हमले के सिलसिले में बुधवार रात लखीमपुर खीरी जिले के तीन स्थानों पर छापा मारकर पड़ताल की। टीम ने एक संदिग्ध के यहां से मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ने कब्जे में ली है। देर रात पहुंची एनआईए टीम ने लखीमपुर सहित भीरा, पलिया में छापा मारकर संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की है। टीम को जांच के दौरान इन्हीं संदिग्धों के पास से कुछ उपकरण मिले हैं। बताया जा रहा है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े ठिकानों पर तलाशी के लिए चल रहे अभियान के तहत टीम यहां पहुंची थी। भीरा में एक ट्रांसपोर्टर के यहां टीम ने पूछताछ की। एसपी संकल्प शर्मा ने भी टीम के आने की पुष्टि की है एनआईए की ओर से कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल गिरोह के सदस्य आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने के लिए भारत स्थित सहयोगियों की भर्ती करने के अलावा उन्हें धन मुहैया कराते हैं। हालांकि लखीमपुर के विभिन्न स्थानों से टीम को क्या हासिल हुआ? इस बारे में ज्यादा जानकारी कोई अधिकारी नहीं दे रहा। पुलिस भी ज्यादा जानकारी न होने की बात कह रही है। पलिया में सीओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि एनआईए के छापे की सूचना उन्हें नहीं है, बाकी भीरा क्षेत्र में अगर टीम पहुंची है तो जानकारी कर आगे उसके बारे में बताया जा सकेगा बीते दिनों पीलीभीत में मारे गए तीनों आतंकी भी पंजाब में पुलिस चौकी पर हैंड ग्रेनेड हमले के आरोपी थे। साथ ही उन्हें पूरनपुर में ठहराने में मदद कराने वाला इंग्लैंड में बैठा आतंकी सिद्धू का बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध है।

## विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम प्रधानों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** नवदृष्टि नवयुग ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले ग्राम प्रधानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जुलूस निकालकर जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक ग्राम प्रधान हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान पर एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनका समाधान कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ग्राम प्रधानों का चरम स्तर पर शोषण किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी के खिलाफ भी ग्राम प्रधान प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन आज तक भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना था कि गांव में विकास कार्यों को लेकर शिकायत के नाम पर ग्राम प्रधानों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं इंजीनियर की जांच होती है, लेकिन उसे जांच में ग्राम प्रधान को ही दोषी ठहरा दिया जाता है, जबकि ग्राम सचिव इंजीनियर की भी दोषी होते हैं।

## सहारनपुर बना प्रयागराज, जनपद में दिखी आस्था तथा संस्कृति से ओतप्रोत भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ की झलक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं दिव्य तथा भव्य महाकुंभ पर आधारित 2500 से अधिक पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया। लखनऊ में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। सुनील कुमार शर्मा ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लाईव पेंटिंग कर रहे प्रतिभागियों से उनके द्वारा उकेरी गई कल्पनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास पर आधारित प्रर्दशनी का बडी उत्सुकता एवं जिज्ञासा से अवलोकन किया।

प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में चर्चित महाकुंभ की थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे बहुत ही प्रतिभाशाली है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो बदमाश दबोचे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को दबोचकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा कर दिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर निर्मित व अर्द्धनिर्मित आठ अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि देवबंद कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर, उपनिरीक्षक संदीप कुमार व नरेन्द्र भडाना के नेतृत्व में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर गांव जटौल तैयबपुर बड़ा के जंगल से दो बदमाशों धनपाल सिंह पुत्र तेल्लू सिंह व दानिश पुत्र फ़रजान निवासीगण ग्राम तैय्यबपुर बडा थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे व निशानदेही पर 3 तमंचे 315 बोर, एक मस्कट, दो तमंचे 12 बोर, एक देशी रिवाल्वर 32 बोर, एक अदबना तमंचा 315 बोर, कारतूस व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर लिये। एसपी ग्रामीण श्री जैन ने बताया कि विगत् दिवस आरोपी आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी मौ.बैरुन कोटला कस्बा व थाना देवबन्द ने पूछताछ में बताया था कि वह बरामद तमंचा ग्राम तैय्यबपुर बडा से लाया था।

# राजनितिक रूप से प्रदेश देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है: विधायक

## कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम्य विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, महिला कल्याण, खादी एवं ग्रामोद्योग, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित कुल 11 विभागों के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

विधायक सिसवा प्रेम सागर पटेल ने कहा कि योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से प्रदेशवासियों को प्रदेश की संस्कृति और इतिहास से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। कहा कि 144 वर्ष पर आने वाला कुंभ प्रदेश के तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। राजनीतिक रूप से यह प्रदेश देश का सबसे अहम प्रदेश है।

विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का आयोजन भाजपा सरकार पूरे धूमधाम से करती है। पिछले वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन घुघली में किया गया था। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सर्वांगीण विकास हो रहा है और उत्तर प्रदेश दिवस पर आयोजित स्टॉल और चित्र प्रदर्शनी उसकी झांकी है। अतिथियों का स्वागत जिलाधिकारी अनुनय झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने किया। कार्यक्रम में पंचायतीराज विभाग के ग्राम पंचायत उदितपुर व बसंतपुर के ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के चिकित्सक डॉ रामनवल, डॉ अरुण कुमार गुप्ता और डॉ अरुण कुमार सिंह सहित राजस्व विभाग के 05 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लेखपालों को सम्मानित किया गया। साथ ही जोनल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले युवा कल्याण विभाग के 05 खिलाड़ियों को भी मंच से प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, पनियरा ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला, परतावल ब्लॉक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख घुघली ओमप्रकाश जयसवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सिविल एयरपोर्ट की लाऊंज को शीघ्र फंक्शनल करवाया जाये: सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आधारभूत जरूरत महानगर की एयर कनेक्टिविटी की स्थिति को लेकर एक बार फिर सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा सामने आई है। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा का कहना है कि पर्यटन




नीति की आधारभूत जरूरत होती है,महानगर या सैलानियों के आकर्षक उपयुक्त स्थल तक पहुंच सहज होना,नगर निगम,जिला पंचायत और ग्राम सभाओं की ढांचागत सुविधाओं के विस्तार और विकास से कमोवेश सुविधाएं सुलभ हो रही हैं।लेकिन आधारभूत जरूरत महानगर की एयर कनेक्टिविटी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका है। सबसे ज्यादा निराशा यात्रियों की सुविधा के लिये एयर फोर्स स्टेशन आगरा के अर्जुन नगर गेट से लगभग 100 मीटर दूरी पर बनकर खडी यात्री लाऊंज (यात्री विश्राम ग्रह) का उपयोग शुरू न हो पाने को लेकर है।

पूरा टूरिस्ट सीजन बीत जाने को है,लेकिन यात्री विश्राम ग्रह शुरू नहीं हो सका।पूर्व मंडलायुक्त श्रीमती ऋतु महेश्वरी ने इसके लिए आदेश दिया था।अब तो उनका स्थानान्तरण भी हो चुका किंतु हवाई यात्रियों के लिये महत्वपूर्ण सेवा शुरू नहीं हो पाना टूरिस्ट ट्रेड के संगठनों सहित आम शहरवासियों के लिए भी चिंता का विषय है। सिविल सोसायटी ऑफ आगरा प्रदेश सरकार के पर्यटन सचिव और नागरिक उड्डयन विभाग से लाऊंज शुरू न हो पाने की जानकारी सार्वजनिक करने की अपेक्षा करती है।

आगरा में नया सिविल एयरपोर्ट धनौली में बनाये जाने का काम शुरू हो गया है किंतु कम से कम तीन साल लगना अनुमानित है, यानी अगले तीन या चार पर्यटन सत्रों में मौजूदा सिविल एन्क्लेव का ही उपयोग किया जाना जारी रहेगा।

**सिविल सोसायटी स्तर से प्रयास**

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा की एयरकनैक्टिविटी नागरिक पहुंच लायक और सुविधाजनक करने को हमेशा सक्रिय रही,एयरपोर्ट लाउंज फंक्शनल न हो पाने को लेकर सक्रिय है और इसके लिये प्रयास कर रही है।

1. सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा की ओर से 24 नवंबर 24 को एयर चीफ मार्शल और रक्षा मंत्री को पत्र लिखा गया है, जिसमें दोनों से अनुरोध किया गया है कि वे इस बात की जांच करें कि 23 दिसंबर 2023 से यात्री लाउंज क्यों नहीं चालू किया गया है।

2. जनवरी, 2025 में पुनः पत्र का रिमाइंडर भेजा गया है।

3.पत्राचार के माध्यम से मंत्रियों के संज्ञान में लाने का प्रयास किया गया है कि यात्रि लाऊंज के लिये रक्षा मंत्रालय द्वारा दिनांक 14-3-22022 को कार्य अनुमति प्रदान की गई थी,जिसके बाद इसका निर्माण शुरू किया गया । भारतीय वायुसेना और एएआई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर 12-12-2022 को सहमति हस्ताक्षर भी हुए।

4.सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा उपलब्ध आधिकारिक जानकारियों के आधार पर कहती है कि यात्री लाउंज और इसकी आवश्यकता पर सिविल एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठकों में विस्तार से चर्चा की गई है। किंतु इनमें से एक भी बैठक में कमेटी के किसी भी सदस्य के द्वारा लाऊज के फंक्शनल करने को लेकर कोई पूछ ताछ या प्रयास नहीं किया गया।

5.अब स्थिति यह है कि लगभग 7 करोड़ की लागत से लाऊंज बन कर खड़ा है,किंतु इसका उपयोग शुरू नहीं हो सका है।यही नहीं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को लीज रेंट के रूप में प्रतिवर्ष 14 लाख रुपए से अधिक का भुगतान और देना पड़ रहा है।

**सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सीधे प्रश्न**

1. भारतीय वायुसेना यात्री लाउंज का संचालन क्यों नहीं कर रही है?

2. एएआई इस मुद्दे पर चुप क्यों है और निर्माण में लगभग 7 करोड़ खर्च करने और किराए के रूप में 14 लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने की स्थिति क्यों बनी ?

3. क्या यह सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला नहीं है ? और इसकी जांच होनी चाहिए ।

4. एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी चुप क्यों है? समिति का अध्यक्ष केंद्र में मंत्री है। उनकी नागर विमानन और रक्षा मंत्री से मुलाकात अत्यंत सहज है,फिर इस समस्या के समाधान में क्यों विलंब हो रहा है। कमेटी के मेंबर खुद देश विदेश में प्रतिवर्ष हवाई यात्रा करते हैं और यात्री सुविधाओं को भली भांति जानते हैं।

## बाईक चोरी करने वाला एक शातिर चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक शातिर वाहन को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक व पुर्जे बरामद कर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ज्ञान कलश स्कूल के पास खाली पड़े प्लाट से एक शातिर नकबजन व वाहन चोर अनवर पुत्र मुनव्वर निवासी ग्राम भाऊपुर थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे व निशानदेही पर 01 चोरी की बाईक, 02 टायर सहित, 04 साइलेन्सर आदि बरामद कर लिये। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अनवर ने बताया कि वह और उसके दोनो बेटे बाईक चोरी करके उनके पुर्जो को खोलकर अलग-अलग बेच देते है, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हो जाता है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## आगरा के मनसुखपुरा में जबरदस्त बवाल, 11 गंभीर रूप से घायल, पुलिस तैनात



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव टोडा में खेत में बकरी घुसने की मामूली बात को लेकर हुए दो पक्षों के बीच झगड़े में 11 लोग घायल हो गए। झगड़े में दोनों ही पक्षों ने एक-दसरे पर लाठी-डंडों से प्रहार किए।

दोनों ही पक्षों के घायलों को सरकारी अस्पता में दाखिल कराया गया है। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। कालीचरन पक्ष का कहना है कि बकरी उनके खेत में घुस गई थी। बहू ने बकरी को भगाने के लिए मिट्टी का डेला मार दिया था। इसी बात पर दूसरे पक्ष ने हमला बोल दिया। उनके पक्ष के चार लोग घायल हुए हैं।

इसके विपरीत जंगजीत पक्ष का कहना है कि उनकी बकरी के खेत में घुसने पर कालीचरन पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे उनके सहित परिवार के सात लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां उपचार के साथ उनका मेडिकल भी कराया जा रहा है।

# यूपी दिवस सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक योगदान और प्रगति को प्रदर्शित करने का दिन : सरिता सिंह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रति वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दिन का महत्व केवल उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य की उपलब्धियों, विकास योजनाओं और समृद्ध विरासत को भी प्रदर्शित करने का है।

## हमारा यूपी हमारी शान में दिखा देश भक्ति का ज़ज्बा

यह बात वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने आज सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में चांदन रोड इंदिरा नगर, लखनऊ स्थित संस्था के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस एवं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित हमारा यूपी हमारी शान कार्यक्रम में कही। उन्होंने आगे बताया कि इसे पहले यूनाइटेड प्रोविंसेस के नाम से जाना जाता था, लेकिन 1950 में इसका नाम बदलकर उत्तर प्रदेश कर दिया गया। 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे औपचारिक रूप से एक विशेष उत्सव के रूप में मनाने की घोषणा की, तब से यह दिन राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक योगदान और प्रगतिशील योजनाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

हमारा यूपी हमारी शान कार्यक्रम में शालिनी, नीतू शर्मा, निशा और शिखा पांडे ने वन्देमातरम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर भारतमाता की महत्ता रेखांकित की। कार्यक्रम के अगले सोपान में नीरज सिंह, उषा तिवारी, अंशु, पूजा पांडे, बीनू, कल्पना, सविता, सीमा राय ने सुनो गौर से दुनियावालों बुरी नजर हम पर न डालो एवं अविरल, अधिरा, दिव्या सिंह, तनिष्का, पीहू पांडे, आद्यया, वासु, गूगल और खुशबू ने हम लोगों को समझ सको तो गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर हृदय में उमड़ रहे देश भक्ति की भावना को प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

## महाकुंभ सनातन संस्कृति का महान पर्व

**अमेठी।** भाजपा नेता और पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू और विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह के साथ शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज पहुंच कर संगम स्नान किया। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का महान पर्व है। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 144साल बाद ऐतिहासिक आयोजन करके दुनिया में सनातन धर्म का परचम लहराया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-RBL-Toi-44-25-1 |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2025 at 12:30 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 259/25

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जोन-1, जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ**

पत्रांक- 1599/EE-1/नि0, दिनांक- 24/01/2025

**(अतिअल्प-कालीन निविदा सूचना)**

जलकल विभाग पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 31/01/2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाये दिनांक 31/01/2025 तक अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 31/01/2025 को उपस्थित निवदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-1 के कार्यालय में खोली जायेगी।

जलकल विभाग जोन-1 के अन्तर्गत महात्मा गाँधी, विक्रमादित्य वार्ड के अन्तर्गत पिपरा घाट में मिनि नलकूप बोरिंग के उपरान्त पुर्नविकास एवं प्री ग्रेविल की अपूर्ति एवं मैकेनिक सम्बन्धी कार्य हेतु धरोहर धनराशि रू0 8500/- निविदा मूल्य रू0 450/-

**अधिशासी अभियन्ता जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ**

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना का प्रथम संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं० | टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक्शन इंस्टालेशन स्ट्रक्चर पर बंदर को चढ़ने से रोकने के लिए मंकी प्रोन एरिया में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिबाइस को लगाने का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹88,99,512/- | बयाना राशि | ₹1,78,000/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 19.02.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। | | |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां **वी** = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में **एन** = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means Supply/Erection or both of anti monkey menace device or anti bird nest device or OHE Number Plate of Bonds or any OHE Work. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। | | |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 दिनांक 22.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 267/2025

**सूचना**

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) बांसी, सिद्धार्थनगर।वाद के निपटारे के लिए सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5 व्य0 प्र0 संहिता 1908) वाद संख्या- 143 सन् 2024 ई0 न्यायालय सिविल जज जू0 डि0स्थान-बांसी जिला सिद्धार्थनगर शाहजहाँ आदि बनाम राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा डीएम सिद्धार्थनगर नाम जंगबहादुर पिता का नाम मुबारक ग्राम भगौतापुर तप्पा चवर परगना पो. बांसी पूरब तहसील बांसी जिला सिद्धार्थनगर वादी शाहजहां आदि आपके विरुद्ध सिविल डेथ के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 24-02-2025 को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे अभिवक्ता प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक अनुदेश दिये गए हो और जो बात से संबधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस बाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 23-1-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा दिया गया है।

**सिविल जज (जू0डि0) बांसी, सिद्धार्थनगर।**


## जनपद में पूर्ण हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन द्वारा 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर नोडल अधिकारियों के दायित्व, कार्य, स्थान एवं क्या और कैसे किया जाना है के विषय में अवगत करा दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह राष्ट्रीय मतदाता दिवस को विधिवत रूप से सफल बनाने के लिए सौंपे गए दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी को किसी कार्य में संदेह हो अथवा उसका कार्य स्पष्ट नहीं हो तो वह राजीव कुमार शर्मा, असस्टेन्ट प्रोफेसर, स्वीप को-ऑर्डिनेटर डी0एस0 डिग्री कालेज, 9457659600 एवं डा0 सपना सिंह, प्रोफेसर, स्वीप कोर्डिनेटर टीकाराम गर्ल्स महाविद्यालय, 9412606111 से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित किया जा सकता है।

## आरएएफ और पुलिस के जवानों ने किया फ्लैगमार्च

**अंबेडकनगर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के शुभ अवसर पर कानून तथा शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर एडिशनल एसपी विशाल पांडे तथा क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार के अनुपालन में पैरा मिलिट्री फोर्स आरएएफ और थाना अकबरपुर पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से पुरानी तहसील तिराहा से शहजादपुर तक पैदल मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आरएएफ के सहायक कमांडेंट अजय कुमार वर्मा व थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे, क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला, सब इंस्पेक्टर शशांक शुक्ला, थाना अकबरपुर की समस्त पुलिस टीम के साथ आगामी त्योहार व 26 जनवरी को देखते हुए पुरानी तहसील से शहजादपुर तक फ्लैग मार्च किया।

## सपा जिला कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर जयंती मनी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित कर्पूरी ठाकुर जयंती के कार्यक्रम में समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कर्पूरी ठाकुर के विचारों और समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा और अरविंद शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार यादव, जिला सचिव अजय कुमार, पंकज, नीरज बाथम एवं आयुष यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 05/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर में एल.एच.बी. एवं अन्य रोलिंग स्टॉक के लिये रखरखाव सुविधाओं के अपग्रेडेशन का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 3,94,84,807.76, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 3,47,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 17-02-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-380

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन |
| 04664 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा जं., बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 08251 | रायगढ़ | 14:00 | वाराणसी जं. | 10:00 | चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | एमजीआर चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गूडूर जं. स्टेशन |
| 05286 | झूँसी | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., ढ़ोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |

**दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला एवं रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04663 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोजपुर कैंट जं. | 16:45 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धूरी जं., बठिण्डा जं., कोट कपूरा जं. एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. के स्टेशन |
| 07702 | आज़मगढ़ | 19:45 | गुंटूर जं. | 09:00 | शाहगंज जं., बनारस, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर, चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 05296 | झूँसी | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., ढ़ोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर | 18:00 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मोईद खान के भक्तों को नहीं, मिल्कीपुर से राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है: सीएम योगी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा है। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है।

**हम सौभाग्यशाली कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा का प्राप्त हो रहा अवसर***

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने परसो (22 जनवरी) को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव कार्य होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड से रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है। जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। डॉ. लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में जो पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। खाली प्लॉट पर कब्जा कर इनके झंडे लग जाते थे। सपा का झंडा अपराधियों व माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति कभी गरीब, कमजोर के प्रति नहीं होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महाकुम्भ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं। 22 जनवरी 2024 को जब प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, समाजवादी पार्टी ने तब भी विरोध किया था। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसके हाथ कारसेवकों के खून से सने हैं। इन लोगों ने कारसेवकों के खून से सरयू मैया को लाल किया था। अयोध्या में राम मंदिर, एयरपोर्ट का नाम वाल्मीकि जी के नाम पर रखने, प्रयागराज महाकुम्भ, संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन, महर्षि वाल्मीकि की साधना स्थली लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर, लखनऊ के बिजली पासी के किले के सुंदरीकरण, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक को भव्य रूप दिया गया, पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई व अवंती बाई के नाम पर गठन की कार्रवाई को बढ़ाया गया तो सपा ने इसका विरोध किया। सपा ने दंगाइयों की काल यूपीपीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। सपा ने कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया, लेकिन हमारी सरकार ने फिर से उसका नाम बाबा साहेब के नाम पर रखा।

**हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव के नाम पर है। इसका उन्नयन किसी से छिपा नहीं है। हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए। सपाई गुलामी की मानसिकता को लेकर चले, लेकिन हम राम-कृष्ण, बाबा विश्वनाथ व सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। आज दुनिया वाले अयोध्या के लोगों को गले लगाते हैं। पीएम मोदी के विजन के कारण यह सम्मान प्राप्त हो रहा है। सपा का बस चलता तो अयोध्या से आपका नाम भी हटा देती। सपा ने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस न कर सके, लेकिन हम लोग कहते थे कि यह हटेगा जरूर। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का निरंतर विकास किया। भाजपा में परिवारवाद व जातिवाद नहीं, सिर्फ राष्ट्रवाद है। भाजपा कार्यकर्ता का सब कुछ देश के लिए है।

**जो जितना बड़ा डकैत व माफिया, सपा में उसे मिलता था उतना बड़ा ओहदा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी-बहन, व्यापारी, नागरिक, दलित, वंचित, किसान की सुरक्षा में खतरा बने सपा के शागिर्द माफिया को जहन्नुम की यात्रा पर भेज दिया गया। पूरे देश में लोग कहते हैं कि यूपी की पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है। यूपी पुलिस के एक इंस्पेक्टर मुठभेड़ में अभी शहीद हुए हैं। हर किसी को सुरक्षा प्रदान करना हमारी सरकार का दायित्व है। सपा सरकार के समय पर्व पर दंगा शुरू हो जाता था। बेटी सड़क पर नहीं निकल सकती थी। गाय और भैंस भी चोरी हो जाती थी। दरअसल जो जितना बड़ा डकैत व माफिया होता था, सपा में उसे उतना बड़ा ओहदा मिलता था। सीएम ने कहा कि आज यूपी दिवस है। 1950 में यूपी के नाम से आज ही के दिन नोटिफिकेशन निकला था। उस समय वाराणसी व रामपुर यूपी से जुड़े थे। यूपी ने आज 75 वर्ष पूरे किए, 76वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं।

# मिल्कीपुर का उपचुनाव तय करेगा 2027 का सफर: महर्षि राम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है ।तमाम स्टार प्रचारकों ने अयोध्या में आकर अपने पांव जमा दिए हैं, इसी क्रम में गोसाईगंज विधानसभा के नेता एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव लाल जी वर्मा के बेहद करीबी महर्षि राम द्विवेदी लाल जी वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में मिल्कीपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। मिल्कीपुर के अंतर्गत पिठला गांव में महिलाओं को समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कामों को गिनाते हुए उपचुनाव में प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में मतदान करने की अपील किया ।महर्षि राम द्विवेदी लगातार समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। महर्षि राम के क्षेत्र में लग जाने से समाजवादी पार्टी को काफी मजबूती मिली है।



## विद्युत विभाग के कर्मी पर लगे आरोप, निलंबन की कार्रवाई

**अयोध्या।** विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या के एक कर्मचारी दिनेश कुमार टी0 जी0 2 वि0 को विद्युत मीटर की जांच के दौरान आर्थिक हानि पहुंचाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अधीक्षण अभियन्ता राम कुमार द्वारा की गई, जिन्होंने उन्हें प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। घटना के अनुसार, उपभोक्ता श्रीमती यशोदा वर्मा की विद्युत खाता संख्या-8159677176 के मीटर संख्या-3390844 की जांच के दौरान दिनेश कुमार द्वारा गंभीर गड़बड़ी की गई। मीटर का डिस्प्ले काम नहीं कर रहा था, और उपभोक्ता से गलत तरीके से मीटर बदलने की कोशिश की गई। आरोप है कि दिनेश कुमार ने मीटर की चिप को बदलने की कोशिश की और पुराने मीटर की प्लेट को खुरच कर साफ किया, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ।इसके अतिरिक्त, दिनेश कुमार द्वारा 19.12.2024 को एक पुराने मीटर की रीडिंग को अपठनीय दर्शाने का भी आरोप है, जिससे मीटर की वास्तविक स्थिति छिपाने का प्रयास किया गया।

## मेडिकल कैंप में 95 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।कैंप में 52 बालिका तथा 43 बालकों समेत कुल 95 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार ने बच्चों को 4 डी अर्थात बच्चों को डिफेक्ट एट बर्थ,डिफिशिएंसी,डिजीज, डेवलपमेंट डिले व डिसेबिलिटी से संबंधित बीमारियों के साथ साथ अन्य बीमारियों का परीक्षण करते हुए बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी दिया। कैंप में एनीमिया व अन्य बीमारियों से ग्रसित आधा दर्जन से अधिक बच्चों को निशुल्क दवाई भी वितरित की गई। कैंप में सभी बच्चों की बीएमआई गणना के लिए वजन और लंबाई की माप भी लिया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी,कुमारी छाया,प्रतिमा रानी श्रीवास्तव,वंदना श्रीवास्तव,छाया अग्रवाल,वकार अहमद,राजकुमार समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## शव बरामद होने के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**कुमारगंज -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के प्रकरण में कुमारगंज पुलिस के जांच की रफ्तार चार दिन बाद भी सुस्त पड़ी है। कुमारगंज पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का ही इंतजार है। हालांकि गांव सहित क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है। बताते चलें कि तेन्धा गांव निवासी जगदम्बा प्रसाद कोरी जो कि प्राइवेट लाइनमैन का काम करता था बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गया था और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। 1 सप्ताह बाद बीते मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे जगदंबा प्रसाद कोरी का शव ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ा देखा था और पुलिस को सूचना दी थी।

# शीतकालीन अवकाश के बाद बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** शीतकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार को जब नौनिहाल नए वर्ष में पहली बार विद्यालय पंहुचे तो बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। 31 दिसम्बर से ही कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में अवकाश चल रहा था। नवाचारी शिक्षक वरेश कुमार ने कहा कि शीतकालीन अवकाश के चलते विद्यालय बंद था जिसके चलते छात्राओं के साथ नव वर्ष सेलिब्रेट करने का मौका नहीं मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरवा कम्पोजिट, पनियरा, महराजगंज के छात्र-छात्राओं के स्कूल पहुंचने पर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा शिक्षक वरेश कुमार ने स्वयं द्वारा निर्मित क्राफ्ट बैग, टॉफी-बिस्किट, गुब्बारे भेंट देते हुए बच्चों से कहा आपका विद्यालय में वापस स्वागत है! आशा है कि आपका अवकाश बहुत बढ़िया रहा होगा। आप मुस्कराते रहें हमें खुशी है कि आप यहाँ हैं।



छुट्टियों में बच्चों ने अपने माता पिता के साथ क्वालिटी टाइम बिताया जिसे आज बारी बारी से उन्होंने शिक्षक के साथ साझा किया। शिक्षक द्वारा नए वर्ष पर इस तरह का स्वागत व गिफ्ट पाकर बच्चे बहुत खुश व उत्साहित थे। स्वागत समारोह में सभी कक्षाओं के मॉनीटर आयुष, शिवानी, राजाबाबू, सपना, अमित, अंशिका, आलोक, कृषा, उजाला, पायल आदि का सहयोग रहा।

## एमबीबीएस में चयनित हो जीशान ने बढ़ाया मान

**अयोध्या।** सोहावल तहसील के अरकुना चौराहा निवासी मोहम्मद जीशान ने एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। क्षेत्र के मशहूर चिकित्सक डॉ मोहम्मद अंसार खान के पुत्र मोहम्मद जीशान ने कड़ी मेहनत के बल पर यह सफलता अर्जित किया है। मो ज़ीशान खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया है। इस मौके पर जीशान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास से ही सफलता मिलती है, उन्होंने युवाओं और छात्रों को कहा कि जब तक सफलता न मिले तब तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत करते रहें। मेधावी छात्र मोहम्मद जीशान की सफलता पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ मोहम्मद अंसार खान,मास्टर मो रिज़वान,आशिक़ अली,मौलाना निसामुद्दीन,सतीश कुमार गुप्ता,संजय कुमार गुप्ता समेत कई अन्य शामिल रहे।

## स्व गोरी यादव की तेरहवीं में शामिल हुवे प्रदेश अध्यक्ष, दी श्रद्धाजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्व गौरी यादव बहुत ही जुझारू और जमीन से जुड़ी संघर्षशील महिला थी। उनकी असमय हुयी मौत से कांग्रेस पार्टी को बड़ी क्षति हुयी है, उनकी कमी कांग्रेस संगठन को हमेशा खलती रहेगी। कांग्रेस परिवार उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है, मै उनके बेटे अनुराग यादव से अनुरोध करूंगा की वह आगे बढ़कर अपनी स्वर्गीय मां के सपनों को पूरा करे और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में अपना पूरा सहयोग दे। स्वर्गीय गौरी यादव के सपनों को हम कांग्रेसजन पूरा कर सकें यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उक्त शोक संवेदना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने आज कांग्रेस पार्टी की दिवगंत नेता जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी यादव के ग्राम मौथरी में कार्यक्रम स्थल एसडीई एकेडमी पर सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया तथा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के साथ उनके तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर



विद्यालय परिसर में उनकी याद में पेड़ लगाकर तथा उनके बेटे अनुराग यादव उर्फ अन्नू को पगड़ी बांधकर साम्प्रदायिकता से लड़ने तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती पहुंचाने की जिम्मेदारी देते हुये व्यक्त की। दिवंगत कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी यादव की तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, पूर्व राज्यसभा सदस्य आनन्द प्रकाश गौतम, प्रदेश सचिव आदर्श पटेल, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अमरनाथ मिश्रा, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, केसी श्रीवास्तव, वीरेन्द्र प्रताप यादव, अजय रावत, राम हरख रावत, अनिरूद्ध सिंह, फरीद अहमद, सना चौधरी, सोनम वैश्य, धनन्जय सिंह, फरहान वारसी, जयन्त गौतम, अरविन्द सिंह, गोपी कनौजिया, शुभम मिश्रा, आनन्द रावत, सहित दर्जनों कांग्रेसजन थे।

# संजय विद्या मंदिर को मिलेंगे तीरंदाजी एवं निशानेबाजी प्रशिक्षण के उपकरण: जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** विद्या भारती द्वारा संचालित संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रेरणा कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है जो गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में स्थापित वर्नाक्युलर स्कूल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संपूर्ण देश से 20 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था, जिसमें शाहजहांपुर के संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कक्षा 11 की छात्रा सगुन सिंह ने प्रतिभाग किया तथा संपूर्ण उत्तरप्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया।इसी उपलक्ष्य में सुभाष जयंती पर विद्यालय में प्रेरणा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी महोदय धर्मेंद्र प्रताप




सिंह तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत द्वारा हुआ जिसमें जिलाधिकारी ने शगुन सिंह द्वारा बनाई पेंटिंग तथा यूपी दिवस के सेल्फी प्वाइंट का अनावरण किया।

जिसके पश्चात् उन्होंने वंदना कक्ष में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम् शहीदों पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही विद्यालय के छात्रों ने विवेकानंद एवम् सुभाष चंद्र बोस का स्वरूप लेकर छात्रों में देशप्रेम की लहर जागृत की।तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय द्वारा उपस्थित सम्मानित अतिथियों के समक्ष प्रेरणा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई जिसके पश्चात् उपस्थित अतिथियों ने शगुन सिंह एवम् उनकी अभिभावक शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव को सम्मानित किया।शगुन सिंह तथा प्रियंका श्रीवास्तव ने अतिथियों के समक्ष अपने अनुभव प्रस्तुत कर ,प्रेरणा का वास्तविक उद्देश्य सबके समक्ष रखा। जिलाधिकारी द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर वैदिक गणित एवं भारोत्तोलन में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को स्वयं के सांस्कृतिक विकास के लिए प्रेरित कर बताया कि संजय विद्या मंदिर जिले का एक मात्र विद्यालय है जो छात्रों में संस्कार पक्ष को विकसित करने के साथ साथ प्रत्येक वर्ष जिले को नया मेधावी प्रदान करता है।तत्पश्चात् जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति पर अधिक बल दिया तथा बताया कि भविष्य में हमें ऐसे नागरिक बनना चाहिए जो नारी का सम्मान करे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक छात्र को शिक्षा के साथ- साथ कोई अन्य कौशल भी सीखना चाहिए, इससे उसके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी महोदय ने विद्यालय के अनुशासित वातावरण की सराहना करते हुए विद्यालय में तीरंदाजी एवम् निशानेबाजी प्रशिक्षण हेतु उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया।

## सिग्निफाई ने महाकुंभ प्रयागराज में लाखों श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक यात्रा का मार्ग रोशन किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भव्य स्तर के आध्यात्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। इस साल इस विशाल धार्मिक समागम में 45 करोड़ लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। महाकुंभ 2025 के इस आध्यात्मिक सफर में लाइटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई अपने इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधानों द्वारा श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव बेहतर बना रही है। अपने इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने विमान मंडपम, शास्त्री ब्रिज को रोशन किया है, तथा कुंभ मेला ग्राउंड्स में सोलर लाइटें लगाई हैं।


गिरीश के चावला, हेड, प्रोफेशनल बिज़नेस, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''हम अपने ब्राइटर लाइव्स, बेटर वर्ल्ड के लक्ष्य के अनुरूप भारत में सबसे बड़ी हिंदू तीर्थयात्राओं में से एक, महाकुंभ 2025 में सस्टेनेबल लाइटिंग समाधान प्रदान करके गर्व महसूस कर रहे हैं। यूपी सरकार, प्रयागराज मेला प्रशासन, यूपीएसटीडीसी, यूपीपीसीएल और यूपी टूरिज़्म द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम सराहनीय है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबल लाइटिंग एक रोशन और हरित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। महाकुंभ में हमारे प्रयास हमारे इसी विश्वास को प्रमाणित करते हैं। इनसे प्रदर्शित होता है कि इनोवेटिव लाइटिंग समाधान किस प्रकार पर्यावरण के संरक्षण को प्रोत्साहित करते हुए भव्य आयोजनों में अपना योगदान दे सकते हैं।

## रोजगार मेले में 265 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया 165 लोगो को मिला रोजगार

*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** ब्लॉक परिसर पर शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में 265 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। आठ विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 165 बेरोजगार युवकों को रोजगार के लिए चयनित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत थे।

बीडीओ सिद्धौर पूजा गुप्ता ने बताया कि उप्र दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत शुक्रवार को उप्र कौशल विकास मिशन, जिला सेवा योजना कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्र के 96 ग्राम पंचायतों से 265 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में आठ निजी क्षेत्र की कंपनियां एनजेडी एंटरप्राइजेज, सिस्का इलेक्ट्रिकल्स एंड मैनेजमेंट इंटर प्राइजेज, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड, बुसा नेचुरल, एलएनजे स्किल एंड टेक्नोलॉजी, नारायन सिक्योरिटी एजेंसी, सुजलान एनर्जी एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड आदि चयनकर्ताओं द्वारा 165 बेरोजगार युवकों को रोजगार के लिए चयनित किया। इस मौके पर राजकीय प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान बनीकोड़र प्रधानाचार्या सुनील कुमार सिंह, सेवा योजना अनुदेशक सुग्रीव चंद्रा समेत अखिलेश वर्मा, प्रीतम सिंह, आशुतोष यादव, कृष्ण कुमार तिवारी व अंजेश शुक्ला आदि मौजूद थे।




## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान चलाया



**बाराबंकी।** मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच एन चौधरी ने इस अवसर पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शपथ ग्रहण कराया एवं कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार पटवा ने बताया कि हमें हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए और हम सभी को दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। देश का नागरिक होने के नाते हम सभी का दायित्व बनता है कि हम वाहन को चलते समय नियमों का पालन करें। संगोष्ठी के बाद एक रैली निकालकर महाविद्यालय के पास चौराहे पर छात्रों की टोली बनाकर जन मानस को जागरूक किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह कराकर छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता मानसी शर्मा, रूपेश साहू, अरविंद वरिष्ठ स्वयंसेवक अमीषा, निदा, अंशिका, अदिति भार्गव, प्रिंसी सहित महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ता गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वर्तमान समय में बालिकाओं की शिक्षा अति आवश्यक: उर्मिला सक्सेना



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र शाहजहांपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन आकांक्षा पब्लिक इंटर कॉलेज में बालिकाओं की शिक्षा की वर्तमान स्थिति विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा सेव गर्ल चाइल्ड पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की प्रबंधक उर्मिला सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विधिवत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया।चित्रकला प्रतियोगिता रीना मिश्रा व निबंध प्रतियोगिता राम कुमार के निर्देशन में कराई गई। चित्रकला प्रतियोगिता में यशस्वी शर्मा ने प्रथम ,वंशिका शर्मा ने द्वितीय तथा काव्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में आराध्या भारद्वाज ने प्रथम, सुखदेव मौर्य ने द्वितीय तथा तुमसरन कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इन सभी पुरस्कार विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें सभी बच्चों को एक स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को यह संदेश दिया कि वर्तमान समय में बालिकाओं की शिक्षा अति आवश्यक है क्योंकि यदि एक बालिका शिक्षित होगी तो पूरा समाज और पूरा राष्ट्र शिक्षित होगा।

# स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण हेतु आयोजित सेमिनार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास भवन के अम्बेडकर सभागार में शुक्रवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयकर अधिकारी टीडीएस फैजाबाद श्रीमती ममता केसवानी द्वारा जनपद के आहरण एवं वितरण अधिकारियों के साथ स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण के विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में स्रोत पर आयकर कटौती तथा कर कटौती के बाद उसका उचित समय में आयकर विभाग केंद्र सरकार के खाते में जमा करने, त्रैमासिक ई-फाइलिंग सही समय पर करने तथा अनुचित रिफंड लेने पर होने वाली कार्यवाहियों के बारे में बताया गया। सेमिनार में आयकर निरीक्षक सचिन पटेल तथा कार्यालय अधीक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा ने आहरण एवं वितरण अधिकारियों के टीडीएस कटौती हेतु जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई तथा उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों व समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। बैठक में एसडीएम न्यायिक श्रीमती प्रियंका चौधरी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, एआरटीओ, मत्स्य अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा अन्य विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) पोर्टल का शुभारम्भ एवं उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024-25 का वितरण राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण लोहिया कलाभवन में दिखाया गया। इसके पश्चात लोहिया कलाभवन में विधायक जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में द्वीप प्रज्ज्वलित कर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनप्रतिनिधिगण को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। शिवपति इन्टर कालेज शोहरतगढ़ द्वारा सरस्वती बन्दना, स्वागत गीत कपिलवस्तु गीत एवं राजकीय कन्या इन्टर कालेज की छात्राओं द्वारा बाल विवाह पर नाटक प्रस्तुत किया गया। विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है। उप्र सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है। आज देश में बदलाव आ रहा है बेटिया किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नहीं है। भारत सरकार/ प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है। कन्याओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुमगला कन्या योजना लागू की गयी है। सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब को पक्का घर देने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को विभिन्न योजनाओ से वंचित लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री जी द्वारा टाटा से टाइअप कर युवाओं में कौशल विकास किया जा रहा है। जिससे वह उद्योग स्थापित कर आय में वृद्धि करे एवं अन्य को रोजगार देकर लाभान्वित करेंगे। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि उप्र राज्य स्थापना दिवस आज हम तथागत गौतम बुद्ध की धरती पर मना रहे है।

हमारी बेटियां देश की भविष्य हैं। भारत सरकार/ प्रदेश सरकार द्वारा बृहद स्तर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी द्वारा समाज के सभी वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ-साथ देश / प्रदेश को भी मजबूत कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका अभिवादन कर आभार प्रकट किया तथा साथ ही साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी एवं एफपीओ, स्वास्थ्य विभाग आशा, ए.एन.एम. खादी ग्रामोद्योग विभाग ग्राम प्रधान व उद्यमी, युवा कल्याण विभाग की कड्डी प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता को अतिथियों द्वारा संकेतक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र दिया गया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि प्रिन्स, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गंगाधर दूबे, लीडबैंक अधिकारी आरके सिन्हा, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह, सूचना अधिकारी / कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अध्यापकों आदि की उपस्थिति रही।

# पीएमएसएमए में 116 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप



अवधनामा संवाददाता

**सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक ने गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 116 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में जांच के दौरान 62 गर्भवती महिला को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड व 7 गर्भवती महिलाओं में खून की कमी पाए जाने के कारण आयरन सुक्रोज की डोज दी गई,वहीं अन्य 28 उच्च जोखिम वाले महिलाओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सीय इलाज किया गया।डॉ शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि उच्च जोखिम होने का मुख्य कारण उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि होता है। अधीक्षक ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है । इस दौरान डा. सिद्धार्थ, डॉ श्रेया, डॉ सवीहा, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, कु. वर्षा सागर, रेखा पांडे, कृष्ण गोपाल पांडे, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि आदि शामिल रहें।

# तालाब का सौन्दर्गीकरण एवं गुलाब वाटिका का लाकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राजकीय उद्यान नौगढ़, सिद्धार्थनगर में तालाब का सौन्दर्गीकरण एवं गुलाब वाटिका का लाकार्पण माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की परीक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसौनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री खुशबू पुत्री हरीशचन्द्र एवं राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री रोशनी पुत्री रमापति द्वारा लोकार्पण किया गया।

वर्तमान सुश्री खुशबू पुत्री श्री हरीशचन्द्र वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू इन्टर कालेज नौगढ़ में कक्षा 11 की छात्रा है तथा सुश्री रोशनी पुत्री रमापति राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में कक्षा 11 की छात्रा है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा दोनो लडकियों को बुके देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि राजकीय उद्यान नौगढ़ में तालाब का सौन्दर्याकरण एवं गुलाब वाटिका का लाकार्पण हुआ है। इससे यहां पर आने वाले लोगो को अच्छा अनुभवन होगा। इसके साथ ही यहां पर साफ-सफाई व्यवस्था रखना हम सभी लोगो की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इन्टर कालेज दयाशंकर यादव उद्यान निरीक्षक सन्दीप वर्मा, प्रधानाचार्य जवाहर लाल नेहरू इन्टर कालेज नौगढ़ आशीष कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**गति सीमा का पालन करो सदा, ओवरस्पीड से बचो, थोड़ा धीरे चलो**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र एवं MY BHARAT के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम ब्लॉक बांसी के ग्राम पंचायत जानिया जोत में सम्पन्न हुआ।

सड़क सुरक्षा का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली चोटों और मौतों को कम करना है। सड़क सुरक्षा के लिए ज़रूरी है कि लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सड़क पर सावधानी से चलें। रोटी कपडा और मकान के बाद सड़क पानी और बिजली का ही नम्बर आता है। अच्छी सड़कें विकास की निशानी होती है। सड़क न होती तो एक दिन का काम एक महीने में भी न होता अर्थात सड़क की वजह से विकास तेज हुआ और हो रहा है। इस दौरान विराट सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख मनोज यादव, ग्राम प्रधान रमेश चौधरी, प्रमोद यादव, दीपक, रामकरन, जयप्रकाश, रमजान, अकबर, अभिनंदन, प्रेम सागर, तनु यादव, निशा, काजल, ज्योति, मोनी आदि की मौजूदगी रही।

# बरसाती यादव इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पथरदेईया स्थित बरसाती यादव इंटरमीडिएट कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला को छात्रों ने भरपूर उत्साह के साथ लिया। कार्यक्रम में ढेबरुआ थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

थानाध्यक्ष सिंह ने छात्रों को साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते खतरों से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा, आजकल साइबर अपराधी बेहद चालाक हो गए हैं। वे नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। ओटीपी, यूपीआई पिन और कार्ड की जानकारी किसी भी हाल में किसी के साथ साझा न करें। अगर आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आए तो तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षक को बताएं। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल आरती मिश्रा ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर अजनबियों से सावधान रहें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक राममूरत यादव ने कहा, हमारे स्कूल में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है ताकि छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा सके। आज का डिजिटल युग कई खतरों से भरा है और हमें अपने बच्चों को इन खतरों से बचाने के लिए जागरूक करना बहुत जरूरी है। कार्यशाला के अंत में, छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया।

12वीं कक्षा का छात्र, शिवम अग्रहरि ने कहा, ÷यह कार्यशाला मेरे लिए बहुत उपयोगी रही। अब मैं साइबर अपराधों से बचाव के लिए अधिक सतर्क रहूंगा। बरसाती यादव इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित इस कार्यशाला ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद है कि छात्र इस ज्ञान का उपयोग करके खुद को और अपने परिवार को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखेंगे। साइबर धोखाधड़ी जागरूकता पाठशाला कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण माधव पाण्डेय, कल्पना पाण्डेय, हरीशचंद्र यादव, विशाल पाण्डेय, राधेश्याम यादव, गिरधारी लाल चौधरी, भास्कर शुक्ल, शुभम गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं काफी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे। सब इंस्पेक्टर रामजी यादव, कांस्टेबल पंचम यादव, अवनीश कुमार सिंह, अजीत यादव, भानु प्रताप सिंह, महिला कांस्टेबल, आरती मिश्रा, आदि उपस्थित रहीं।

**प्रभारी मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

# योजनाओं का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** मंत्री, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण मामले, उ.प्र./जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य जिले की वर्तमान विकास स्थिति की समीक्षा करना और आगामी योजनाओं पर चर्चा करना था, ताकि जिले के नागरिको को बेहतर सेवाए और सुविधाए मिल सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने चल रही योजनाओं, बजट आवंटन और कार्यो के प्रगति के बारे में जानकारी दी।

मा. मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेंगी। उन्होने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता नागरिको के जीवनस्तर को सुधारना है और इसके लिए सभी योजनाओं को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। उन्होने अधिकारियों से अपेक्षाए जाताई कि अपने जिम्मेदारी को समझते हुए कार्यो में तेजी लाये ताकि विकास कार्यो का सही लाभ जनता तक पहुॅच सकें। बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी द्वारा संतोषजनक जवाब ना दिये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा लघु सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, गन्ना, वन, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग तथा चौराहो पर जाम व जर्जर सड़क की समस्या का मुद्दा उठाया गया। मा. मंत्री ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए समस्या से निजात दिलाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों को देना सुनिश्चित करें।

## डीएम की मौजूदगी में निकली राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनपद स्तरीय रैली



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनपद शुक्रवार को जनपद स्तरीय रैली को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा छोटी बालिका नम्रता, उजाला द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बेटी को पैदा होने दीजिए सम्भावनाओं को पंख दीजिए। बेटी है खिलखिलाता फूल, न करो भ्रूण लिग जाच की भूल। का नारा लगाते हुए रैली निकाली गई। डीएम ने बताया कि आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति भ्रूण लिग जाच के कार्य में लिप्त है तो वाट्सएप न0-8005192696 पर सूचना दे। आप भी जागरूक नागरिक का काम करे और बेटी बचाओ के महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रशान्त मौर्या, समीर सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनडीपीएस के तहत आरोपियों को तीन वर्ष की सज़ा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय एएसजे/एफटीसी-II/विशेष NDPS एक्ट, जनपद अम्बेडकरनगर ने मु0अ0सं0 203/2023, धारा-8/20 NDPS एक्ट के तहत आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। थाना सम्मनपुर में दर्ज इस मुकदमे के आरोपी अशोक यादव (पुत्र श्रीराम यादव, निवासी रुकुनुद्दीनपुर) और उमाशंकर (पुत्र बिरजू, निवासी परस कटुई) को अदालत ने तीन-तीन साल के सश्रम कारावास और 30,000-30,000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया। पुलिस ने मामले की गहन विवेचना करते हुए ठोस साक्ष्य और प्रभावी पैरवी के आधार पर आरोपियों को दोषी सिद्ध किया। इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि अम्बेडकरनगर पुलिस अपराधों की रोकथाम और न्यायिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के इस कदम को जनता ने सराहा और इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल का किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर आज पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा गणतंत्र दिवस परेड-2025 की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परेड की तैयारियों, अनुशासन और आयोजन की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परेड की सटीकता, समन्वय और अनुशासन पर विशेष जोर दिया ताकि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य और निर्विघ्न तरीके से संपन्न हो सके। परेड में पुलिस बल,महिला प्रबला दस्ता और अन्य टुकड़ियों ने अनुशासित और शानदार प्रदर्शन किया। श्री केशव कुमार ने सभी प्रतिभागियों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना भी प्रबल करते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। रिहर्सल के दौरान सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय(पश्चिमी), क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## समाजवादियों ने किया जन नायक कर्पूरी ठाकुर को नमन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सादगी और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत कर राजनीति में जन नायक बने कर्पूरी ठाकुर को उनके जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को याद किया गया। सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष जावेद पिंडारी के अध्यक्षता में याद किया गया। सपा कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण के बाद रुधौली विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी जी ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी राजनीति में हमेशा अजेय ही रहे, वे कभी चुनाव नहीं हारे, एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री पद को शोभित हुए। उसके बाद अधिकतर समय उन्होंने विरोधी दल के नेता की भी भूमिका निभाई। कर्पूरी ठाकुर की ईमानदारी को इस बात से समझा जा सकता है कि जब उनका निधन हुआ तो उनके बैंक खाते में पांच सौ रुपए भी नहीं बचे थे वहीं जायदाद के नाम पर केवल एक खपरैल का पुराना मकान था। युवा पीढ़ी को देश के ऐसे समर्पित नेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिये। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक कवीन्द्र चौधरी अतुल, समाजवादी चिंतक चन्द्र भूषण मिश्रा, मो स्वाले, दया शंकर मिश्रा डॉ देवेंद्र श्रीवास्तव ,अरविन्द सोनकर, जमील अहमद, संजय गौतम मो. सलीम आदि ने कर्पूरी ठाकुर को नमन करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने बेटे को पत्र लिखकर सलाह दे दी थी कि वो इस बात से बिल्कुल प्रभावित ना हो कि उनके पिता मुख्यमंत्री बन गए हैं।



# नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में समेकित शिक्षक के तहत दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में स्पेशल एजुकेटर्स एवं प्रशिक्षक राकेश चौधरी ने बच्चों में कुल 21 प्रकार के दिव्यांग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

दूसरे प्रशिक्षक एवं स्पेशल एजुकेटर्स डॉ0 खुर्शीद आलम ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है, तथा दूसरे बच्चे से भिन्न होता है।यह प्रशिक्षण सामान्य बच्चों की भांति दिव्यांग बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की विधि पर केन्द्रित है। तीसरे प्रशिक्षक एवं स्पेशल एजुकेटर्स सतीश चन्द्र ने बताया कि अपने सेवित ग्राम में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय में नामांकन कराने का सभी शिक्षकों को सुझाव दिया। विद्यालय में नामांकित बच्चों का ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने और उन्हें आवश्यकता के अनुसार उपकरण आदि मुहैया कराया जाता है। इसलिए दिव्यांग बच्चों को विद्यालय में नामांकित कर उन्हें समाज में उपयोगी नागरिक बनाने का कार्य करें। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण में बताई गई विधा का विद्यालय में क्रियान्वयन करके दिव्यांग बच्चों शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करें, तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और सहायता मानवीय आधार पर सबसे बड़ा पुनीत कार्य है, हमें दिव्यांग बच्चों के प्रति हर प्रकार से सहानुभूति रखनी चाहिए। और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर एक शिक्षित नागरिक बनाने का कार्य करना चाहिए, तभी शासन की मंशा फलीभूति होगी।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से अब्दुल अज़ीज़, महेश कुमार, शब्बीर अनवर अंसारी, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, मोहिउद्दीन, सालिक राम चौधरी, जुबैर अहमद उस्मानी, पीयूष कुमार, मोहम्मद आजाद, फौजिया नाज़, आरती सिंह, रुचि त्यागी वंदना सिंह, दीपिका, हबीबा अज़ीज़ उमा मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## किसे कहेंगे घुसपैठिया?

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान अस्पताल से घर लौट आए हैं। राजनेताओं की भाषा के मुताबिक, सैफ 'टनाटन' और बिल्कुल स्वस्थ नजर आ रहे हैं। हमले के मात्र पांच दिन बाद ही सैफ बिल्कुल ठीक हो गए, उनके गहरे जख्म भी भर गए, वाह! चमत्कार हो गया। यही हमारी राजनीति की भाषा है। हमारे नेताओं के ऐसे वाहियात और बेमानी विश्लेषण हैं कि वे सैफ पर जानलेवा हमले और बांग्लादेशी अभियुक्त को लेकर सवाल कर रहे हैं। बहरहाल हम इस मुद्दे को यहीं छोड़ते हैं, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियों को सम्यक जांच करने की पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। यह नेताओं के संदेहों और सवालों का क्षेत्र भी नहीं है। हमारा बुनियादी सरोकार यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा एकदम 'राष्ट्रीय' बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। सैफ के हमले ने यह मुद्दा एक बार फिर गरमा दिया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गए हैं। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे 'प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज' योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं। कानूनन वे 'भारतीय' हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं।

ऐसे में किसे 'घुसपैठिया' करार देंगे और किस पर 'अवैध प्रवासी' का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं। अधिकतर सीमाएं खुली हैं। हालांकि करीब 77 फीसदी सीमा पर बाड़बंदी का काम किया जा चुका है, लेकिन दोनों देशों के बीच कुछ सीमा-विवाद हैं, कुछ इलाके नदियों से सटे हुए हैं, जहां फेंसिंग नहीं की जा सकती। इन इलाकों के लोग भी बाड़ का विरोध करते रहे हैं। लिहाजा बांग्लादेश से त्रिपुरा, असम, बंगाल के जरिए लोग आते-जाते रहे हैं। पकड़े जाने पर वे खुद को असम, त्रिपुरा के निवासी बताते हैं। दस्तावेज भी होते हैं, तो प्रशासन और पुलिस उन्हें हिरासत में कैसे रख सकते हैं? हमारे देश में ऐसे भी गिरोह सक्रिय हैं, जो फर्जी कार्ड और दस्तावेज बनवा देते हैं। यह भी नए किस्म का भ्रष्टाचार और देशद्रोह है। चूंकि सैफ अली खान वीआईपी शख्स हैं, लिहाजा उनके घर में घुसने और हमला करने का यह मामला सुर्खियों में आ गया। अभी तक की जांच में बांग्लादेशी घुसपैठिए को ही 'हमलावर' माना जा रहा है, लिहाजा यह मुद्दा नए सिरे से 'राष्ट्रीय' बन गया। आरएसएस इस मुद्दे को दशकों से उठाता रहा है। संघ के आकलन भी सामने आते रहे हैं कि देश में 2 करोड़ से ज्यादा बांग्लादेशी अवैध रूप से घुस चुके हैं और 'नकली भारतीय' बनकर रह रहे हैं। ऐसे घुसपैठियों में आतंकवादी और तस्करों के एजेंट भी पाए गए हैं। गिरफ्तारी होती है, जांच होती है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष शून्य रहा है। बीते 11 साल से केंद्र में मोदी सरकार है, जो चेतना से संघवादी है। इस मुद्दे पर खूब राजनीति भी होती रही है। अब दिल्ली चुनाव में भाजपा के आरोप हैं कि केजरीवाल की पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के दस्तावेज बनवा रही है और उन्हें दिल्ली में ही बसा रही है, ताकि वे 'आप' के ही वोटर बने रहें। बेशक यह भी गंभीर जांच का विषय है। अब देखते हैं कि यह मुद्दा 'राष्ट्रीय फोकस' में आने के बाद किस अंजाम तक पहुंचता है?

## निराशा से बढ़कर कोई शत्रु नहीं

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए।


संजीव ठाकुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं।**

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा


ललित गर्ग

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**



भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।

इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं।

# सामूहिक भागीदारी से स्लम बस्तियों का विकास संभव

**राधा बताती हैं कि महिलाओं में खून की कमी किशोरावस्था से शुरू हो जाती है। परिवार में खाने वाले सदस्यों की संख्या अधिक और कमाने वाले हाथ की संख्या कम होने की वजह से किसी को भी पौष्टिक आहार का उपलब्ध होना मुमकिन नहीं है। लोगों के पास पर्याप्त रोजगार नहीं होने के कारण उनकी आय सीमित है। जिससे बहुत मुश्किल से परिवार का भरण पोषण संभव हो पाता है। ऐसे में इसकी सबसे पहली शिकार घर की महिलाएं और किशोरियां होती हैं।**


मीना गुर्जर

देश के सभी नागरिकों को एक समान बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारें प्रयासरत रहती हैं और योजनाएं संचालित करती हैं। लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे इलाके हैं जहां लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए भी संघर्ष करनी पड़ती है। यह कमियां केवल दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं होती हैं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में आबाद स्लम बस्तियों की स्थिति भी ऐसी है। जहां रोज़गार का अभाव, बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच से दूर, पीने का साफ़ पानी और बेहतर सड़क सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की कमियां रहती हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित बाबा रामदेव नगर स्लम बस्ती उन्हीं वंचित वर्गों को दर्शाती है जो सामाजिक न्याय और बुनियादी सुविधाओं से लगातार वंचित हैं।

यहां रहने वाले परिवार मजदूर वर्ग और न्यूनतम आय की श्रेणी में आते हैं जो दिन में दो वक़्त की रोटी कमाने के लिए भी प्रतिदिन संघर्ष करते हैं। लेकिन उनके जीवन की मुश्किलें सिर्फ़ गरीबी तक सीमित नहीं है। झुग्गियों में रहने वाले लोग विशेषकर महिलाएं और किशोरियां अक्सर अपने अधिकारों के लिए भी संघर्ष करती हैं। उन्हें न तो बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल पाता है और न ही आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध हो पाते हैं। इस बस्ती में रहने वाली 55 वर्षीय मालती बताती हैं कि यहां सभी परिवार बेहतर रोज़गार की तलाश में राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करके आये हैं। कुछ परिवार झारखंड जैसे दूसरे राज्यों से भी यहां आकर आबाद हुआ है। इन सभी में एक समानता है और वह है महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके अधिकारों का अभाव। यहां रहने वाली सभी महिलाएं कुपोषण का शिकार हैं। न्यूनतम आय होने के कारण परिवार को पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसे में इसका सबसे अधिक प्रभाव गर्भवती महिलाओं और उनके नवजात बच्चों में देखने को मिलता है। वहीं 35 वर्षीय राधा बताती हैं कि महिलाओं में खून की कमी किशोरावस्था से शुरू हो जाती है। परिवार में खाने वाले सदस्यों की संख्या अधिक और कमाने वाले हाथ की संख्या कम होने की वजह से किसी को भी पौष्टिक आहार का उपलब्ध होना मुमकिन नहीं है। लोगों के पास पर्याप्त रोजगार नहीं होने के कारण उनकी आय सीमित है। जिससे बहुत मुश्किल से परिवार का भरण पोषण संभव हो पाता है। ऐसे में इसकी सबसे पहली शिकार घर की महिलाएं और किशोरियां होती हैं। रामदेव नगर में आंगनबाड़ी नहीं होने के कारण बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। हालांकि बस्ती के बाहरी क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी की सेविका द्वारा किशोरियों के बीच समय समय पर सेनेटरी पैड और आयरन की गोलियां वितरित की जाती हैं लेकिन नियमित रूप से नहीं होने के कारण अधिकतर किशोरियां इसका लाभ उठाने



से वंचित रह जाती हैं। भारत दुनिया के उन देशों में एक है जहां लगभग 20 प्रतिशत किशोर आबादी निवास करती है। जिनकी आयु 10 से 19 वर्ष के बीच है। इनमें लगभग 12 करोड़ किशोरियां हैं। जिस में से 10 करोड़ से अधिक किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं। भारत में किशोरियों और महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) का होना बहुत आम है। एनएफएचएस-5 डेटा के अनुसार भारत में प्रजनन आयु वर्ग की 52 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। उनमें विटामिन और आयरन की सबसे अधिक कमियां पाई जाती हैं। जो उनमें विकास की क्षमता को पूरी तरह से प्रभावित करता है।

बाबा रामदेव नगर स्लम बस्ती जयपुर शहर से करीब 10 किमी दूर गुर्जर की थड़ी इलाके में आबाद है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस बस्ती की जनसंख्या 500 से अधिक है। इसमें लोहार, मिरासी, रद्दी बेचने वाले, फ़कीर, शादी ब्याह में ढोल बजाने वाले, बांस से सामान बनाने वाले बागरिया समुदाय और दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वालों की संख्या अधिक है। इस बस्ती में साक्षरता की दर भी काफी कम है। विशेषकर किशोरी शिक्षा का स्तर काफी चिंताजनक है। जिसके पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण मौजूद हैं। इस बस्ती में आबाद बागरिया समुदाय के लोग बांस से बने सामान तैयार कर उन्हें बाजार में बेचते हैं। वहीं कुछ परिवार के पुरुष रिक्शा और ठेला चलाने का काम करते हैं। इस काम में उन्हें बहुत कम आमदनी होती है। कौशल विकास की कमी के कारण यहां रहने वाले लोग रोजगार के अन्य साधनों से दूर हैं। नई पीढ़ी का भी शिक्षा से दूरी का कारण बताते हुए 36 वर्षीय कल्पना कहती हैं कि रोजगार के बिल्कुल सीमित विकल्प होने के कारण घर के बच्चे भी पढ़ने की जगह काम सीखने लग जाते हैं। वह कहती हैं कि इस बस्ती का कोई भी किशोर स्नातक भी नहीं है। वहीं अधिकतर किशोरियां 12वीं भी पूरी नहीं कर पाती हैं और उनकी शादी कर दी जाती है। बस्ती में पीने का साफ़ पानी भी उपलब्ध नहीं है। एक नल है जिसमें सुबह और शाम केवल 2 घंटे के लिए पानी आता है। पूरी बस्ती के लिए इससे पानी भरना पर्याप्त नहीं होता है। इसलिए अक्सर लोग आपस में चंदा जमा कर सप्ताह में एक बार पानी का टैंकर मंगाते हैं। वहीं बस्ती में नाली की सुविधा नहीं होने से घरों का गंदा पानी रास्ते पर बहता रहता है।

छह साल पहले रोज़गार की तलाश में झारखंड के गिरिडीह से आये 44 वर्षीय रामजी कहते हैं बस्ती में सुविधाओं की कमी से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सूचनाओं की कमी और योजनाओं तक पहुंच का अभाव होने के कारण बस्ती के लोग सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ नहीं उठा पाते हैं। वह कहते हैं कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को अक्सर सामाजिक भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। उन्हें कमतर समझा जाता है और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। समाज का यह रवैया न सिर्फ उन्हें हतोत्साहित करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास पर भी नकारात्मक असर डालता है। समाजसेवी अखिलेश मिश्रा कहते हैं कि शहरी क्षेत्रों में आबाद बाबा रामदेव नगर जैसी स्लम बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए सरकारी एजेंसियों, एनजीओ और स्थानीय समुदाय के बीच साझेदारी आवश्यक है। सामुदायिक भागीदारी के बिना न तो विकास संभव है और न ही लोगों की जीवन गुणवत्ता को सुधारा जा सकता है। इसके लिए कई स्तरों में योजनाओं को संचालित करने की आवश्यकता है। जैसे बस्ती में जल शोधन इकाइयों का निर्माण और सामुदायिक जल वितरण केंद्रों की स्थापना कर पीने के पानी की समस्या को दूर किया जा सकता है। वह सुझाव देते हैं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली गैर सरकारी संस्थाएं नियमित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं।

# महाकुंभ : आस्था का मामला

**-इंशा वारसी**

**महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है, जिससे इसका प्रबंधन एक बड़ा उपक्रम बन जाएगा। इतने बड़े आयोजन के सुचारू संचालन के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी, असाधारण कार्य और कई सरकारी एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और वालंटियर्स के बीच समन्वय आवश्यक है। सरकार ने सार्वजनिक सुविधाओं के साथ एक टेंट सिटी स्थापित करने से लेकर सुरक्षा बनाए रखने और रसद को संभालने तक हर चीज में उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल दिखाया है।**

दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन, महाकुंभ मेला, आध्यात्मिकता, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का एक अद्भुत उत्सव है। यह कार्यक्रम, जो पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम स्थल, प्रयागराज में संगम पर हर बारह साल में एक बार आयोजित किया जाता है, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और संगठनात्मक कौशल के लिए एक आयोजन है। जो इस पवित्र अवसर को गलत तरीके से सांप्रदायिक रंग देकर इसका राजनीतिकरण करने का प्रयास करता है, ऐसा विमर्श भ्रामक और हानिकारक है

महाकुंभ का संबंध मूलतः आस्था से है। कुंभ मेला, जो चार अलग-अलग स्थानों - प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक - में आकस्मिक रूप से अमृत की बूंदों के गिरने की किंवदंती पर आधारित है, हिंदुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है कि मेले के दौरान पवित्र नदियों में स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और भक्त जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाते हैं। अपने आध्यात्मिक महत्व के अलावा, मेला एक सांस्कृतिक अचंभा है, जो दुनिया को भारतीय परंपराओं, कला, वाणिज्य और शिक्षा को प्रदर्शित करता है। यूनेस्को के तहत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर सरकारी समिति ने 2017 में दक्षिण कोरिया के जेजू में आयोजित अपने 12वें सत्र के दौरान मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में कुंभ मेला को शामिल किया है। महाकुंभ एक सामाजिक अनुष्ठान और उत्सव है जो भारत के अपने इतिहास और स्मृति की धारणा से निकटता से जुड़ा हुआ है। इसे विभिन्न धर्मों के अनुयायियों द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन के रूप में सम्मान दिया जाता है, जो एक विशेष स्थान पर लाखों लोगों की वर्गहीन और जातिहीन सामाजिक सभा को प्रदर्शित करता है। हाल के आरोप कि मुसलमानों को महाकुंभ में प्रवेश करने से रोका गया है, निराधार हैं और उन लोगों द्वारा प्रेरित हैं जो तुच्छ लाभ के लिए विभाजन का बीजारोपण करना चाहते हैं। मेले में आने या भाग लेने वाले समुदायों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। महाकुंभ आस्था और भक्ति के साझा अनुभव में लाखों लोगों को एक साथ लाकर धर्म से आगे निकल जाता है। इस घटना को राजनीतिक या सांप्रदायिक बनाने का प्रयास न केवल निराधार है, बल्कि भारत की समावेशी भावना का अपमान भी है। इसके अलावा, हज यात्रा से तुलना शिक्षाप्रद है। हज, मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो केवल मुसलमानों के लिए खुला है और इस धार्मिक विशिष्टता का दुनिया भर में सम्मान किया जाता है। हालाँकि, महाकुंभ में कोई बहिष्कार नहीं है और सभा में मुसलमानों का उतना ही स्वागत है जितना किसी अन्य हिंदू का। और कुछ आवश्यक परंपराओं का पालन करके इस समावेशिता का सम्मान किया जाना चाहिए। छिटपुट घटनाओं को बहुसंख्यकों की राय बताना महज एक धोखा है।



महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है, जिससे इसका प्रबंधन एक बड़ा उपक्रम बन जाएगा। इतने बड़े आयोजन के सुचारू संचालन के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी, असाधारण कार्य और कई सरकारी एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और वालंटियर्स के बीच समन्वय आवश्यक है। सरकार ने सार्वजनिक सुविधाओं के साथ एक टेंट सिटी स्थापित करने से लेकर सुरक्षा बनाए रखने और रसद को संभालने तक हर चीज में उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल दिखाया है। चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, हज यात्रा का आयोजन करना, जिसमें लगभग 40 लाख मुसलमान शामिल हैं, एक कठिन काम है। महाकुंभ में सौ गुना बड़ी भीड़ की देखरेख करने की कल्पना करें। कार्यक्रम का सुचारू संचालन और अपेक्षित सही समापन, विश्व मंच पर भारत की संभावित नेतृत्व स्थिति को उजागर करता है, जो केवल हिंदुओं के लिए नहीं बल्कि सभी भारतीयों के लिए गर्व का स्रोत है।

महाकुंभ समुदाय, संस्कृति और धर्म का सम्मान करने वाला त्योहार है। यह विभाजनकारी प्रवचन या राजनीतिक एजेंडे का मंच नहीं है। भारतीय नागरिकों के रूप में, हमें इस आयोजन के त्रुटिहीन निष्पादन पर गर्व होना चाहिए, जो भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। निराधार गपशप और ध्रुवीकरण प्रचार के आगे झुकने के बजाय, आइए हम महाकुंभ के वास्तविक अर्थ पर ध्यान केंद्रित करें, जो आध्यात्मिकता और पारस्परिक संबंधों का उत्सव है। यह हमारे साझे इतिहास पर एकजुटता, आत्मनिरीक्षण और गर्व का अवसर है। आइए हम यह सुनिश्चित करें कि इस आयोजन की पवित्रता बरकरार रहे और यह दुनिया भर के लोगों में आश्चर्य और अचंभा पैदा करता रहे। भारत ने एक बार फिर दिखाया है कि उसके पास इतनी बड़ी सभा को संभालने के लिए संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व गुण हैं। एक राष्ट्र के रूप में, आइए एक दूसरे के प्रति शांति और सम्मान की भावना को बनाए रखते हुए इस अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाएं जो हमारे बहुसांस्कृतिक देश की विशेषता है।

# मौनी अमावस्या पर विशेष इंतजाम



### बैरिकेटिंग और संसाधन व्यवस्था

हार्ड बैरियर और बैरिकेट्स पर शत-प्रतिशत नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधन जैसे रस्से, लाउड हेलर, सीटी, उड़न दस्ते और वॉच टावर की टीमें तैनात की जाएंगी। इन स्थानों पर केन्द्रीय बलों की उपस्थिति और उचित समन्वय पर जोर दिया जाएगा। संस्थानों को होल्डिंग एरिया के रूप में उपयोग करने और जरूरत पड़ने पर अस्थाई पार्किंग क्षेत्रों के विकास के भी निर्देश दिए गए हैं और साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए संस्थानों में रात्रि ठहराव की व्यवस्था की जाएगी। घाटों की अवस्थापना व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। कासा, पुआल, बोरे, रिवर बैरिकेडिंग, जल पुलिस, वॉच टावर, लाइटिंग, साइनेज, शौचालय, चेंजिंग रूम और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

- संगम नोज पर भीड़ नियंत्रित करने को उठाए जाएंगे कदम
- 27-29 जनवरी को संगम नोज पर अत्यधिक मूवमेंट को नियंत्रित करने के लिए मेला प्रशासन ने कसी कमर
- जिस सेक्टर या जोन में श्रद्धालु आ रहे हैं उसी सेक्टर या जोन में स्नान के बाद उन्हें वापस भेजने की तैयारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भ/लखनऊ।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात और सुरक्षित मूवमेंट के लिए मेला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मेला प्रशासन ने सेक्टर लेवल पर श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिस सेक्टर या जोन में श्रद्धालु आ रहे हैं उसी सेक्टर या जोन से उन्हें वापस भेजा जाए। किसी भी सूरत में उन्हें संगम नोज या किसी अन्य जोन में न जाने दिया जाए। सभी एडीएम, एडिशनल एसपी, सीओ, एसडीएम और सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके कार्यक्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौनी अमावस्या महाकुम्भ का सबसे प्रमुख पर्व है। महाकुम्भ में।सारी व्यवस्थाएं इसी पर्व को ध्यान में।रखकर की जाती हैं। इस बार योगी सरकार ने महाकुम्भ को पहले से कहीं भव्य और दिव्य बनाने का जो प्रयास किया है, उसको देखते हुए भरी संख्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की प्रयागराज में मौजूदगी की संभावना है। सभी को सुविधा के साथ सुगम स्नान कराना मेला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि हर सेक्टर और जोन में आने वाले श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर उसी जोन से प्रस्थान करें। संगम नोज या अन्य जोन पर 27-29 जनवरी को मूवमेंट कम से कम रखा जाए। लोगों की सुविधा के लिए 12 किमी लंबे घाट का निर्माण किया गया है। उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है कि जिस घाट पर वो पहुंच रहे हैं, वहीं स्नान करें और फिर वहीं से वापस लौट जाएं। घाटों पर भीड़ न जमा हो, इसके लिए इवैक्युएशन गैंग तैयार की जाएगी। घाटों से भीड़ की सुरक्षित निकासी प्राथमिकता होगी।

## वीवीआईपी को पर्वों पर महाकुंभ आने से बचना चाहिए: स्वामी जितेन्द्रानंद



वीवीआईपी को स्नान पर्वों पर महाकुंभ में आने से बचना चाहिए क्योंकि उनके आने से आम श्रद्धालुओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ये बातें अखिल भारतीय संत समिति एवं गंगा महासभ के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती जी ने गंगा महासभा के पांडाल में एक मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी लोगों के आने की वजह से कई पीपे के पुल व मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं जिससे जगह जगह जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे मे स्नानार्थियों को दिक्कत होती है। महाकुंभ की महत्ता को लेकर स्वामी जी ने कहा कि कई वर्षों के बाद आने वाले इस भव्य और दिव्य कुंभ का एक विशेष महत्व है। यहां पवित्र मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने से भक्तों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक सुखों की प्राप्ति होती है।

## शंकराचार्य शिविर पहुंचे असम विस अध्यक्ष, महायज्ञ में दी आहुति



- महाकुंभ की दिव्य व्यवस्था के लिए योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद किया ज्ञापित

पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य शिविर में भगवान शिव के अनन्य उपासक बोडो जनजाति के सर्वमान्य नेता एवं असम विधान सभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने आदि शंकराचार्य के चरण पादुका की पूजा अर्चना की। वहीं महायज्ञ में आहुति देकर अपने प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने शिविर में दंडी स्वामियों को भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही पंगत में बैठकर भोजन भी किया।

बोडो जनजाति के सर्वमान्य नेता असम विस अध्यक्ष विश्वजीत देमारी कुंभनगर के सेक्टर 9 स्थित हर्षवर्धन मार्ग पर शंकराचार्य शिविर में पहुंचे। उन्होंने आदि शंकराचार्य के चरण पादुका की पूजा अर्चना की। वहीं गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ का माल्यार्पण कर आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे महायज्ञ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने हवन कुंड में आहुति देकर राज्य की सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर विस अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्था दिव्य है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी प्रशंसा की जाये कम है। वे महाकुंभ में संगम स्नान कर अभिभूत हैं। वे गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के प्रति वे कृतज्ञ हैं। शंकराचार्य का पूर्वोत्तर के राज्यों के प्रति गहरा लगाव है। उनकी प्रेरणा से इन राज्यों में आध्यात्मिक चेतना प्रबल हो रही है। लोगों में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ रही है। गुरु जी ने हमारे राज्यवासियों का मार्ग दर्शन किया है। हम हर समय उनके साथ जुडे हुए हैं।

## महाकुंभ, प्रयागराज में भव्य श्री कृष्ण कथा का आयोजन




मन्मना भव मद्भक्तों मद्याजी मां नमस्कुरु

**अवधनामा ब्यूरो**

**प्रयागराज/लखनऊ।** गुरुदेव आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गंगेश्वर बजरंगदास चौराहा, सेक्टर-9, अमिताभ पुलिया के पास, गोविंदपुर, महाकुंभ मेला, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भव्य श्री कृष्ण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ श्रीकृष्ण वंदना से किया गया। मंचासीन साधकों ने बड़े ही भावों से अपनी स्वर-साधना से भगवान श्रीकृष्ण को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कथा के प्रथम दिवस कथाव्यास साध्वी आस्था भारती जी ने सूरदास जी के पदों के संग उनके सम्पूर्ण जीवन को बड़े ही सुंदर ढंग से व्यक्त किया। साध्वी जी ने बताया कि मन ही बंधन और मोक्ष दोनों का कारण है। एक दिशा में चाबी घुमाने पर ताला बंद कर किसी को भी परतंत्र किया जा सकता है और दूसरी दिशा में घुमाने पर स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है। वैसा ही यह मन भी है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जनित अज्ञानता व नकारात्मकता यदि मन पर हावी हो जाए, तो जीवन अंधकारमय हो जाता है। लेकिन यदि इसी मन को भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया जाए तो यही मन हमें मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाता है। अर्जुन की भांति हमारे मन को भी मोक्ष पथ की ओर ले जाने वाले गुरु की आवश्यकता है। अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया। चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।। ज्ञान अंजन प्राप्त कर मानव के भीतर एक अलौकिक परिवर्तन घटता है। एक स्वार्थी जीव परमार्थी, एक अत्याचारी सदाचारी बन जाता है। ऐसा ही अद्भुत परिवर्तन हुआ था, डाकू अंगुलिमाल के जीवन में। संस्थान के कुम्भ शिविर की अधिक जानकारी हेतु आप संस्थान की इस वेबसाइट www.djjs.org/kumbh पर भी जा सकते है।

## प्रयागराज सर्जन एसोसिएशन ने किया महाकुंभ में 200 कंबल वितरित



महाकुंभ के पवित्र संगम क्षेत्र में आज एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया प्रयागराज सिटी चैप्टर की ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्दी से ठिठुरते गरीब और मेला क्षेत्र में मौजूद आमजन को राहत देने के उद्देश्य से सिटी चैप्टर ने सेवा भावना के साथ यह आयोजन किया, जिसमें 200 कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. प्रोबाल नियोगी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.वैभव श्रीवास्तव के समन्वय से किया गया। सिटी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ.सुजीत सिंह, सचिव डॉ. संजय सिंह, ट्रेजरर डॉ. अभिनव अग्रवाल, संयुक्त सचिव डॉ. संतोष सिंह, संरक्षक डॉ.अशोक अग्रवाल और डॉ. शार्दुल सिंह सहित प्रयागराज इकाई के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्ष डॉ.सुजीत सिंह और सचिव डॉ.संजय सिंह ने जानकारी दी कि इस पहल का उद्देश्य मानवता और सहानुभूति के साथ समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश चैप्टर के तहत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरीब और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पेबैक टू सोसाइटी की सोच के साथ किया गया है, जिसमें समाज को जागरूकता और सेवा के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी सर्जिकल समिति न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही है, बल्कि सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभा रही है। बीते वर्षों की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। भविष्य में भी हम ऐसी गतिविधियों में भाग लेते रहेंगे।

## स्टेशन परिसर के बाहर ही किया जाएगा मॉब चैनलाइजेशन

**प्रयागराज/लखनऊ।** खुसरोबाग होल्डिंग एरिया के अतिरिक्त आरपीएफ और सिविल पुलिस ने मिलकर मौनी अमावस्या के दिन मॉब चैनलाइजेशन के लिए विशेष योजना बनाई है। सीनियर पीआरओ ने बताया कि मेले से लौटने वाले श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में आने से पहले रूट डायवर्ट करके खुसरोबाग होल्डिंग एरिया में ठहराया जाएगा। यहां से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशन की दिशावार रेलवे स्टेशन में बने कलर कोडेड आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाएगा। जहां से यात्रियों को कलर कोडेड टिकटों के माध्यम से उनके गंतव्य स्टेशन की ट्रेनों तक पहुंचाया जाएगा। ताकि बिना भगदड़ और भ्रम के यात्रियों को सही ट्रेन से उनके गंतव्य स्टेशनों तक रवाना किया जा सके। स्टेशन परिसर के बाहर अतिरिक्त होल्डिंग एरिया निर्माण इसलिये ही किया गया है कि भीड़ के अतिरिक्त दबाव को स्टेशन परिसर के बाहर ही मैनेज किया जा सके।

## हजरत मूसा काजिम की शहादत की याद में मजलिसें शुरू

**लखनऊ।** शियों के सातवें इमाम हजरत मूसा काजिम (अ.स) की शहादत की याद में शुक्रवार से इमामबाड़ों और कर्बलाओं में मजलिस-ओ-मातम का आगाज हो गया। इस मौके पर छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में असीर-ए-बगदाद का मातम÷ शीर्षक से मौलाना कल्बे सादिक खां ने मजलिस को खिताब किया। कल की मजलिस के बाद कैदखाने बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया जायेगा। रविवार की मजलिस के बाद हजरत इमाम मूसा काजिम (अ.स.) व हजरत अबु तालिब (अ.स.) के ताबूत की जियारत करायी जायेगी व पुले बगदाद का दिलसोज मंजर पेश किया जायेगा।

### दरगाह, काजमैन व आगा बाकर में ताबूत की जियारत

**लखनऊ।** दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में शनिवार को शाम 7.30 बजे शहीद ए काज़मैन का मातम शीर्षक से मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। मजलिस बाद ताबूत की जियारत होगी। कार्यक्रम का आयोजन आल इंडिया शिया यूथ फेडरेशन ने किया है। हजरत मूसा काजिम (अ.स) की शहादत की याद में शनिवार को रात 8.30 बजे इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मजलिस को मौलाना मीसम जैदी खिताब करेंगे। मजलिस बाद इमाम के ताबूत की जियारत होगी व अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी।अंजुमन दस्ते खतीबुल ईमान की ओर से रौजाए काजमैन में मजलिस को मौलाना तनवीर अब्बास नजफी रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। मजलिस बाद इमाम के ताबूत की जियारत कराई जायेगी।

### मोहसिन-ए-इस्लाम का मातम कल

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स) के पिता हजरत अबु तालिब (अ.स) की यौमे वफात पर रविवार को इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में रात 8 बजे एक मजलिस का आयोजन होगा। मजलिस को मौलाना सैयद अबुतालिब मेहदी खिताब करेंगे। मजलिस का आयोजन गुलामाने जनाबे अबुतालिब फाउंडेशन, हसन पुरिया ने किया है।

### चेहलुम की मजलिस कल

**लखनऊ।** अंजुमन यादगारे हुसैनी के अध्यक्ष रहे सैयद मोहम्मद हैदर उर्फ हसन यूसुफ की मजलिस का आयोजन इमामबाड़ा गुफरानमाब चौक में रविवार को शाम 6.30 किया जाएगा। मजलिस को मौलाना अरशद हुसैन मूसवी अर्शी खिताब करेंगे। इसी तरह रौजाए काजमैन में दोपहर 12.30 बजे मौलाना मोहम्मद मेहदी खां इफ्तिखारी की मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। छोटी मस्जिद हसन पुरिया मोहम्मद हैदर मरहूम की मजलिस को सुबह 10 बजे मौलाना दानिश जैदी खिताब करेंगे।नूरी मस्जिद हाता नूरबेग में मरहूम इक़तिदार हुसैन रिजवी की मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी सुबह दस बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन लश्करे हुसैनी नौहाख्वानी करेगीं



वायरल इंफेक्शन के कारण पिछले 10 दिन से अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना दी।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025 एक्टिवा

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज भारत के सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया OBDwB-अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तर तक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती हैं।

नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, एक्टिवा हमेशा से भारतीय ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण के साथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बना हुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। ञ्ञ्ञ डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और OBDwB-अनुपालन इंजन का समावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें विश्वास है कि नया एक्टिवा न केवल हमारे ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि भारतीय स्कूटर बाजार में होंडा की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा।

नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा सिर्फ एक स्कूटर नहीं है, यह भारत भर में करोड़ों परिवारों का एक विश्वसनीय साथी है और अपने टैगलाइन स्कूटर बोले तो एक्टिवा के प्रति सच्चा है। नया 2025 एक्टिवा स्मार्ट फीचर्स जैसे 4.2 इंच का TFT डिस्प्ले, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और नेविगेशन, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और SB टाइप-ष्ट चार्जिंग पोर्ट के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। भारत का पसंदीदा स्कूटर होने के नाते, एक्टिवा हमेशा सुविधा और विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। OBDwB मॉडल के लॉन्च के साथ, हम एक स्वच्छ भविष्य की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बेहद खुश हैं।



अपडेटेड एक्टिवा में कई यांत्रिक सुधार किए गए हैं, जो आने वाले नियमों का पालन करने और ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इसमें 109.51cc, सिंगल-सिलेंडर PGM-Fi इंजन है, जो अब OBDwB-अनुपालन है।

## ब्लड ग्रुप: मथुरा में ओ पॉजिटिव के सबसे ज्यादा, सबसे कम एबी नेगेटिव

- ब्लड बैंक में बसंत आगमन के साथ बढ़ने खून की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक में डोनेट होने वाले ब्लड और आने वाली डिमांड को देखते हुए यह मान जाने लगा है कि मथुरा जनपद में ओ पॉजिटिव ग्रुप वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा हैं, जबकि सबसे कम लोग एबी नेगेटिव ग्रुप वाले रहते हैं। जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक प्रभारी रितु रंजन के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर तक ब्लड बैंक में कुल 62 यूनिट ब्लड मौजूद था। जिसमें एक पॉजिटिव की 11, बी पॉजिटिव की 15, ओ पॉजिटिव की 31, एबी पॉजिटिव की तीन, बी नेगेटिव की एक, ओ नेगेटिव की एक यूनिट मौजूद थीं। जबकि जबकि ए नेगेटिव और एबी नेगेटिव ब्लड ग्रुप की कोई यूनिट जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक में नहीं थी। मौसम का मिजाज बदल रहा है। बसंत दस्तक दे रहा है। इसी के साथ जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक डिमांड बढ़ने लगी है। यह मांग लगातार बढ़ेगी और जुलाई अगस्त के महीने में अपने पीक पर होगी। जबकि नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी में जिला चिकित्सालय में ब्लड डिमांड का दबाव वर्षभर में सबसे कम रहता है। जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक की प्रभारी रितु रंजन के मुताबिक सर्दी के मौसम में ब्लड की डिमांड कम हो जाती है।

औसतन 50 से 60 यूनिट महीने पर यह डिमांड आ जाती है। जबकि जुलाई अगस्त में डिमांड अधिक रहती है और प्रतिमाह ये डिमांड 150 से 160 यूनिट तक पहुंच जाती है। एक अनुमान के तहत मथुरा जनपद में ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा पाई जाती है। जबकि एबी नेगेटिव ब्लड ग्रुप वाले लोगों की संख्या कम है।

## तीन साल से बंद पडी सामान्य वर्ग की शादी अनुदान योजना पुनः शुरू

**मथुरा।** अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए तीन साल बाद शादी अनुदान योजना को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय प्रदेश सरकार ने लिया है। अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के साथ यह योजना भी चलेगी। इस योजना में प्रत्येक लाभार्थी 20 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। शासन ने योजना का इसका वर्ष 2024- 25 के लिए लक्ष्य निर्धारण कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना हेतु आवेदन पत्र, स्वीकृती एवं वितरण इन्टरनेट आधारित प्रणाली द्वारा किये जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजनान्तर्गत प्रदेश के लिए अनुसूचित जाति की पुत्रियों की शादी के लिए 1000 लाख रुपये एवं सामान्य जाति की पुत्रियों की शादी के लिए 2000 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## ट्रक में घुसी कार दो की मृत्यु, एक गंभीर रूप से घायल

- अस्पताल में तीमारदारों के साथ हुई मारपीट, जमकर हुआ हंगामा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। तीसरा व्यक्ति जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा है। वहीं इलाज में लापरवाही को लेकर हाइवे स्थित एक अस्पताल में मृतक के स्वजनों एवं चिकित्सको व कर्मचारियों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को रात करीब साढ़े नौ बजे अकबरपुर छाता निवासी राम, गिरधर एवं देवेन्द्र कार से गांव से मथुरा की ओर जा रहे थे। तभी हाईवे स्थित कुमार स्वामी मंदिर के सामने उनकी गाड़ी आगे चल रहे एक कंटेनर से टकरा गई। कहा जा रहा है कि कंटेनर चालक ने गाड़ी को बिना इंडिकेटर दिए बायीं तरफ मोड़ कर अचानक ब्रेक लगा दी थी। इसी कारण उनकी गाड़ी कंटेनर से टकरा गई थी। जिससे देवी राम उर्फ पुत्र पप्पू की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। गिरधर पुत्र चूरी को हाईवे स्थित केडी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर। दिया। सूचना पर राहगीरों एवं ग्रामीणों ने राम को हाईवे स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए स्वजनों ने चिकित्सक को बुलाने के लिए कहा। इस पर वहां मौजूद सीटी स्कैन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि सीटी स्कैन करके चिकित्सक को मोबाइल पर भेज दिया है लेकिन मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए स्वजन बार बार चिकित्सक को मौके पर बुलाने के ही प्रार्थना कर रहे थे। इसी बात को लेकर कहासुनीं हो गई। राम के चचेरे भाई दिगंबर से कुछ कर्मचारियों ने मारपीट कर दी। फिर काफी संख्या में स्टाफ मौके पर आ गए उन्होंने मारपीट की। इसके बाद गांव अकबरपुर के ग्रामीणों ने चिकित्सकों से मारपीट कर दी। गांव के बहादुर सिंह ने बताया कि राम की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है।

## मेंथा में गुणवत्ता सुधार पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** मसाला बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) के प्रादेशिक कार्यालय, बाराबंकी के द्वारा एवं कृषि विभाग, इंटीग्रल कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.ए.एस.टी.), इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से एक दिवसीय ''मेंन्था पर गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम'' का आयोजन ग्राम कुम्हारपुर जनपद बाराबंकी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. अम्बरीष सिंह यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, कृषि विभाग, आई.आई.ए. एस.टी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने ''टिकाऊ उत्पादन के लिए जैविक खेती'' के बारे में जानकारी दी। डॉ. यादव ने किसानों को समझाया कि उर्वरकों के अविवेकपूर्ण उपयोग और दोषपूर्ण कृषि पद्धतियों के कारण मिट्टी में कार्बनिक कार्बन की मात्रा कम हो जाती है और अंततः मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। उन्होंने किसानों से मिट्टी में कार्बनिक कार्बन सामग्री को समृद्ध करने के लिए खेत के कचरे, खाद, हरी खाद, वर्मीकम्पोस्ट आदि का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न जैविक खाद तैयार करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया और कीट प्रबंधन के लिए आईपीएम प्रौद्योगिकियों के उपयोग का विस्तार से वर्णन किया। पुदीना एक अत्यधिक व्यावसायिक उन्मुख फसल है और इसे ज्यादातर नकदी फसल के रूप में बेचा जाता है। पुदीना का प्रकार ''पुदीना'' से भिन्न होता है, जिसका उपयोग अक्सर जड़ी बूटी के रूप में किया जाता है। यह सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तेल पौधों में से एक है जिसका उपयोग अक्सर कॉस्मेटिक, औषधीय और अन्य उत्पादों में किया जाता है। भारत में, फसल लगभग 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर उगाई जाती है, जिसमें से 90: उत्तर प्रदेश राज्य में है। बाराबंकी फसल के मुख्य उत्पादक क्षेत्रों में से एक हैय वहाँ, मेन्थॉल टकसाल लगभग 80,000 हेक्टेयर भूमि पर व्याप्त है। श्री संदीप सिंह यादव, सहायक निदेशक, मसाला बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) क्षेत्रीय कार्यालय, बाराबंकी ने निष्कर्षण उद्देश्यों और विकास योजनाओं (मिंट डिस्टिलेशन यूनिट, क्यूजीबीजी, एक्सपोजर विजिट क्यूआईटीपी) के कार्यान्वयन के लिए पुदीना गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमारे देश में पुदीना की 52 मसालों की खेती की जाती है. भारत दुनिया में पुदीना तेल का अग्रणी निर्यातक है, और यू.पी. यह देश के कुल क्षेत्रफल का 85 प्रतिशत है। उन्होंने किसानों को पुदीना की खेती, प्रसंस्करण और निर्यात गुणवत्ता (व्यक्तिगत किसान पुदीना आसवन इकाई और एफपीओ क्वालिटी गैप ब्रिज समूह के लिए) से संबंधित मसाला बोर्ड भारत की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर नीतिश कुमार पांडे ने बदलते हुए जलवायु एवं अंधाधुंध रसायनों के उपयोग को प्रकृति के लिए खतरनाक बताते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर दिया।

# ग्राम दारूतला में युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या

- घटना के 12 घंटे बाद मुठभेड़ में पकड़े गए दो सगे भाई
- शराब के नशे में की दरिंदगी, फिर कर दी थी हत्या
- जंगल में छिपे हत्यारोपियों ने पुलिस पर की फायरिंग
- जवाबी फायरिंग में दोनों सगे भाईयों को लगी गोली
- थाना मदनपुर पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम को मिली सफलता
- एसपी ने किया मौका मुआयना, छह टीमों का किया गया था गठन



मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में आये दोनों हत्यारोपी

### झाड़ी से निकलते ही पुलिस पर की फायरिंग

युवती की हत्या के बाद जांच में जुटी पुलिस टीमों ने मदनपुर से सटे जंगली क्षेत्र में जाकर कॉम्बिंग की तो उन्हें सूचना मिली कि बदमाश झाड़ियों में छिपे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को बाहर निकलकर सरेण्डर करने के लिए आवाज लगायी तो झाड़ी से निकलते ही दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान दारूतला निवासी तीस वर्षीय हरीसिंह व बीस वर्षीय वीरू पुत्र गण रामदयाल सहरिया को घुटने के नीचे गोली लगी और वह घायल हो गये। पुलिस ने दोनों के पास से एक-एक अवैध तमंचा व दो-दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं।

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** गुरुवार को थाना मदनपुर अंतर्गत ग्राम दारूतला में शौच क्रिया करने गयी युवती का शव जंगल में पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया था। प्रकरण में युवती की गला दबाकर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया और अधीनस्थों को घटना के पटाक्षेप करने के निर्देश दिये। देर रात एसओजी टीम ने मदनपुर पुलिस की मदद से दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाश युवती की हत्या करके फरार हो गये थे।

बताया गया है कि आधी रात के बाद 1 बजे ग्राम दारूतला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बीस वर्षीय पुत्री गुरुवार की शाम करीब 4 बजे शौच क्रिया के लिए गयी हुयी थी। उसकी पुत्री मदनपुर रोड से अंदर कच्चे रास्ते पर मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मुआयना किया और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर सूचना मिलने पर एसपी मो.मुश्ताक ने दलबल के साथ मौका मुआयना किया और घटना के शीघ्र खुलासे को लेकर 6 टीमों का गठन कर निर्देशित किया। हत्याकांड की पड़ताल के दौरान टीमों ने मदनपुर के जंगलों में छिपकर बैठे दो सगे भाईयों को मुठभेड़ में धर दबोचा।

### घटना स्थल पर हुयी जांच

एसपी मो.मुश्ताक ने मौका मुआयना किया। तदोपरान्त मौके पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किये। वहीं तहरीर के आधार पर मदनपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### कानपुर जोन तक रखी जा रही थी घटना पर पैनी नजर

मदनपुर क्षेत्र में युवती की संदिग्ध अवस्था में हत्या होने की घटना के बाद से एडीजी कानपुर जोन तक मामले को लेकर पैनी नजर रखी जा रही थी। डीआईजी झांसी परिक्षेत्र व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक अपने साथ एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर (मड़ावरा) अभय नारायण सिंह के साथ पल-पल की अपडेट ले रहे थे। वहीं सर्विलांस, एसओजी व मदनपुर पुलिस की छह टीमें लगातार मामले के खुलासे को लेकर जुटी हुयी थीं। पुलिस टीमों ने घटना के महज 12 घंटे के अंदर ही दोनों अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

### क्रिकेट देखकर लौटते समय दिमाग पर सवार हुई दरिंदगी

पकड़े गये अभियुक्तों में हरी सिंह व वीरू सहरिया ने बताया कि वह दोनों शराब के नशे में चूर थे। बताया कि वह 23 जनवरी की अपराह्न करीब 4.30 बजे दारूतला के जंगल के रास्ते क्रिकेट मैच देखकर वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान उन्हें गांव की युवती जंगल में शौच करने के लिए आती दिखाई दी। बताया कि नशे की हालत में उनके दिमाग पर दरिंदगी सवार हो गयी और उन्होंने युवती से दुष्कर्म किया और पहचान छिपाने के लिए उसी के दुपट्टे से उसका गला दबाकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस से पकड़े जाने के डर से दोनों जंगल में जाकर छिप गये।

युवती की हत्या के मामले में एसपी मो.मुश्ताक द्वारा गठित पुलिस टीमों में थानाध्यक्ष मदनपुर राजपाल सिंह, सर्विलांस प्रभारी आलोक सिंह व स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी शामिल रहे।

# समाजवादी पार्टी ने कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती मनाई



**अवधनामा संवाददाता**

**बहजोई (सभल)** समाजवादी पार्टी की बैठक डी एम आफिस के पास कैम्प कार्यालय बहजोई में सम्पन्न हुई बैठक में समाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न जननायक विहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती मनाई गई जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी एवं विधायक प्रतिनिधि गुन्नौर अखिलेश यादव व सभी पदाधिकारी ने चित्र पर माल्यार्पण कर जिला अध्यक्ष ने कहा कर्पूरी ठाकुर दो बार मुख्यमंत्री रहे उन्होंने पिछड़े दलित अल्पसंख्यक के हित में बहुत काम किया।

बैठक अयोध्या के संत राजू दास ने श्रद्धेय नेता जी पर अमर्यादित टिप्पणी की निंदा करते हुए जिलाधिकारी के दुबरा माहमहिम राज्य पाल उत्तर प्रदेश को जिलाधिकारी कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा महंत राजू दास पर मुकदमा लिख। जेल भेजा जाये बैठक में अध्यक्षता असगर अली अंसारी ने संचालन कृष्ण मुरारी शंखधार जिला महासचिव ने किया बैठक को अखिलेश यादव विधायक प्रतिनिधि गुन्नौर ने भी सम्बोधित किया उमेश यादव सुनील यादव सद्दाम कुरेशी सुभाष पाल रामनिवास दिवाकर संगीता पाल सुनीता यादव मीना यादव शशि दिवाकर शरदा यादव मनोज शर्मा अशोक राणा योगेश यादव साजिद डा होराम सिंह हनी बाबा रवि यादव सुरजीत दिवाकर रियासत हुसैन सुर्य प्रताप यादव विवेक शर्मा मुसरफ प्रधान अंश बरनवाल आकाश शखधार नदीम ख़ान शाहरुख खान कादिर राणा शैख सददन गिरीश यादव पप्पू हिरौनी प्रधान मास्टर सूरज पाल विनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## रंजिशन पीड़ित की जमीन पर कराया जा रहा टावर निर्माण

**ललितपुर।** पुलिस चौकी बिरधा अन्तर्गत ग्राम मैनवार निवासी गोविन्दसिंह पुत्र रतन सिंह ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसकी खाता संख्या 116 आराजी संख्या 831 रकवा 0.0200 हे. गांव में है। बताया कि उक्त जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन एक नामचीन कम्पनी का मोबाइल टावर का निर्माण करा रहे हैं। बताया कि रंजिशन कराये जा रहे इस कार्य को जब उसने रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों द्वारा गालियां देकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित ने डीएम से उक्त टावर निर्माण का कार्य तत्काल रोके जाने की मांग उठाते हुये मौके पर शान्ति भंग होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं। बताया कि इस सम्बन्ध में उसके द्वारा विगत 16 दिसम्बर व 2 जनवरी को भी शिकायती पत्र दिये गये, लेकिन कार्यवाही न होने से वह काफी परेशान है।

## भाजपा नेता निखिल जैन से मिला अंबेडकर स्मारक सीमित प्रतिनिधि मंडल



**अमरोहा।** बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति (रजि.) अमरोहा के सदस्यगण प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित हेतराम सागर एवं डा0 मेवा सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेता निखिल जैन से मिले तथा अंबेडकर पार्क नवनिर्माण की सुंदर कार्य योजना बनवाकर पार्क के नवीनीकरण के लिए हृदय से आभार प्रकट कर भविष्य में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया तथा अंबेडकर पार्क समिति के सदस्यों ने भाजपा नेता निखिल जैन के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर स्मारक प्रबंध समिति (रजि.) अमरोहा के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी सभी के थे उनको सबको चिंता थी। उन्होंने सभी के लिए कार्य किया आईए हम सब आधुनिक भारत के निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांतों आदर्शो पर चलते हुए एक मजबूत भारत का निर्माण करे। इस अवसर पर पंडित हेतराम सागर, डा0 मेवा सिंह, नत्थू सिंह आर्य, शिवलाल आर्य, चंद्रपाल सिंह, डा0 मुनेंद्र मोहन, संजू जाटव,पूर्व चेयरमैन अतुल कुमार जैन, सत्यप्रकाश, हरिदास सागर, चौधरी महेंद्र सिंह आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### पुत्र के लापता होने की सूचना दर्ज

**ललितपुर।** जुगपुरा मोहल्ले में रहने वाले घनश्याम पुत्र समरथ अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका तेरह वर्षीय पुत्र 21 जनवरी 2025 की सुबह 10 बजे बिना बताये कहीं चला गया है। बताया कि उसने परिजनों के साथ पुत्र को काफी खोजा लेकिन वह नहीं मिला। बताया कि करीब 10-12 दिन पहले भी उसका पुत्र बिना बताये कहीं चला गया था, जो कि अगले दिन मिल गया था। अब फिर से उसका पुत्र गुम हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### भाषा वि.वि. में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का उत्सव



**लखनऊ।** कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा सांस्कृतिक समिति के सहयोग से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन एनसीसी एएनओ डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अल्वेरा ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में रजिस्ट्रार डॉ महेश कुमार, प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एहतिशाम अहमद और प्रो. हैदर अली उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ के मार्गदर्शन में एक रैली का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से गुजरी और प्रदेश की उपलब्धियों व राष्ट्रीय प्रगति में इसके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया। यह कार्यक्रम छात्रों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गोविंद नगर का मैन रोड़ पूरी तरह जर्जर, पुनः बनाए जाने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

- सीएचसी से प्राथमिक विद्यालय तक सड़क निर्माण की मांग
- मोहल्लेवासियों ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** मोहल्ला रावतयाना स्थित स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक विद्यालय तक की खराब सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा। बताया कि नगर ललितपुर क्षेत्र के अन्तर्गत गोविन्द नगर रावतयाना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर प्राथमिक विद्यालय तक का रोड काफी खराब हो गया है जो विगत 25 वर्ष से नही बना है। जबकि रोड के आगे पीछे का रोड बनाया गया है एक छोटा सा टुकड़ा समुदाय विशेष होने से नही बनाया गया है। रोड पहले कुछ सही था मगर उसको भी खोद दिया गया है। उक्त रोड पर नगर के अनेक प्रमुख विद्यालय संचालित है जिसमे हजारों नन्हे मुन्ने छात्र पढ़ते है जिनके जो चोटिल भी हो जाते है। उक्त स्वास्थ्य केंद्र, प्रमुख मन्दिर, मस्जिद, रामलीला मैदान आदि स्थित है। धूल के गुबार से अनेक श्वांस की बीमारी हो रही है। मोहल्लेवासियों ने प्रभारी मंत्री से उक्त सड़क को ठीक कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय ए के एम मो.वसीम खजुरिया, पार्षद अफजुल रहमान, भूरे पार्षद, जज्जू, हाजिफ आदिल जमील, आमिर जमील, साहिल मोनू, रहमत खान, इमरान खान, पुष्पेन्द्र झा, इरफान, अकरम, जमील पाली, सैफी, सफीक, जानी ठेकेदार, रामस्वरूप चौरसिया, रोनक, मनीष, हाजी मो.सगीर, मनोहर, कृष्णकांत आदि मौजूद रहे।

# तालबेहट स्टेशन प्रबंधक के सिर में मारा घूंसा

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** शास्त्री नगर बबीना निवासी मनीराम अहिरवार पुत्र लालाराम अहिरवार जो कि तालबेहट में स्टेशन प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। बताया कि 23 जनवरी को उनकी ड्यूटी सुबह 8 से अपराह्न 4 बजे थी, जिसके लिए वह समय से अपने कार्यालय पहुंचे। बताया कि वह जैसे ही कार्यालय पहुंचे तो करीब 10 मिनिट बाद एक अज्ञात व्यक्ति आरपीएफ कर्मियों से बहस करते हुये उनके कार्यालय में घुस आया और वहां पर टिकिट खिड़की पर रखी मॉनीटर व की-बोर्ड तोडने लगा। उन्होंने मना किया तो उक्त युवक ने उनके सिर पर घूसा मार दिया, जिससे उनके सिर में काफी चोट आयी। बताया कि उक्त युवक अपने हाथ में मोटा कड़ा पहने हुआ था, जिससे उसने स्टेशन कार्यालय में रखा मॉनीटर व की-बोर्ड तोड़ दिया और उक्त व्यक्ति बाहर आकर अपना सिर दीवाल व अपने हाथ में पहने कड़े से मारने लगा। तब आरपीएफ ने उसे पकड़ा और उनके स्टाफ व आरपीएफ ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भेजा, जहां उनका उपचार किया गया।

## प्रत्येक वर्ग को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभः प्रभारी मंत्री

**ललितपुर।** प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जनपद भ्रमण के दौरान नगर के गोविंद नगर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोहल्लेवासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्द नगर व नवीन प्राथमिक विद्यालय गोविंद नगर का भी निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री गोविन्द नगर पहुंचकर लोगों के बीच पहुंचे, जहां नागरिकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया, तत्पश्चात अपनी समस्याएं सुनायीं। प्रभारी मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उपस्थित डीएम-एसपी व सीडीओ को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी शासकीय सुविधाओं के वंचित न रहे, प्रत्येक वर्ग को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान मोहल्ले की महिला जरीना ने सड़क निर्माण की मांग की और मोहल्लेवासियों ने पार्षद द्वारा कोई कार्य न कराए जाने की शिकायत की।

# पीडीए समाज के सूत्रधार थे कर्पूरी ठाकुरः राकेश मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सांसद जौनपुर कार्यालय नईगंज पर 11 बजे दिन जननायक, भारत र प्रतिशत, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद, महान राजनीतिक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित पार्टीजनों ने कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके संघर्षो एवं बलिदान को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का पुनः संकल्प लिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करें जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलनों से लेकर बिहार के मुख्यमंत्रित्व काल तक और जीवन पर्यंत शोषित वंचित पीडीए समाज की लड़ाई लड़ते रहे। पिछड़ों को 26 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया।पिछड़ों के आरक्षण के सूत्रधार थे कर्पूरी ठाकुर। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने आगे कहाकि सामाजिक आजादी के समय पटना में दिए उनके भाषण ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने छात्रों की सभा में कहा था कि हम मिलकर थूकें भी तो अंग्रेज बह जाएंगे।हम पीडीए समाज के लोग कर्पूरी ठाकुर के सदैव ऋणी रहेंगे।इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर जी के बलिदानों और संघर्षो पर पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अरशद खान, ज़िला उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल, पूर्व प्रमुख रामचंद्र यादव, हरिश्चंद्र प्रभाकर, वीरेंद्र यादव, राकेश शर्मा आदि ने गंभीर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर गोष्ठी में महेंद्र यादव, हिसामुद्दीन शाह, हीरालाल विश्वकर्मा, नैपाल यादव, राहुल त्रिपाठी, गुलाब यादव, श्यामणरायण बिंद, दीपक विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव डॉ शबनम नाज़ जगदीश प्रसाद मौर्य उर्फ गप्पू सभासद, डॉ. जंगबहादुर यादव, ऋषि यादव, धर्मेंद्र सोनकर, रामजतन यादव, राम अकबाल यादव, अशोक नायक, अजीत कुमार यादव, सिद्धार्थ यादव, अरविंद सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तेंदुए की संदिग्धावस्था में मौत, सड़क किनारे पड़ा मिला शव

- यू.पी.- एम.पी. बॉर्डर पर मालथौन के पास ग्राम आटा की घटना
- सागर वन विभाग की टीम ले गयी तेंदुए का शव

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** शुक्रवार की सुबह यू.पी.-एम.पी. के बॉर्डर एरिया में अमझरा-मालथौन के पास ग्राम आटा में एक नर तेंदुए का शव सड़क किनारे पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह से ही लोगों की भीड़ तेंदुए को देखने के लिए उमड़ पड़ी। वहीं सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश वन विभाग की टीमें तेंदुए का शव पड़ा होने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गयी, जहां से मामला मध्य प्रदेश के आटा में होने के कारण मध्य प्रदेश के सागर जिले से आयी वन विभाग की टीम तेंदुए का शव लेकर रवाना हो गयी। बताया जा रहा है कि अमझरा घाटी से लगे हुये गौना वन रेंज के जंगलों में काफी तादाद में जंगली जानवरों का विचरण देखा व सुना जा रहा था। कई बार जंगल का घातक शिकारी तेंदुए को हाईवे और जंगल से जुड़े कुछ हिस्सों में विचरण करते हुये भी देखा जा रहा था। शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे 44 स्थित अमझरा घाटी से आगे मालथौन के पास ग्राम आटा में तेंदुए का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। कहा जा रहा है कि नर तेंदुआ हाईवे पर विचरण करते हुये सड़क पार कर रहा होगा, तभी तेज गति से भाग रहे किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गयी। तेंदुए का मुंह बुरी तरह से जख्मी दिखायी पड़ा। वहीं वन विभाग इस घटनाक्रम को संदिग्ध मानकर कार्यवाही कर रहा है। अब तेंदुए की मौत कैसे हुयी यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल सूचना मिलने पर आसपास गांव के लोगों की भीड़ मौके पर पहुँच गयी और तेंदुए के शव के साथ फोटो खींचते हुये कुछ लोग भी नजर आये। वहीं दूसरी ओर सूचना के आधार पर मध्य प्रदेश वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए अपने साथ ले गयी।

# आरडीएसओ द्वारा बिरसामुंडा की 150 वीं जयंती पर 'जनजातीय गौरव वर्ष' मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वारा भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 'जनजातीय गौरव वर्ष' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव था,बल्कि उनकी राष्ट्रीय आंदोलन में अमूल्य भूमिका को भी सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

कार्यक्रम की शुरूआत ललित कला अकादमी के सहयोग से आयोजित एक भव्य चित्र प्रदर्शनी हुई। इस प्रदर्शनी ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान को चित्रों के माध्यम से दर्शाया। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की सदस्या श्रीमती अनीता गौतम ने किया। इसके साथ ही आरडीएसओ स्काउट एवं गाइड और मानक नगर विद्यालय की एनसीसी टीम द्वारा प्रस्तुत किये गये गेटवे और गजेट्स को खूब सराहनी मिली।राज्य लोक कला एवं जनजातीय सांस्कृतिक संस्थान के सहयोग से आयोजित थारु सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से रुबरु कराया। साथ ही कलबेलिया नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विकास भारती के सचिव और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, अशोक भगत का प्रेरणादायक व्याख्यान रहा। उन्होंने "Empowering Tribals – Transforming India" विषय पर अपने विचार साझा किएएवं जनजातीय समाज के उत्थान और उनकी राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से समझाते हुए कहा, ''जनजातीय समाज का योगदान राष्ट्र निर्माण में अनमोल है, और हमें इसे पहचानने व प्रोत्साहित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे''। कार्यक्रम में अमरनाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अपने स्वागत भाषण में जनजातीय गौरव वर्ष की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आरडीएसओ के महानिदेशक, उदय बोरवणकर इस अवसर पर उपथित रहे एवं उन्होंने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान और उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया।यह आयोजन बिरसा मुंडा के संघर्ष, उनके आदर्शों और जनजातीय समाज के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक सफल प्रयास था।

## कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करने की मांग

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर केन्द्र और प्रदेश सरकारों से कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू करने की मांग की। संस्था के लालबाग स्थित कार्यालय में जयंती कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अनीस मंसूरी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ और बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री व दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को लोकप्रियता के कारण जननायक कहा जाता है। 24 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तीन दशक तक राजनीति में रहने के बावजूद वसीयत में कर्पूरी ठाकुर सिर्फ झोपड़ी छोड़ गये थे। अपने जीवन में उन्होंने एक चुनाव के अलावा सारे चुनावों में जीत दर्ज की।

# शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी एक अच्छा माध्यम : राज्य मंत्री

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** 26 जनवरी 2025 तक शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित किये जा रहे उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का शुभारंभ आज बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट बहजोई में किया गया। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी एवं जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व विधायक एवं मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों से आयीं छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी एक अच्छा माध्यम है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया। आज जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाए तो सबसे बड़ा प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 2017 में पहली वार उत्तर प्रदेश दिवस मनाने की शुरुआत हुई तव से निरंतर उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है। रामायण एवं महाभारत काल तथा प्राचीन एवं आधुनिक काल में यहाँ वह लोग रहे जिन्होंने उत्तर प्रदेश को ऊचाईयों पर पहुँचाया। उत्तर प्रदेश की जीडीपी में जनपद सम्भल का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का जनपद में अच्छे से क्रियान्वयन हो रहा है। श्री अन्न की उपयोगिता को भी जिलाधिकारी ने बताया है । प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ भी बताये उन्होंने बताया कि अगर कोई उपभोक्ता अपने घर पर 3 किलोवाट का कनेक्शन लगवाता है तो उसकी कनेक्शन लागत एक लाख अस्सी हजार आती है जिसमें से एक लाख आठ हजार सब्सिडी शीघ्र ही प्राप्त हो जाती है। इस प्रकार कुल 72 हजार रुपये ही उपभोक्ता के खर्च होते हैं तथा विद्युत बिल में भी भारी कमी आ जाती है। इसी प्रकार अन्य किलोवाट क्षमता पर भी सब्सिडी का लाभ प्राप्त होता है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री पशुधन सहभागिता योजना के लाभ भी बताए। उन्होंने कहा कि हमको उत्तर प्रदेश दिवस पर यह संकल्प लेना चाहिए सबसे पहले उत्तर प्रदेश उसके बाद हम तथा सबसे पहले जनपद उसके बाद हम,। उन्होंने कहा कि राज्य तथा देश के उन्नयन में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा जिला खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत दो उद्यमी को ईकाई लगाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर दिए गये एवं मुख्यमंत्री टूल किट माटी कला योजना के अन्तर्गत दो लाभार्थियों को निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक प्रदान किये गये।

# तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं

टेलीविजन इंडस्ट्री और बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस अपनी बेदाग खूबसूरती के लिए फैंस के बीच सबसे ज्यादा पॉपुलर है। तेजस्वी की खूबसूरती के उनके फैंस भी दीवाने है। क्या आप भी उनके ग्लोइंग त्वचा का राज जानना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बेदाग खूबसूरत त्वचा का सीक्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया। अब आप भी दमकती त्वचा पाने के लिए घर पर बना सकते हैं यह सीक्रेट होममेड फेस पैक। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।

***होममेड फेस पैक बनाने के लिए जरुरी चीजें***

- दो बड़े चम्मच बेसन
- एक चम्मच दही



***कैसे बनाएं ये फेस पैक***

इस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से मिला लें। इस पैक को लगाने से कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है। बेसन से त्वचा को साफ करने से त्वचा में रंगत आती है। इतना ही नहीं, बेसन त्वचा से मुंहासों, काले धब्बों और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है।

***फेस पैक को यूज करने का तरीका***

इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप फेस पैक को पानी से धो लें।

# दुल्हन को पसंद आती है ट्रेडिशनल मारवाड़ी मेहंदी डिजाइन, आप भी करें ट्राई

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है और इसी के साथ होने वाली दुल्हन एक अच्छी मेहंदी आर्टिस्ट तलाश करना शुरू कर देती हैं। वैसे तो आपको अपने-अपने शहर में अच्छा मेहंदी आर्टिस्ट मिल जाएगा। लेकिन हाथों में कैसी ब्राइडल मेहंदी लगवानी है, उसके लिए अच्छी डिजाइंस की तलाश रहती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे मेहंदी डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं, जो आजकल हर दुल्हन को पसंद आते हैं। साथ ही इन मेहंदी डिजाइंस को लगाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। आपको बता दें कि मेहंदी डिजाइंस को लेकर आजकल की दुल्हन बहुत ज्यादा सिलेक्टिव हो गई हैं। ब्राइडल को ज्यादा पारंपरिक डिजाइंस अच्छी नहीं लगती हैं और न ही उनको मेहंदी लगवाने के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे में दुल्?हन की मेहंदी को ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉर्डन टचअप देने के



लिए हम बहुत सारे एलिमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से मेहंदी की डिजाइन यूनिक हो जाती है।

***लेटेस्ट ब्राइडल मेहंदी डिजाइन***

ब्राइडल के हाथ पर मेहंदी रचानी हो या फिर दूल्हे की भाभी लगानी हो, तो मारवाड़ी ट्रेडिशनल मेहंदी काफी अच्छी लगती है। आप घर में आई मेहंदी आर्टिस्ट को इन फोटोज को जरूर दिखाएं। इससे वह हाथों पर सुंदर मोर और दुल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली डिजाइन काफी अच्छी लगेगी।

***ब्राइडल हिना डिजाइन***

दुल्हन के हाथों पर मेहंदी लगानी है, तो वह इस तरह के दूल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली हिना डिजाइन वाली मेहंदी लगवा सकती हैं।

***ट्रेडिशनल मेहंदी डिजाइन***

यह मेहंदी डिजाइन सिर्फ ब्राइडल ही नहीं बल्कि शादी वाले घर में बहन और भाभियां भी खूब पसंद करती हैं। यह मेहंदी डिइन नई नवेली दुल्हन वाला इफेक्ट भी देती है।

***फ्रंट हैंड मेहंदी डिजाइन***

अगर आपको फ्रंट हैंड पर मेहंदी लगानी है, लेकिन आपको मिनिमल डिजाइन पसंद है। तो आप इस तरह क्रिएटिव तरीके से ब्राइडल पैटर्न को फ्रंट हैंड पर लगवा सकती हैं।

***फुल हैंड मेहंदी डिजाइन***

फूल-पत्तियों के साथ फुल हैंड हिना डिजाइन बेहद अच्छी लगती है और आप इसको आसानी से लगवा सकती हैं।

***पिकॉक पैटर्न हिना डिजाइन***

मोर के पैटर्न वाली फ्रंट हैंड हिना डिजाइन मेहंदी अट्रैक्टिव होने के साथ ही इसको लगाना भी काफी आसान है। इस मेहंदी डिजाइन को भी महिलाएं खूब पसंद करती हैं।

***फ्रंट हैंड पिकॉक पैटर्न सिंपल डिजाइन***

बता दें कि पिकॉक पैटर्न की सिंपल और आसानी सी लगने वाली यह मेहंदी डिजाइन ब्राइडल की मम्मी पर खूब जंचेगी। साथ ही इस डिजाइन को लगाने में अधिक मेहनत भी नहीं लगती है।

# ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए ट्राई करें ये कश्मीरी स्टाइल सूट, हर कोई करेगा ड्रेसिंग सेंस की तारीफ

पार्टी से लेकर ऑफिस तक में न्यू लुक पाने के लिए महिलाएं अक्सर सूट पहनना पसंद करती हैं। सूट में कई तरह की डिजाइंस और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं। जिनको आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन अगर आप किसी खास इवेंट पर न्यू और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको कश्मीरी स्टाइल वाले सूट कैरी करने चाहिए। इस तरह के सूट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं और आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ कश्मीरी स्टाइल वाले सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी करने के बाद आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे।

***फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट***

न्यू लुक पाने के लिए इस तरह के सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस सूट में फ्लोरल डिजाइन में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है। इस सूट में पेंट स्टाइल में सलवार है, जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा। इस तरह



के सूट के साथ नेट का दुपट्टा या शॉल कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको 2,000 रुपए तक में इस तरह का सूट मिल जाएगा। वहीं आप इस सूट के साथ बालों में बन बना सकती हैं और ज्वेलरी में झुमकी कैरी कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी सूट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको सिंपल डिजाइन वाला सूट भी मिल जाएगा। लेकिन इस तरह के सिंपल सूट में जो दुपट्टा है, उसमें एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा और आप इसको ऑफिस या फिर किसी खास इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

***सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट***

अगर आप रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई तरह के कलर और डिजाइन मिल जाएंगे। इस सूट को आप किसी पार्टी या फिर शादी आदि में स्टाइल कर सकती हैं। आप मार्केट से इस तरह के सूट 1,500 से 3,000 तक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप कस्टमाइज्ड जूती वियर कर सकती हैं।

***प्रिंटेड कश्मीरी सूट***

बता दें कि न्यू लुक पाने के लिए यह प्रिंटेड कश्मीर सूट भी बेस्ट है। इस सूट में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का सूट वियर कर सकती हैं। वहीं आप मार्केट या फिर ऑनलाइन भी इस तरह के सूट सस्ते दामों पर ले सकती हैं। प्रिंटेड कश्मीरी सूट के साथ आप सिंपल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं और फुटवियर में फ्लैट्स कैरी कर सकती हैं। प्रिंटेड सूट में आप व्हाइट कलर के कश्मीरी सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। वहीं आप इसमें ग्रीन कलर के प्रिंटेड सूट का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिनको आप खास मौके पर स्टाइल कर अपने लुक को बेस्ट बना सकती हैं।

# चमकती त्वचा पाने के लिए चावल के आटे में मिला लें यह एक चीज फिर देखें चमत्कार, पहले इस्तेमाल से दिखेंगा ग्लो

पुरुष हो या महिला हर किसी को बेदाग त्वचा की चाहत रहती है। हर किसी को क्लियर स्किन जरुर चाहिए। आजकल की खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह स्किन प्रॉब्लम देखने को मिलते है। कई महंगे-महंगे स्किन प्रोडक्ट्स और स्किन केयर सब ट्राई कर लिया लेकिन मनचाह रिजल्ट भी नहीं मिला। इसलिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। चावल का आटा स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है और स्किन केयर में इसका काफी यूज किया जाता है। इसके प्रयोग से आप कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिल सकता है।

***पिंपल के दाग को साफ करता है***

अगर आप मुहांसों के दाग को साफ करना चाहते हैं, तो आप कैस्टर ऑयल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन ई होता है जो स्किन की मरम्मत करने और दाग-धब्बों को



मिटाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए ऑर्गेनिक अरंडी का तेल और 2 बड़े चम्मच चावल का आटा। इसे फेस पैक को बनाने के लिए चावल के आटे में तेल मिला लें। फिर इस पोस्ट को मुहांसे के दाग पर लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

***डार्क सर्कल होंगे दूर***


डार्क सर्कल से छुटकारा पाने के लिए आपको चाहिए चावल में एक चुटकी हल्दी और टमाटर का रस मिलाएं। अब आप चावल के आटे और हल्दी का फेस पैक अपने काले घेरों पर लगाएं और 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इन तीन चीजों में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं।

***हाइपरपिगमेंटेशन की दिक्कत भी होगी दूर***

हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने के लिए चावल का आटा खूब काम आ सकता है।इस फेस पैक को बनाने के लिए नींबू और चावल के आटे का इस्तेमाल करें। दोनों चीजों मिलाने के बाद गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाएं और फिर पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे ठंडे पानी से धोने से पहले 20 मिनट तक लगा रहने दें।

# ठंड में फटी एड़ियों से चाहिए छुटकारा तो एलोवेरा जेल की मदद से बनाएं ये फुट क्रीम

ठंड का मौसम हमारे पैरों के लिए काफी हार्श हो सकता है। नमी की कमी के चलते अक्सर पैरों में रुखापन व क्रैक्ड एड़ियों की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि आप अपने पैरों की अतिरिक्त देखभाल करें। यूं तो मार्केट में कई तरह की फुट क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये काफी महंगी होती हैं और इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप खुद घर पर ही नेचुरल फुट क्रीम बनाकर तैयार करें। इसके लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल आपके पैरों को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ उसे सूदिंग अहसास करवाता है। जिसकी वजह से आपको ठंड में फटे पैरों की वजह से होने वाले दर्द से आराम मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ठंड के मौसम में अपने पैरों का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा जेल की मदद से फुट क्रीम किस तरह बनाकर तैयार कर सकते



हैं।

एलोवेरा जेल और शिया बटर फुट क्रीम

शिया बटर ठंड के दिनों में बहुत रूखी स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, जबकि एलोवेरा जेल से आपको एक सूदिंग और कूलिंग इफेक्ट मिलता है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
2 बड़े चम्मच शिया बटर
1 चम्मच बादाम का तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

सबसे पहले शिया बटर को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में तब तक पिघलाएं जब तक यह पूरी तरह से चिकना न हो जाए।

अब पिघले हुए शिया बटर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

बादाम का तेल डालें और क्रीमी होने तक फेंटें।

इसे ठंडा होने दें और एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

आप इसे नहाने के बाद रोज़ाना एड़ियों पर लगाएं।

एलोवेरा जेल और नारियल तेल फुट क्रीम

एलोवेरा स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, जबकि नारियल तेल नमी को लॉक करता है, जिससे फटी एड़ियों की समस्या ठीक होती है।

***आवश्यक सामग्री***

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
2 बड़े चम्मच नारियल तेल
1 चम्मच विटामिन ई तेल

***फुट क्रीम बनाने का तरीका***

नारियल तेल को हल्का गर्म करें ताकि यह पिघल जाए।

अब एक छोटे कटोरे में एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं।

इसमें विटामिन ई तेल डालें और मिश्रण के चिकना होने तक हिलाएं।

इसे एक छोटे जार में स्टोर करें।

सोने से पहले साफ पैरों पर अच्छी मात्रा में मालिश करें और मोजे से ढक दें।

# सर्दियों में स्किन का याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है। गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें।

***गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क***

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ
1 बड़ा चम्मच शहद

***इस्तेमाल का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

***गुड़ से बनाएं लिप बाम***

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

***आवश्यक सामग्री***

1 चम्मच गुड़
1 चम्मच घी या नारियल का तेल

***इस्तेमाल का तरीका***

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होंठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

***गुड़ से बनाएं स्क्रब***

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

1 बड़ा चम्मच गुड़
1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी
1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

***स्क्रब बनाने का तरीका***

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

# सफेद बालों की समस्या दूर होगी, घर में बना यह तेल, बाल होंगे काले

आजकल युवाओं से लेकर बड़ों लोगों को सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी जीवनशैली और खानपान का असर हमारे शरीर में जरुर देखने को मिलता है। कई कारण से बालों का सफेद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि आप भी बालों के सफेद होने से परेशान हैं, तो घर में बने इस हेयर ऑयल को जरुर लगाएं। जो बालों को काला कर देगी और बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

***बालों को काला करने वाला हेयर ऑयल बनाने का तरीका***

- 1 कप कलौंजी
- 1 कप सरसों का तेल
- पानी

***कैसे बनाएं बालों को काला करने वाला तेल***

- इसके लिए आप एक कप कलौंजी को किसी कांच के बर्तन में रातभर के लिए भिगोकर छोड़ दें।

- अगली सुबह इस पानी के साथ कलौंजी को पीसकर पेस्ट



बना लें।

- फिर आप किसी लोहे की कड़ाही में ये पेस्ट और सरसों का दो कप तेल डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये पककर आधा ना होने लगे। गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ठंडा होने जाने दें।

- अब किसी मलमल के कपड़े से इसे अच्छे से छान लें और तेल को किसी कांच की शीशी में भरकर रख लें और तैयार है बालों को नेचुरली काला करने वाला तेल।

***कैसे बालों पर लगाएं यह ऑयल***

रात को सोने से पहले आप बालों को जड़ो और जिन जगहों पर बाल सफेद हो रहे हैं वहां हेयर ऑयल लगा लें। पूरी रात के लिए छोड़ दें फिर अगली सुबह शैंपू से बालों को धो लें। लगातार कई सप्ताह बालों में तेल लगाने से बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

# कोलेजन को बूस्ट करने में माहिर है ये फल, स्किन बनेंगी चमकदार

चमकदार और अच्छी त्वचा पाने के लिए कोलेजन का होना काफी जरुरी है। यह एक प्रकार का प्रोटीन है, जो स्किन मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप भी नैचुरली तरीके से कोलेजन को बूस्ट करना चाहती हैं, तो आप अपने डाइट में कुछ फलों को जरुर शामिल करें। चलिए आपको इन फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करने से कोलेजन बूस्ट होता है।

***संतरे***

संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी मौजूद होती है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। संतरे के सेवन से चेहरे पर चमक आती है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

***बेरीज***

जितनी भी बेरीज मौजूद है जैसे कि-स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी में कोलेजन



मात्रा भरपूर होती है। इन सभी बेरीज में जरुरी विटामिन सी होता है। जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। आमतौर पर इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

***ट्रॉपिकल फ्रूट्स***

कोलेजन के बढ़ाने के लिए आप अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फलों का सेवन करना जरुरी है। यह फल के स्वाद के साथ ही शरीर को आंतरिक रूप से पोषण देता है। तरबूज में पानी की मात्रा सबसे ज्यादा होती है और स्किन का हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

***ग्रेप फ्रूट***

अंगूर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट सबसे ज्यादा पाया जाता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई होती है। इससे आपको कोलेजन भी काफी बढ़ता है।

***एवोकाडो***

यह फल हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई मौजूद होता, जो स्किन के कोलेजन को बढ़ाता है।

## छह साल बाद जेल से बाहर आएं शोधकर्ता विल्सन व कार्यकर्ता धवले, बॉम्बे हाईकोर्ट



**मुंबई।** एल्गार केस में छह साल पहले गिरफ्तार हुए शोधकर्ता विल्सन और कार्यकर्ता धवले आखिरकार आज जेल से बाहर आ गए। 8 जनवरी को इन दोनों को जमानत देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा था कि वे 2018 से जेल में हैं और उनके खिलाफ मामला अब तक शुरू नहीं हुआ है। शोधकर्ता रोना विल्सन और कार्यकर्ता सुधीर धावले को शुक्रवार को मुंबई हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जहां उन्हें एल्गार परिषद-माओवादी मामले में रिहा कर दिया गया है। दोनों छह साल से ज्यादा समय से जेल में थे। बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने 8 जनवरी को इन दोनों को जमानत देते हुए कहा था कि वे 2018 से जेल में हैं और उनके खिलाफ मामला अब तक शुरू नहीं हुआ है। इसके बाद, शुक्रवार को विशेष एनआईए अदालत में जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, वे दोपहर करीब 1÷30 बजे नवी मुंबई की तलोजा जेल से बाहर आए।

उच्च न्यायालय ने रोना विल्सन और सुधीर धावले को राहत देते हुए कहा कि वे 2018 से जेल में हैं और उनके खिलाफ आरोप भी अभी तय नहीं किए गए हैं। अभियोजन पक्ष ने 300 से ज्यादा गवाहों का हवाला दिया है, इसलिए मामले के जल्द निपटने की संभावना नहीं है। एक आपराधिक मामले में आरोप तय होने के बाद ही मुकदमा शुरू होता है। साथ ही इस मामले में धवले और विल्सन के अलावा 14 अन्य कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से आठ लोगों को जमानत मिल चुकी है, जिनमें वरवर राव, सुधा भारद्वाज, आनंद तेलतुम्बडे, वर्नोन गोंजाल्विस, अरुण फरेरा, शोमा सेन, गौतम नवलखा और महेश राउत शामिल हैं। महेश राउत की जमानत को लेकर एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है और इस कारण वह अभी भी जेल में हैं।

# भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को क्लीन चिट देने का लगाया आरोप

**आलोचना**

**मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, भाजपा के राज्य प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने भी लोकायुक्त पुलिस की आलोचना की।**




**बंगलूरू।** कर्नाटक में मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को क्लीन चिट मिलने के मामले में भाजपा ने आरोप लगाते हुए लोकायुक्त जांच पर भी सवाल उठाए हैं। हालांकि इस मामले में सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, जबकि लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि अभी तक अंतिम रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। भाजपा ने शुक्रवार को मीडिया में आई उन खबरों के मद्देनजर मुडा घोटाले में लोकायुक्त जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, जिनमें कहा गया है कि लोकपाल की पुलिस शाखा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी है। सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और उनके पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी यहां एक विशेष अदालत के निर्देश पर लोकायुक्त पुलिस की तरफ से दर्ज मामले में आरोपी हैं। एक दैनिक अखबार में छपी खबर मुडा मामला÷ सिद्धारमैया को लोकायुक्त की क्लीन चिट? को साझा करते हुए कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि लोकायुक्त की जांच एक दिखावा है और उनकी तरफ से प्रस्तुत रिपोर्ट महज सीएम सिद्धारमैया को बचाने के लिए एक रिपोर्ट है। उन्होंने कहा, यह लोकायुक्त की रिपोर्ट नहीं है, बल्कि %सिद्धारमैया बचाओ रिपोर्ट है। अशोक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सिद्धारमैया, जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल में लोकायुक्त संस्था को कमजोर किया था और बाद में उच्च न्यायालय ने उन्हें फटकार लगाई थी, अब अपने दूसरे कार्यकाल में लोकायुक्त संस्था को अपनी कठपुतली बना लिया है।

मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, भाजपा के राज्य प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने भी लोकायुक्त पुलिस की आलोचना की। जबकि उच्च न्यायालय ने अभी तक मुडा मामले पर अपना फैसला नहीं सुनाया है, एक रिपोर्ट सामने आई है कि लोकायुक्त ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को क्लीन चिट दे दी है। विजयेंद्र ने एक्स पर कहा- मुख्यमंत्री के दबाव में क्लीन चिट दी गई थी। उन्होंने कहा, %कोई भी जांच एजेंसी बिना आधार के जानकारी नहीं देती है। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से मुडा मामले में सबूतों के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के तुरंत बाद लोकायुक्त ने जल्दबाजी में सिद्धारमैया को क्लीन चिट दे दी।

## काल बना ईयरफोन, गाने सुनते हुए पटरी पार करना पड़ा भारी




**मुंबई।** पालघर जिलें 16 वर्षीय किशोरी के लिए ईयरफोन से गाना सुनते-सुनते पटरी पार करना काल बन गया। जहां युवती ने ट्रेन आने की आवाज नहीं सुनी और उसके चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। महाराष्ट्र के पालघर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक 16 वर्षीय किशोरी का इयरफोन लगाकर ट्रेन की पटरी पार करना भारी पड़ गया। जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मामले में अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार दोपहर 1.10 बजे सफले और केल्वे रोड रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। मृतक लड़की वैष्णवी रावल जिले के मकने गांव की रहने वाली थी। अधिकारियों ने मामले में बताया कि जब वैष्णवी ट्रैक पार कर रही थी तभी कोचुवेली-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की शायद आने वाली ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाई होगी, क्योंकि उसने ईयरफोन लगा रखा था। जीआरपी अधिकारी ने आगे बताया कि ट्रेन से टक्कर लगने के बाद लड़की को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह घटना उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में 12 यात्रियों की मौत के एक दिन बाद हुई, जब वे आग लगने के डर से जल्दबाजी में 12533 लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस से कूद गए, और बगल की पटरियों पर बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया।

# वायनाड में कॉफी तोड़ने गई महिला पर बाघ ने किया हमला, मौत



**वायनाड।** मंत्री ने आश्वासन दिया कि बाघ को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में बाड़ लगाने की परियोजना के अलावा कुछ भी नहीं किया गया है। केरल के वायनाड में मननथावाडी गांव के प्रियदर्शिनी एस्टेट में शुक्रवार की सुबह को बाघ के हमले में एक 47 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इस हादसे को लेकर इलाके में स्थानीय लोगों ने तीव्र विरोध प्रदर्शन किया। यह घटना राज्य विधानसभा में केरल वन मंत्री एके ससींद्रन के बयान के बाद घटी, जिसमें उन्होंने राज्य में मानव-पशु संघर्ष कम होने का दावा किया था। उन्होंने बताया था कि राज्य सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

प्रियदर्शिनी एस्टेट में बाघ के हमले वाली घटना के बाद वन मंत्री ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, बाघ को पकड़ने या मारने के आदेश जारी किए गए हैं। ससींद्रन ने यह भी कहा कि हादसे के बाद से लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ओ आर केलू प्रदर्शनकारियों से बात करने के लिए मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन ने बताया कि महिला जब कॉफी तोड़ने गई थी तब बाघ ने उनपर हमला किया। वन अधिकारियों को पेट्रोलिंग के दौरान महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं ले जाने देकर मंत्री केलू के समक्ष अपना विरोध जताया। एस्टेट की कई महिलाओं ने मंत्री केलू ने कहा कि बाघ को पकड़ लिया जाना चाहिए या फिर उसे मार दिया जाना चाहिए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि बाघ को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में बाड़ लगाने की परियोजना के अलावा कुछ भी नहीं किया गया है। मंत्री ने कहा, लोगों से आग्रह किया कि आगे की प्रक्रिया पोस्टमॉर्टम के लिए महिला के शव को छोड़ दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए अधिकतम संभव सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरआरटी (रैपिड रिस्पांस टीम) इकाइयों की तैनाती समेत कई कदम उठाए जाएंगे।

# क्या नोएडा प्राधिकरण ने भू-स्वामियों को ज्यादा मुआवजा दिया

**मुआवजा**

**पीठ ने कहा कि आरोप है कि अवैध रूप से कुछ भू-स्वामियों को भारी मात्रा में मुआवजा दिया गया, जबकि वह इतने मुआवजे के हकदार नहीं थे।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस मामले की जांच के लिए गठित समिति के कामकाज से भी असंतुष्टि जाहिर की और इसकी जांच के लिए एक अलग एसआई गठित करने का आदेश दिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने नोएडा अथॉरिटी द्वारा भू-स्वामियों को दिए गए कथित अवैध मुआवजे की जांच के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को नियुक्ति किया है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोएडा अथॉरिटी के कानूनी सलाहकार और एक अन्य कानूनी अधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया। इन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप है।

पीठ ने कहा कि आरोप है कि अवैध रूप से कुछ भू-स्वामियों को भारी मात्रा में मुआवजा दिया गया, जबकि वह इतने मुआवजे के हकदार नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस मामले की जांच के लिए गठित समिति के कामकाज से भी असंतुष्टि जाहिर की और इसकी जांच के लिए एक अलग एसआई गठित करने का आदेश दिया। इस एसआईटी में आईपीएस अधिकारी और लखनऊ जोन के एडिश्नल जनरल ऑफ पुलिस एस बी शिराडकर, इंस्पेक्टर जनरल सीबीसीआईडी मोदक राजेश डी राव और यूपी स्पेशन रेंज सिक्योरिटी बटालियन के कमांडेंट हेमंत कुटियाल को शामिल किया गया है।

23 जनवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच समूह (एसआईटी) इस बात की जांच करेगा कि कुछ भू-स्वामियों को अवैध रूप से अधिक मुआवजा तो नहीं दिया गया है। अगर ऐसा हुआ है तो उस समय इस भुगतान के लिए कौन-कौन अधिकारी जिम्मेदार थे। साथ ही एसआईटी इस बात की भी जांच करेगी कि क्या अवैध मुआवजा पाने वाले भू-स्वामियों और अधिकारियों के बीच कोई सांठगांठ तो नहीं थी। साथ ही इसकी भी जांच होगी कि क्या नोएडा अथॉरिटी के पूरे कामकाज में पारदर्शिता, निष्पक्षता की कमी तो नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से भी तीन अधिकारियों के नाम मांगे हैं, जिन्हें एसआईटी में शामिल किया जाएगा। साथ ही एसआईटी को निर्देश दिाय है कि वे दो महीने के भीतर एक सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट अदालत में पेश करें। अदालत ने अपने आदेश में फिलहाल भू-स्वामियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है, जिन्हें कथित तौर पर अवैध मुआवजा मिला।

## बंगाल के अस्पताल में चिकित्सा सुविधा की कमी को लेकर हिंसा

**कोलकाता।** पूर्वी बर्धमान के शक्तिगढ़ में स्वेतिपल्ली के एक युवक को पैर में चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज से नाखुश मरीज के कुछ परिजन और दोस्तों ने कथित तौर पर अस्पताल के अधिकारियों के साथ बहस की। पश्चिम बंगाल के बर्धमान शहर में एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में गुरुवार रात जमकर हंगामा हुआ। देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। अस्पताल में उस समय हंगामा मचा, जब कथित चिकित्सा सुविधा की कमी को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि विवाद के दौरान लोगों के एक समूह ने चिकित्सकों, अस्पताल कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों पर हमला किया। दरअसल, पूर्वी बर्धमान के शक्तिगढ़ में स्वेतिपल्ली के एक युवक को पैर में चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संभल मे तोड़फोड़ मामले में अवमानना याचिका पर सुनवाई एक हफ्ते बाद



**नई दिल्ली।** संभल अधिकारियों के खिलाफ पर दायर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। इसको लेकर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर के वकील ने अदालत से मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह संभल में अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली याचिका पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। बता दें कि यह मामला इस वजह से उठाया गया था, क्योंकि बीते दिनों संभल हुई तोड़फोड़ के आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने संपत्तियों को ध्वस्त किया था। इसके विरोध में याचिकाकर्ता ने इसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन बताते हुए सर्वोच्च न्यायल का दरवाजा खटखटाया था। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर के वकील ने अदालत से मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह का समय मांगा, क्योंकि बहस करने वाले वकील को व्यक्तिगत परेशानी हो रही थी। कोर्ट ने वकील की बात मानी और याचिका पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करने का निर्णय लिया। मामले में याचिकाकर्ता ने अपने वकील चांद कुरैशी के माध्यम से एक याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पिछले साल 13 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का उल्लंघन किया गया। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया था कि बिना किसी कारण बताओ नोटिस के किसी भी संपत्ति को न तोड़ा जाए और प्रभावित व्यक्तियों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए। साथ ही दायर याचिका में यह कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के संभल में अधिकारियों ने याचिकाकर्ता या उसके परिवार के किसी सदस्य को पूर्व सूचना दिए बिना 10-11 जनवरी को उनकी संपत्ति के एक हिस्से को बुलडोजर से तोड़ दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि उनके पास संपत्ति से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज, स्वीकृत नक्शे और अन्य संबंधित कागजात थे, लेकिन फिर भी अधिकारियों ने उनकी संपत्ति को ध्वस्त कर दिया।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के नवंबर 2024 के फैसले में यह स्पष्ट किया गया था कि सार्वजनिक स्थानों जैसे सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जल निकायों पर अनधिकृत संरचनाओं के ध्वस्तीकरण के लिए कोई आदेश नहीं होगा, जब तक कि अदालत द्वारा ऐसा आदेश नहीं दिया जाए।

## अमेरिका में जॉन रैटक्लिफ सीआईए प्रमुख नियुक्त

**वॉशिंगटन।** हेगसेथ के नाम की पुष्टि के लिए 49 के मुकाबले 51 वोट पड़े। अंतिम वोट शुक्रवार को होने की उम्मीद है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक शूमर ने अपने सहयोगियों से हेगसेथ के नाम पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने नए मंत्रिमंडल में जॉन रैटक्लिफ को सीआईए निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने की मंजूरी दे दी है। इसी के साथ ट्रंप को अपने मंत्रिमंडल में दूसरा सदस्य मिल गया। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के तौर पर पहले कार्यकाल के दौरान रैटक्लिफ राष्ट्रीय खुफिया निदेशक थे। पिछले सप्ताह सीनेट की सुनवाई में रैटक्लिफ ने कहा था, रूस और चीन से निपटने के लिए एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल करने के मामले में सीआईए को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए।

# लॉस एंजिलिस में सुधर रहे हालात; अब सैन डिएगो काउंटी से उठ रहे आग के गुबार

**आग**

**दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग के खतरे को देखते हुए शुक्रवार तक चेतावनी जारी की गई है, क्योंकि तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है।**



**लॉस एंजिलिस।** कैलिफोर्निया में आग पर काबू पाने के लिए कर्मियों का संघर्ष जारी है। जहां लॉस एंजिलिस में लगातार प्रयास के बाद थोड़ी राहत की खबर है तो वहीं सैन डिएगो काउंटी में आग की लहर फिर से भड़क उठी है। हालांकि मौसम विभाग ने कल बारिश का अनुमान लगाया है, जिससे अधिकारियों में राहत देखने को मिल रही है। कैलिफोर्निया पिछले कई दिनों से आग की लहर से धधक रहा है। एक तरफ जहां लॉस एंजिलिस के पास ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों में लगी आग पर काबू पाने के काम में तेजी लाई गई और हालात में सुधार की स्थिति दिखने लगी है। स्थिति में सुधार को देखते हुए लोगों के स्थानांतरण पर कुछ क्षेत्रों में रोक दिया गया है। वहीं दूसरी ओर एक बार फिर दक्षिण कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में आग की लहर भड़क उठी है, जिसके कारण लोगों को एक बार फिर अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग के खतरे को देखते हुए शुक्रवार तक चेतावनी जारी की गई है, क्योंकि तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। बता दें कि ह्यूजेस फायर नामक आग बुधवार को शुरू हुई और कुछ ही घंटों में लगभग 16 वर्ग मील इलाके में फैल गई। यह आग कैस्टिक झील के पास लगी, जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यह क्षेत्र ईटन और पैलिसेड्स की आग से लगभग 40 मील दूर है, जो पहले से जल रही है। लॉस एंजिलिस के उत्तर में पहाड़ों में लगी बड़ी जंगली आग को रोकने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने हवाई मदद ली, जिससे थोड़ा राहत देखने को मिला। बता दें कि ह्यूजेस फायर पर देर दोपहर तक कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण प्रगति की, जिसमें से एक तिहाई से अधिक पर काबू पा लिया गया। इसके आधार पर अधिकारियों ने गुरुवार को हजारों लोगों के लिए निकासी आदेश हटा दिए। हालांकि, सैन डिएगो काउंटी में एक नई आग भड़कने से कुछ लोगों को फिर से निकालना पड़ा। वहीं मामले में फायर प्रवक्ता जेरेमी रुइज ने कहा कि सप्ताह के अंत में बारिश होने का अनुमान है, जो दक्षिणी कैलिफोर्निया के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म कर सकती है। इसके साथ ही, हवाएं भी अब उतनी तेज़ नहीं हैं जैसी पहले पैलिसेड्स और ईटन में आग के समय थी, जिससे अग्निशमन विमानों को अग्निरोधी रसायन गिराने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टरों ने सुबह 3 बजे तक पानी गिराया, जिससे आग पर काबू पाया गया। साथ ही मामले में लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग ने कहा कि कास्टिक क्षेत्र में करीब 54,000 लोग निकासी चेतावनियों के तहत थे, लेकिन अब तक किसी भी घर या अन्य संरचनाओं के जलने की रिपोर्ट नहीं आई।

## माइकल मार्टिन दूसरी बार बने आयरलैंड के प्रधानमंत्री

**आयरिश**

**यह गठबंधन फियाना फेल और फाइन गेल के बीच दूसरी साझेदारी है। दोनों पार्टियां 1937 से ही आयरिश राजनीति पर हावी रही है।**



**डबलिन।** 64 वर्षीय माइकल मार्टिन ने इससे पहले 2020 से 2022 तक आयरलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। गठबंधन समझौते के अनुसार, फाइन गेल के साइमन हैरिस 2027 में आयरलैंड के प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। गुरुवार को संसद में मतदान के बाद माइकल मार्टिन को दूसरे कार्यकाल के लिए आयरलैंड का प्रधानमंत्री चुना गया। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी ने बताया कि भारत आयरलैंड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करना चाहता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आयरलैंड के प्रधानमंत्री बनने के लिए माइकल मार्टिन को बधाई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आयरलैमड के साथ मिलकर काम करने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। फियाना फेल पार्टी के नेता माइकल मार्टिन को उनके नामांकन के पक्ष में 95 वोट और विरोध में 76 वोट पड़े। मार्टिन एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे, जिसमें फियाना फेल, उसके ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्वी फाइन गेल और निर्दलीय सांसद शामिल होंगे। बुधवार को मतदान के बाद मार्टिन के नामांकन में देरी हुई। इस दौरान विपक्ष के विरोध के कारण आयरिश संसद को स्थगित कर दिया गया था। बातचीत के माध्यम से गतिरोध को रात भर सुलझाया गया, जिसके कारण अगले दिन मतदान शुरू हो सका। यह गठबंधन फियाना फेल और फाइन गेल के बीच दूसरी साझेदारी है। दोनों पार्टियां 1937 से ही आयरिश राजनीति पर हावी रही है। निर्दलीय मंत्री ग्रीन पार्टी की जगह लेंगे। 64 वर्षीय माइकल मार्टिन ने इससे पहले 2020 से 2022 तक आयरलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। गठबंधन समझौते के अनुसार, फाइन गेल के साइमन हैरिस 2027 में आयरलैंड के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को 21 साल का होने पर छोड़ना होगा अमेरिका



**वॉशिंगटन** एच-1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है, जिसकी मदद से अमेरिकी कंपनियां कुशल विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त कर सकती हैं। अमेरिका की तकनीकी कंपनियां एच-1बी वीजा की मदद से ही हर साल हजारों विदेशी कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं। अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने ट्रंप सरकार की एच-1बी वीजा नीति की आलोचना की है। दरअसल नीति के तहत एच-1बी वीजा धारकों के बच्चे प्रभावित होंगे और 21 साल का होने पर उन्हें अमेरिका छोड़ना होगा। नीति की आलोचना करने वाले डेमोक्रेट सांसद ने नीति की आलोचना करते हुए कहा कि बच्चों को ऐसे देश भेजना गलत है, जिसे वो जानते नहीं हैं और न ही उनका वहां कोई सपोर्ट नेटवर्क है। एच-1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है, जिसकी मदद से अमेरिकी कंपनियां कुशल विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त कर सकती हैं। अमेरिका की तकनीकी कंपनियां एच-1बी वीजा की मदद से ही हर साल हजारों विदेशी कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं। एच-1बी वीजा के आधार पर अमेरिका में नौकरी करने वाले सबसे ज्यादा कर्मचारी चीन और भारत के होते हैं।

# किम जोंग समझदार व्यक्ति, ट्रंप ने उत्तर कोरिया पर साफ किया रुख



**वाशिंगटन** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर कोरिया के साथ उनके संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने किम जोंग को समझदार व्यक्ति बताते हुए इस बात पर सहमति जताई कि वे उत्तर कोरिया की यात्रा कर सकतें है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में वापसे के साथ ही अपनी नीति और नीयत साफ कर दी है। इसके तहत उन्होंने रूस से लेकर उत्तर कोरिया तक से अमेरिका के संबंध पर खुलकर बातचीत की। साथ ही इन देशों के लिए सकारात्मक संदेश भी जारी किए, जो कि दुनियाभर के लिए चौकाने वाला था। इसी सिलसिले में राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने दक्षिण कोरियाई नेता किम जोंग के बारे में बात की। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान किम को स्मार्ट आदमी बताते हुए उत्तर कोरियाई यात्रा करने की बात पर सहमति जताई है। इंटरव्यू में बातचीत के दौरान जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उत्तर कोरियाई नेता के साथ किम जोंग के साथ संबंध पर सवाल किए तो उन्होंने उन्हें स्मार्ट आदमी बताते हुए कहा कि वह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग से संपर्क करने वाले है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने किम के साथ अच्छा संबंध स्थापित किया है और किम धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं। साथ ही ट्रंप ने चीन के साथ संबंध पर भी बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुझे राष्ट्रपति शी जिनपिंग बहुत पसंद हैं, मैं हमेशा से उन्हें पसंद करता रहा हूं। हमारे बीच हमेशा बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि वुहान से कोविड-19 के आने के बाद अमेरिका और चीन के संबंध बहुत तनावपूर्ण थे...लेकिन इससे इतर हमारे बीच हमेशा बढ़िया संबंध रहे हैं। हम चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखने के अलावा साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। क्या किम जोंग, क्या शी जिनपिंग ट्रंप, पुतिन से भी बिगड़ते रिश्ते को सुधारने की पहल करते हुए दिखें। जहां उन्होंने अपने बयान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बुद्धिमान बताया था। उन्होंने मंगलवार को दोहराया कि उन्हें पुतिन से बहुत जल्द बात करने की उम्मीद है। ट्रंप ने एक बार फिर पुतिन से यूक्रेन पर लगभग तीन साल पुराने रूसी आक्रमण को रोकने का आह्वान किया। ट्रंप ने दावा किया कि अगर वे राष्ट्रपति होते तो संघर्ष कभी नहीं होता।

# मेरी विधायकी जन सेवा को समर्पित है और रहेगी : डॉ. रागिनी सोनकर

- बच्चों से बोली, विधायक नहीं रागिनी दीदी बोलो
- बनवासी बच्चों के बीच पहुंचीं विधायक रागिनी सोनकर, सशक्तिकरण का संदेश दिया



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने समाज के सबसे पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल की। गुरुवार को वह भटहर गांव की बनवासी बस्ती में पहुंचीं और वहां के बच्चों और महिलाओं के साथ समय बिताया। विधायक ने न केवल बच्चों को नहलाकर नए कपड़े पहनाए, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखने का भी प्रयास किया।महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. रागिनी सोनकर ने लगभग 100 बच्चों को उनकी माताओं और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर नहलाया, ब्रश कराया, और अपने हाथों से नए कपड़े पहनाए। बच्चों को चप्पलें, स्कूल बैग, किताबें, पेंसिल और अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों के साथ पाठशाला लगाकर उन्होंने उन्हें अंग्रेजी भी पढ़ाई। इस दौरान विधायक ने बनवासी बस्ती की महिलाओं और बच्चों के साथ भोजन किया और उनके बीच आत्मीयता का संचार किया। उन्होंने कहा, बनवासी समाज अत्यंत पिछड़ा है। इन्हें शिक्षित और सशक्त करने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने आस-पास की बस्तियों में जाकर इन बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करे।÷ उन्होंने कहा कि मेरी विधायकी जन सेवा को समर्पित है और हमेशा रहेगी। इसीलिए मैं चिकित्सा के साथ-साथ राजनीति को चुनी हूं।डॉ. सोनकर ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए नशा और शराब की लत छुड़ाने की बात कही। उन्होंने कहा, ÷यदि पतियों की नशे की आदतें खत्म होंगी, तो बच्चे भी बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकेंगे। नशा मुक्त परिवार ही समाज के विकास का आधार बन सकता है।÷कार्यक्रम में विधायक ने महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। बच्चों की शिक्षा और परिवार की खुशहाली में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। इस पहल से बनवासी बस्ती के लोगों में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ। विधायक का यह प्रयास दिखाता है कि सामाजिक बदलाव के लिए संवेदनशीलता और सक्रियता कितनी जरूरी है।

## आज बृहद् रूप से मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**जौनपुर।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जनपद में 25 जनवरी को 15वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में टी. डी. इन्टर कालेज परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित है। नगर के सभी इन्टर व डिग्री कालेज से छात्र छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर बैनर के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल टी डी इन्टर कालेज पहुंचेगे। जहाँ पर मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली, मेहंदी व पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित होगी, तथा विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। नये युवा मतदाता को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया जायेगा। सभी को मतदाता की शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि निर्वाचन आयोग की मंशा नुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूर्ण मनोयोग एंवम हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाय।

# रघुवीर महाविद्यालय को सम्मान मिलना गर्व की बात: गौरी शंकर

- नैक मूल्यांकन में रघुवीर महाविद्यालय को मिला बी डबल प्लस ग्रेड



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुजानगंज)** क्षेत्र के रघुवीर महाविद्यालय को नैक की बी डबल प्लस की मान्यता मिलने पर क्षत्रीय लोगों ने जताई प्रसन्नता जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों को मिलेगी अच्छी शिक्षा। किसी भी व्यक्ति या संस्था को जब कोई सम्मान मिलता है तो उसकी जीवन भर की मेहनत सफल हो जाती है और जो गर्व महसूस होता है उससे बढ़कर कोई खुशी नहीं होती।इसलिए सम्मान पाने से बढ़कर उसे बचाकर रखना और चुनौती पूर्ण होता है।उक्त बाते पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त गौरीशंकर सिंह ने रघुवीर महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद नैक द्वारा बी डबल प्लस ग्रेड का सम्मान मिलने पर आयोजित सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अब विद्यालय परिवार की जिम्मेदारी और बढ़ गई है और निरंतर उपलब्धियां हासिल करने की भूख होनी चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर अवधेश श्रीवास्तव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास से मिला है।

उन्होंने कहा कि नैक की ग्रेटिंग नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियमानुसार बनाई गई है।इससे समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025 से छात्रों की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। गौरतलब हो कि 10 जनवरी को नैक टीम के तीन सदस्यीय टीम विद्यालय में पहुंची थी और दो दिनों तक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक संसाधनों सहित अन्य मानकों की जांच करने के बाद यह सम्मान हासिल हुआ है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जय प्रकाश तिवारी ने किया एवं आभार शारदा प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य नागेंद्र यादव ने किया।

इस दौरान डा.विनय त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, डॉ प्रतिमा, डाक्टर संजू शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**बांदा।** बबेरू कस्बे के कोतवाली रोड स्थित बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर में बबेरू उप जिलाधिकारी नमन मेहता डाक्टर राजेश मोहन गुप्ता संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चित्रकूट धाम मंडल बांदा पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह के साथ संयुक्त रूप से दोपहर करीब 1रू30 बजे बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर कोतवाली रोड बबेरू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने के दौरान संस्था के पंजीकृत डाक्टर रेडियोलाजिस्ट अखिलेश कुमार अनुपस्थित पाए गए। वहीं डायग्नोस्टिक सेंटर में उपस्थित महिलाओं के द्वारा बताया गया कि उनका अल्ट्रासाउंड स्टाफ के मौजूद लोगों के द्वारा किया गया है। तुरंत मौके पर उपस्थित डायग्नोस्टिक सेंटर के कर्मचारियों के द्वारा ना तो सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत किए गए, और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। जिससे अनियमितता परिलक्षित होने की स्थिति पर बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर बबेरू को अग्रिम आदेशों तक सील कर दिया गया है। इस मौके पर बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर ऋषिकेश सिंह एवं नायब तहसीलदार मनोहर सिंह तहसील के वरिष्ठ लिपिक रईस खान बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय संगठन एआईओसीडी के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे के 75वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दवा व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दिनेश प्रसाद सिन्हा व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर हुआ। संगठन महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों ने रक्तदान के साथ रजिस्ट्रेशन भी कराया है ताकि आगे कभी भी जरूरत पड़े तो रक्तदान कर सके। यह अभियान अभी 26 जनवरी तक चलेजा। आज के इस शिविर में कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया है। इस तरह के महाभियान के लिए संगठन ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस दौरान रंजन राय, मुकेश सिंह, संजीव रतन सिंह, रोहित गोयल, सुब्रतो सरकार, वंशीधर, अतुल रूंगटा, जंगी यादव आदि मौजूद रहे।

# डॉ0 इंद्रनील घोष राष्ट्रीय युथ प्रेरणा अवार्ड 2025 से सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज के फुटबॉल प्रशिक्षक डॉ0 इंद्रनील घोष को राष्ट्रीय युथ प्रेरणा अवार्ड 2025 से सम्मांनित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू एवं विशिष्ट अतिथि स्मृति रस्तोगी ने इंद्रनील घोष को ये अवार्ड दिया। प्रति वर्ष पराक्रम दिवस 23 जनवरी (नेताजी सुभास चंद्र बोस के जन्म दिवस) पर दिए जाने वाले इस बार यह राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह एलटीजी ऑडिटोरियम, मंडी हाउस, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। माता मीरा घोष एवं पिता जयंत कुमार घोष के सुपुत्र डॉ0 इंद्रनील को इससे पहले पेफी राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 , चेतन चौहान राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित हो चुके है एवं हाल ही में मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त हुई। डॉ0 इंद्रनील की माँ मीरा घोष ने कहा की बेटे की कड़ी मेहनत, विनम्रता और अपने खेल के प्रति प्यार ही सर्वोत्तम तरीके से प्रतिफल दे रहा है। पत्नी पिंकी घोष ने कहा की इनके खेल के प्रति निष्ठा एवं लगन ने इनको निरंतर सफलता प्राप्त हो रही है जो की हम सबके लिए गर्व की बात है। हाल ही में इंद्रनील संतोष ट्रॉफी 2024-25 सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में त्रिपुरा टीम के गोलकीपर प्रशिक्षक भी थे। वर्तमान में डॉ0 इंद्रनील घोष नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने मुख्य प्रशिक्षक है। इंद्रनील कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में टेकिन्कल ऑफिसियल एवं स्पोर्ट्स मैनेजर के रूप में राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010, झारखण्ड राष्ट्रीय खेल 2011, एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, जूनियर एशियाई टेनिस चैंपियनशिप 2012, सैफ (साउथ एशियाई) अंतराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2011, 2015 में काम कर चुके है द्व इसके अलावा प्रशिक्षक के तौर पर कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है।

# महिला सशक्तिकरण हेतु आकांक्षा समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभनगर काली रोड स्थित मीडिया सेंटर (कॉन्फ्रेंस हॉल) में आकांक्षा समिति प्रयागराज द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूह के स्टॉल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकांक्षा समिति की राज्य प्रमुख श्रीमती रश्मि सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना नृत्य गीत से हुआ। स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी भव्य और शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा समिति द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही, छात्राओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में आकांक्षा समिति के पदाधिकारियों के साथ स्कूल की शिक्षिकाएं, महिलाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा समिति द्वारा उत्तर प्रदेश के 75 जिलों और जम्मू-कश्मीर से आए स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी अवसर पर आकांक्षा समिति ने पर्यटन विभाग, जेल विभाग और साउख्यम संस्था के साथ तीन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों के तहत आकांक्षा समिति के उत्पाद इन विभागों में भेजे जाएंगे।

आकांक्षा समिति की राज्य प्रमुख श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि समिति का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और आय सृजन के माध्यम से वंचित और हाशिए पर पड़ी महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना है। समिति की मंडलीय अध्यक्ष श्रीमती हेमा पंत और जिला अध्यक्ष श्रीमती कविता मीणा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ अनाथ बच्चों की शिक्षा और महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

**जौनपुर (शाहगंज)।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में एक किशोरी के साथ एक अधेड़ ने छेड़खानी किया। पीड़ित किशोरी ने घटना की सूचना परिजनों को दिया। पीड़िता के पिता के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी अब्दुल हक उर्फ हक्का ने शुक्रवार को गांव की ही एक किशोरी कही जा रही थी कि रास्ते में किशोरी को अकेला देख छेड़खानी करने लगा। किशोरी किसी तरह से भगाकर अपनी इज्जत बचाई। घर जाने के बाद पीड़िता ने मामले की सारी जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर शनिवार को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस परेड की पूर्वाभ्यास



**आजमगढ़।** पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में 76वें गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास, गणतंत्र दिवस की भव्य परेड का होगा आयोजन। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के नेतृत्व में पुलिस लाईन्स आजमगढ़ में 76वें गणतंत्र दिवस का पूर्वाभ्यास किया गया। परेड में कुल 08 टोलियां शामिल हुयी। प्रथम परेड कमाण्डर अनन्त चन्द्रशेखर (स0पु0अ0), द्वितीय परेड कमाण्डर शुभम तोड़ी (क्षेत्राधिकारी सगड़ी), तृतीय परेड कमाण्डर एस0आई0ए0पी0 विजय कुमार सिंह हैं। इन टोलियों में पु0का0, नागरिक पुलिस, सीईआर, एईआर, महिला पीएसी, होमगार्डस, सीटीएस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया है। पुलिस विभाग के अन्य दस्ता जैसे मोटर साईकिल स्क्वायड, वायरलेस, फिल्ड यूनिट, डाग स्क्वायड, डायल 112 मोटर साइकिल, डायल 112 इनोवा, डायल 112 बोलेरो, इगल मोबाइल मो0 साइकलि एन्टी रोमियो, सर्विलांस, क्यूआरटी दस्ताध्स्वाट टीम (वज्र), कैम्मो फ्लाइज वाहन (आधुनिक दस्ता) फायर सर्विस सहित अन्य दस्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनपद स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आज बांदा में जनपद स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर और फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विकास भवन से कलेक्ट्रेट सभागार तक एक रैली का आयोजन हुआ, जिसका संचालन डा. अर्चना भारती, आयुष चिकित्साधिकारी ने किया। इस रैली में विभिन्न स्कूलों की छात्राएं, ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और अन्य कर्मचारी शामिल हुए।कलेक्ट्रेट सभागार में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न स्कूलों जैसे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, और अन्य इंटर कालेजों की छात्राओं ने भाग लिया।जिलाधिकारी महोदया द्वारा चयनित छात्राओं में कु. प्रियांशी सिंह, आर्य कन्या इन्टर कालेज, बांदा को प्रथम पुरुस्कार, कु. कशिश श्रीवास्तव, द्वितीय पुरुस्कार तथा कु. वैश्नवी गुप्ता, तृतीय पुरुस्कार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या, और स्त्री स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डा. मो.रफीक, डा. प्रज्ञा प्रकाश, जयन्ती, और सबीहा रहमानी ने लिंग चयन के सामाजिक पहलुओं और गर्भपात के प्रभाव पर अपने विचार साझा किए।

जिलाधिकारी जे.रीभा ने छात्राओं को मोबाइल फोन के दुरुपयोग से बचने और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। साथ ही, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और तकनीक का सही इस्तेमाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. अर्चना भारती ने किया और उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और अन्य क्षेत्रों के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और विधिक सेवाओं के सदस्य उपस्थित रहे।

## आवास का सर्वे करने गए सचिव की गाड़ी पर हमला कर किया क्षतिग्रस्त

**अतर्रा/बांदा।** आवास का सर्वे करने गए ग्राम पंचायत अधिकारी की गाड़ी पर हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम पंचायत अधिकारी ने विकासखंड अधिकारी को घटना की सूचना देकर सर्व करने की मांग की है। ग्राम पंचायत अधिकारी केदारनाथ महुआ विकासखंड के ग्राम मलेहरा नेवादा आवास सर्वे करने के लिए बुधवार को दोपहर में गए थे वह गांव के बाहर एक स्थान पर गाड़ी खड़ी कर गांव के अंदर सर्वे कर दे चले गए खाद्य विकास अधिकारी को दिए शिकायत पत्र में उन्होंने बताया है कि जब वह सर्वे करके वापस लौटे तो उनकी चार पहिया वाहन को अज्ञात कुछ दबंगों ने ईट पत्थर से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया उन्होंने विकासखंड अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में सर्वे करने में असुरक्षा के चलते असमर्थता व्यक्ति की है।

## गंगा डिग्री कॉलेज और फरहत अली क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** गंगा डिग्री कॉलेज क्लब और फरहत अली क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 एवं 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में पहले मैच में डीएसए क्लब ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 140 रन (सत्यम साहू 53, आकाश सिंह 3/27, अनुराग पटेल 2/30, देवेंद्र यादव 2/31) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज ने 15.3 ओवर में दो विकेट पर 144 रन (हिमांशु 50 नाबाद, आर्यन यादव 36, दिलीप कुमार 24 नाबाद, कार्तिकेय तिवारी 1/34, ईशान केसरवानी 1/36) बना लिए। दूसरे मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 140 रन (दिलीप कुमार 43, सुधांशु 40, रेहान वजाहत 3/24, विराट गुप्ता 2/14) बनाए। जवाब में फरहत अली क्लब ने 11.25 ओवर में एक विकेट पर 141 रन (हर्षित जी सहाय 81 नाबाद, सूरज चौहान 55, अमिताभ 1/26) बना लिए।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी जयन्ती




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेतृत्व में गरीबो, वंचितो, शोषितों के मसीहा भारत रत्न एवं बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 जननायक कर्पूरी ठाकुर का 101वॉ जयन्ती एवं अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन डॉ भीमराव अंबेडक पार्क कलेक्ट्री कचहरी पर मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले जननायक के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी चन्द्रमी गौतम एवं संचालन मुन्नालाल निगम प्रदेश प्रवक्ता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने समाजिक गति एवं संगठन को मजबूत बनाने की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे देश में अनेकों पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्गो के योद्धाओं ने जन्म लेकर समाज को नवीन मार्ग प्रस्तुत किया है। आज की ही तारीख 24 जनवरी 1924 को भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गॉव पितौझिया जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है जिस में जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म अति पिछड़ा वर्ग के नाई जाति में हुआ। इनके पिता का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता का नाम रामदुलारी था। इनके पिता गॉव के सीमांत किसान थे तथा अपने पारम्परिक पेशा नाई का काम करते थे। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होने 26 माह जेल में बिताये थे। वह भारत के स्वतन्त्रता सेनानी शिक्षक राजनितिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उप मुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रह चुके थे। उन्होने समाजिक गति को सदैव बल दिया और जातिगत आरक्षण आदि जैसे मुद्दो पर बड़ा काम किया। उनका सादगी भरा जीवन ऐतिहासिक है। कार्यक्रम के दौरान गरिबों, वंचितों, शोषितों वर्गो को ठंडक में 101 कंबल वितरण किया गया साथी इसी अवसर पर पूर्वांचल जनमोर्चा का आजमगढ़ का जिला अध्यक्ष पुष्पा गौतम को मनोनीत किया गया । कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, साहबलाल सरोज गायक, रामलगन विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, रघुबंश शर्मा, संतोष कुमार, श्रीमती सरिता देवी, सविता देवी, सुमन, सोनमति, गीता, निर्मला, तारा, सोनी, पुष्पा कुमारी, रिंकी, लीला, जागमति, सुलेखा यादव, संगीता गौतम, माधुरी गौतम, हीरामती भारती, विमला, किरण देवी, प्रेमशीला, रामसरन राम समेत हजारों हजार के संख्या में लोग थे ।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जामों, जनपद-अमेठी

पत्रांक : 1389/पं0रा0वि0-पं0वि0आ0/निविदा-सूचना/2024-25 दिनांक- 13.01-2025

## अल्प कालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों की दिनांक - 28.01.2025 को सायं 3.00 बजे तक मोहर बन्द दरें/निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक - 27.01.2025 को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नकद अथवा खण्ड विकास अधिकारी जामों के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक - 28.01.2025 को सायं 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती हैं। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक - 28.01.2025 को विकास खण्ड कार्यालय में सायं- 3.30 बजे निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण तथा 100.00 रू0 के स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य न होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी जामों को होगा। आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री की मात्रा बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार करना होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (2.00 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बाबूपुर में मेन रोड से अभिमन्यु सिह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत अलीपुर में रामभजन के खेत से पम्पिंग सेट तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 6.50 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत जामों में शकर जी के मन्दिर से बास की कोठी तक नाली व पटिया निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत अहद में सन्तराम के घर से पुलिया तक नाला मरम्मत कार्य। | 4.00 | 8000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत जामों में पुरवा शुकलन के पक्की सड़क से अहुरी नाला कदम पुलिया तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 7.00 | 14000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत जामों में वारिसगंज रोड से जगदीशपुर रोड तक खडन्जा मरम्मत कार्य। | 8.00 | 16000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत जामों में सड़क से मण्डी तक नाली निर्माण कार्य। | 2.50 | 5000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत हरगांव में पवन के घर से पम्पिंग सेट तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत उमराडीह में अंकित के घर से ललित के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2.06 | 4500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत जामो में दिनेश के घर से रामप्रतीत के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत मवई में इंटर कॉलेज गेट से शारदा सहायक नहर तक अवशेष इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7.50 | 15000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत जामों में आकाश मिश्रा के घर से अमरनाथ के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत अहद में लल्लन के दरवाजे से तालाब तक नाला मरम्मत कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत जामों में 5000 लीटर क्षमता की वाटर टैंकर की आपूर्ति का कार्य। | 7.10 | 16000.00 | 1000.00 | 3 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मुसाफिरखाना- अमेठी**

# सीमा पार निवेश के लिए एशिया-प्रशांत के सबसे पसंदीदा शहरों में मुंबई-दिल्ली भी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई सीबीआरई के अनुसार, सीमा पार निवेश के



लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष 10 सबसे पसंदीदा बाजारों में मुंबई पांचवें और नई दिल्ली आठवें स्थान पर है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई सीबीआरई के अनुसार, सीमा पार निवेश के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष 10 सबसे पसंदीदा बाजारों में मुंबई पांचवें और नई दिल्ली आठवें स्थान पर है। सीबीआरई इंडिया ने शुक्रवार को अपने 2025 एशिया-प्रशांत निवेशक इंटेंशन सर्वे के नतीजे जारी किए, जिसमें एशिया प्रशांत के बाजारों में शुद्ध खरीदारी के इरादे में सुधार की बात कही गई। सर्वे में आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने 2025 में अधिक अचल संपत्ति खरीदने की अपनी प्राथमिकता का संकेत दिया।

सलाहकार ने कहा, मुंबई और नई दिल्ली एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सीमा-पार निवेश के लिए शीर्ष 10 सर्वाधिक पसंदीदा बाजारों में शामिल हैं। टोक्यो, सिडनी, सिंगापुर और हो ची मिन्ह सिटी के बाद मुंबई पांचवें स्थान पर है, जबकि सियोल, ओसाका और हनोई के साथ नई दिल्ली आठवें स्थान पर है।

सर्वेक्षण में आगे कहा गया है कि भारत में निवेशक कार्यालय, आवासीय, औद्योगिक और डेटा केंद्रों सहित परिसंपत्ति वर्गों में रुचि रखते हैं। भारतीय रियल एस्टेट में कुल इक्विटी निवेश 2024 में 11.4 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, इसमें सालाना आधार पर 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अदाणी समूह ने श्रीलंका सरकार की ओर से उनकी पवन ऊर्जा परियोजनाओं को रद्द करने की खबरों का खंडन किया है। अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा, ÷मन्नार और पूनरी में अदाणी की 484 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजनाओं को रद्द करने की खबरें झूठी और भ्रामक हैं। हम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि परियोजना को रद्द नहीं किया गया है।

अदाणी समूह ने कहा, मई 2024 में स्वीकृत टैरिफ का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए 2 जनवरी 2025 को श्रीलंकाई कैबिनेट का निर्णय एक मानक समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है। यह निण्य एक नई सरकार के साथ, वर्तमान प्राथमिकताओं और ऊर्जा नीतियों की शर्तें तय करने से जुड़ा है। समूह श्रीलंका के हरित ऊर्जा क्षेत्र में एक अरब डॉलर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस परियोजना से अक्षय ऊर्जा और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## अमूल ने दूध की कीमत घटाई, अब एक रुपये प्रति लीटर सस्ता मिलेगा

**नई दिल्ली।** अमूल दूध की कीमतों में कमी की गई है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने इस बारे में जानकारी दी। कंपनी ने कहा है कि उसके तीन प्रमुख दूध उत्पादों की कीमत में एक रुपये की कमी की गई है। इनमें अमूल गोल्ड, अमूल टी स्पेशल और अमूल फ्रेश शामिल है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली कंपनी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने पूरे भारत में दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कमी की है। हालांकि, कीमतों में यह कमी केवल एक लीटर वाले पैक के लिए है। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने पीटीआई को बताया, हमने पूरे भारत में एक लीटर वाले पैक की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कमी की है। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को दूध के बड़े पैकेट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना तथा इसके लिए प्रोत्साहन प्राप्त करना है।

# प्योर ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांति लाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 किया लॉन्च

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माताओं में से एक प्योर ईवी ने आज एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूज़र एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है।

थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, एक्स



प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरुआत के साथ, हम एडवांस एआई तकनीकों को सहजता से एकीकृत करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति के अगले चरण में कदम रख रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म प्योर ईवी के लिए अद्वितीय है और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। हम अपने वाहनों को न केवल परिवहन के साधन के रूप में देखते हैं, बल्कि एक इंटेलिजेंट, कनेक्टेड डिवाइस के रूप में भी देखते हैं, जो मोबिलिटी की अवधारणा को फिर से परिभाषित करती है, और हमारे ग्राहकों को एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म एडवांस प्रिडिक्टिव एआई से लैस है, जो राइडर के व्यवहार से सीखता है और बदलती स्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम है। विश्वसनीयता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह फीचर प्रिवेंशन इज़ बेटर देन क्योर के सिद्धांत पर काम करता है और संभावित समस्याओं का पता लगाकर और उन्हें पहले ही हल करके वाहन की 100 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करता है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार और कम हुआ, 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.983 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.878 अरब डॉलर घटकर 533.133 अरब डॉलर रह गईं। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.983 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 10 जनवरी को समाप्त सप्ताह में फॉरेक्स रिजर्व का कुल भंडार 8.714 अरब डॉलर घटकर 625.871 अरब डॉलर रह गया।

पिछले कुछ सप्ताहों से भंडार में गिरावट का रुख है और इस गिरावट का कारण रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए आरबीआई की ओर से उठाया गया कदम है। केंद्रीय बैंक की ओर से रुपये को स्थिर रखने के लिए समय-समय पर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया जाता है।

सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.878 अरब डॉलर घटकर 533.133 अरब डॉलर रह गईं।

डॉलर के संदर्भ में मापी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि उक्त सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.063 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 68.947 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

# 'अजे ना जा' स्टार सिमरन चौधरी ने अपने रोमांटिक गीत 'रहले मेरे कोल' के लिए 'आदित्य रिखारी' के साथ हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** ''रहले मेरे कोल'' में प्यार को अपनी आवाज मिल गई है। अजे ना जा स्टार सिमरन चौधरी और भूल भुलैया 3 के ओएसटी 'जाना समझा करो' के लिए मशहूर, आदित्य रिखारी का यह नया गीत इस सीज़न सभी के दिल पर राज करने के लिए आ गया है। इस गीत में भावनाओं का समंदर और हृदयस्पर्शी कोमलता, चाहत एवं रोमांटिक कनेक्शन है। यह गीत अपनी पहली ताल से ही दिल में उतर जाता है और एक चुंबकीय एहसास उत्पन्न करता है, जो 2025 में प्यार को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

सिमरन चौधरी और आदित्य रिखारी की आवाज में यह शक्तिशाली गीत बहुत खूबसूरती से एक ऐसी कहानी कह रहा है, जो अंतरंग तो है ही, लेकिन साथ ही सभी की भावनाओं से भी जुड़ा हुआ है। ये दोनों पहली बार साथ में काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी कैमिस्ट्री ने इस ट्रैक को एक यादगार




प्रेमगीत में बदल दिया है। हितेन के कुशल प्रोडक्शन में बना यह ट्रैक भावनात्मक गहराई के साथ जीवंत ऊर्जा का बेजोड़ तालमेल पेश कर रहा है, जो प्रेमियों एवं सपने देखने वालों, दोनों के लिए ही क्लासिक है। ''रहले मेरे कोल'' हर पीढ़ी के श्रोता को बहुत पसंद आएगा।

अपने प्रभावशाली स्टेज प्रदर्शनों के लिए मशहूर, सिमरन चौधरी ने इस गीत की रिलीज़ के लिए उत्साहित होकर कहा, ''रहले मेरे कोल दुनिया के सामने मेरे हृदय की प्रस्तुति है। यह वो गीत है, जो आप अपने विचारों में मग्न होकर सुनेंगे। यह आपनके उन क्षणों को जीवंत कर देगा, जो आपको मुस्कान देते हैं। यह गीत सीधे आपकी भावनाओं में उतर जाएगा! आदित्य के साथ सहयोग का अनुभव बहुत ही जोशपूर्ण है। उसने इस ट्रैक में ऊर्जा और तीव्रता का समावेश कर दिया, जिसे रोकना संभव नहीं। हितेन के प्रोडक्शन ने सभी को बहुत आसानी से एक सूत्र में पिरो दिया। मैं अपने दर्शकों द्वारा दिए गए स्नेह के लिए उनकी आभारी हूँ। मैं इस गीत के श्रोताओं के बीच पहुँचने का इंतजार कर रही हूँ क्योंकि उन्हें भी यह बहुत पसंद आएगा।'' आदित्य रिखारी ने कहा, ''यह गीत संगीत के लिए एक प्रेम पत्र के जैसे है। यह नाजुक गीत है, और साथ ही शक्तिशाली भी है। मैंने जब यह पहली बार सुना, तो मैं इसकी धुन के लिए सिमरन के साथ काम करने को फौरन राजी हो गया। उसकी आवाज ऊर्जा से भरी हुई और जीवंत है। मुझे अपने अंदाज में इस गीत में अपना योगदान देकर बहुत अच्छा लगा। मैं इस सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूँ। मुझे इतने अच्छे कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला।

## चार टन लाल मिर्च पाउडर बाजार से वापस मंगाया, ग्राहकों से उत्पाद वापस करने और रिफंड लेने की अपील

**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने खाद्य नियामक एफएसएसएआई के निर्देश के बाद बाजार से 4 टन लाल मिर्च पाउडर वापस मंगाया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण की ओर से पतंजलि फूड्स को खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप न होने के कारण पैक किए गए लाल मिर्च पाउडर के एक विशेष बैच को वापस लेने को कहने के बाद कंपनी ने यह कदम उठाया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव अस्थाना ने एक बयान में कहा, पतंजलि फूड्स ने 4 टन लाल मिर्च पाउडर (200 ग्राम पैक) के छोटे बैच को वापस मंगाया है। उन्होंने कहा, उत्पाद के नमूनों की जांच करने पर पाया गया कि उनमें कीटनाशक अवशेषों की अधिकतम स्वीकार्य सीमा नहीं है। एफएसएसएआई ने लाल मिर्च पाउडर सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए कीटनाशक अवशेषों की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) निर्धारित की है। अस्थाना ने कहा कि बताए गए नियामक मानदंडों के अनुरूप कंपनी ने अपने वितरण चैनल साझेदारों को सूचित करने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं तक यह सूचना पहुंचाने के लिए कंपनी ने विज्ञापन भी जारी किए हैं। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे उत्पाद को, जहां से उसे खरीदा है, वहां जाकर लौटाएं और पूरा पैसा वापस ले लें। अस्थाना ने कहा, ÷वापस लिए गए उत्पाद का मूल्य और मात्रा बहुत कम है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने कृषि उत्पाद आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन कर रही है और कृषि उत्पादों की खरीद के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाएं अपनाने व एफएसएसएआई नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है। अस्थाना ने कहा, ÷कंपनी अपने सभी उत्पादों में उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और आपूर्ति शृंखला से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सिग्निफाई ने प्रयागराज महाकुंभ में हरित ऊर्जा के साथ रोशनी फैलाई



**लखनऊ।** भव्य स्तर के आध्यात्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। इस साल इस विशाल धार्मिक समागम में 45 करोड़ लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। महाकुंभ 2025 के इस आध्यात्मिक सफर में लाइटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई अपने इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधानों द्वारा श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव बेहतर बना रही है। अपने इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने विमान मंडपम, शास्त्री ब्रिज को रोशन किया है, तथा कुंभ मेला ग्राउंड्स में सोलर लाइटें लगाई हैं।

**विमान मंडपम में इनोवेटिव फसाड लाइटिंग**

सिग्निफाई ने कुंभ मेला स्थल पर पवित्र संरचना, विमान मंडपम में फिलिप्स यूनि डायनामिक कलर-चेंजिंग लीनियर ग्रेज़र्स और फ्लड लाइट्स के साथ एक लीनियर लाइटिंग डिज़ाइन का निर्माण किया है, जिसने इसकी वास्तुकला को निखारकर चारों ओर जीवंत और रंगबिरंगी रोशनी फैला दी है। ये लाइट्स स्थापित करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। काफी ऊँचाई पर काम करने से लेकर जटिल संरचनाओं पर लाइट लगाने और मंडपम की संरचना को कोई नुकसान न हो, इसके लिए कम से कम ड्रिलिंग करने तक लाइटिंग के लिए एक मल्टी-लेयर दृष्टिकोण के साथ काम किया गया, जिससे श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य और दिलचस्प अनुभव का निर्माण हुआ।

**एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में जगमगाया शास्त्री ब्रिज**

सिग्निफाई ने प्रयागराज और वाराणसी के बीच महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करने वाले शास्त्री ब्रिज को विमान मंडपम में लगाए गए फिलिप्स यूनि डायनामिक कलर-चेंजिंग आरजीबीडब्ल्यू लीनियर ग्रेज़र्स और फ्लड लाइट्स की आकर्षक रोशनी से जगमगा दिया। यह इनोवेटिव रोशनी ब्रिज के क्षैतिज डेक और ऊर्ध्वाधर स्तंभों को उभारती है, जिससे एक संतुलित और समन्वयपूर्ण लाइटिंग डिज़ाइन निर्मित होता है। डीएमएक्स-कंट्रोल्ड फिक्स्चर से अनेक लाइटिंग थीम्स और इफेक्ट्स का निर्माण होता है, जिससे यह ब्रिज शहर के जीवंत प्रतीक में बदल जाता है।

**उद्योग की अग्रणी सोलर लाइट्स ने महाकुंभ को रोशन कर दिया**

इतने विशाल स्तर पर सोलर हाईब्रिड इंस्टॉलेशन ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मानक स्थापित कर दिया है। सिग्निफाई ने सस्टेनेबिलिटी की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत

सनस्टे हाईब्रिड सोलर लाइट्स स्थापित की हैं, जो कुंभ मेला ग्राउंड में 175 lm/2 की एफिशियंसी प्रदान कर रही हैं। इन लाइट्स की मजबूत, प्रेशर डाई-कास्ट हाउसिंग ड्यूरेबिलिटी प्रदान करती है, वहीं हाईब्रिड डिज़ाइन से कोहरे में भी पूरी रात 100त्न रोशनी मिलती है। यह अभियान बड़े स्तर के आयोजनों में रोशनी की व्यवस्था करने के लिए सोलर एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी की ओर एक कदम है, जिसकी मदद से श्रद्धालुओं को जगमगाते हुए रास्ते मिल सके हैं।

**सिग्निफाई का आधिकारिक बयान**

गिरीश के चावला, हेड, प्रोफेशनल बिज़नेस, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''हम अपने ब्राइटर लाइव्स, बेटर वर्ल्ड के लक्ष्य के अनुरूप भारत में सबसे बड़ी हिंदू तीर्थयात्राओं में से एक, महाकुंभ 2025 में सस्टेनेबल लाइटिंग समाधान प्रदान करके गर्व महसूस कर रहे हैं। यूपी सरकार, प्रयागराज मेला प्रशासन, यूपीएसटीडीसी, यूपीपीसीएल और यूपी टूरिज़्म द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम सराहनीय है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबल लाइटिंग एक रोशन और हरित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। महाकुंभ में हमारे प्रयास हमारे इसी विश्वास को प्रमाणित करते हैं। इनसे प्रदर्शित होता है कि इनोवेटिव लाइटिंग समाधान किस प्रकार पर्यावरण के संरक्षण को प्रोत्साहित करते हुए भव्य आयोजनों में अपना योगदान दे सकते हैं। हम भारत में समुदायों को इस तरह के इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधान पेश करते रहेंगे।''

## स्काई फोर्स में वीर पहाड़िया के अभिनय के मुरीद हुए समीक्षक

**लखनऊ।** अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'स्काई फोर्स' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बतौर अभिनेता वीर पहाड़िया की पहली फिल्म थी। अभिनेता फिल्म में टी विजया उर्फ टोडी की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो स्क्वाड्रन लीडर अज्जमदा बोप्पया देवय्या से प्रेरित है। महावीर चक्र से नवाजे गए देवय्या को 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान दुश्मन के जेट विमानों के खिलाफ उनकी वीरता और प्रतिष्ठित डॉगफाइट के लिए याद किया जाता है। देवय्या के जीवन को स्क्रीन पर सहजता से निभाने वाले वीर पहाड़िया को अपार प्रशंसा मिल रही है।

एक समीक्षक ने वीर पहाड़िया के अभिनय को 'विस्फोटक' कहा तो एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा किया कि पहाड़िया की शुरुआत अभूतपूर्व है जैसे 'कहो ना प्यार है' में ऋतिक रोशन की थी। पहाड़िया की ऑन-स्क्रीन मौजूदगी और उनके अभिनय ने उन्हें बी-टाउन यानि बॉलीवुड के सबसे नए स्टार के रूप




में स्थापित करने का काम किया है। हाल ही में, पहाड़िया ने कहा कि स्काई फोर्स उनके लिए करियर की शुरुआत से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि, 'स्काई फोर्स में काम करने के अनुभव ने मुझे समय के अनुरूप क्षमतावान और सहयोग करना सिखाया है।'

'स्काई फोर्स' में पहाड़िया ने अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन साझा किया है। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले पहाड़िया के अभिनय की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि बतौर न्यू कमर अभिनेता पहाड़िया ने अनुभवी अभिनेता अक्षय कुमार के सामने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिया है। एक समीक्षा में तो यहाँ तक कह दिया गया कि, इस फिल्म का मुख्य किरदार अक्षय कुमार को नहीं, बल्कि वीर पहाड़िया को होना चाहिए था। फिल्म में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी हैं। अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी द्वारा निर्देशित, स्काई फोर्स को भारतीय वायु सेना में पुरुषों और महिलाओं के साहस व बलिदान के लिए एक आदर्श श्रद्धांजलि के रूप में टैग किया जा रहा है। यह फिल्म उनके स्टारडम के रास्ते को प्रशस्त करने वाला है।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने पेश किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड



**मुंबई।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड 'एलआईसी एमएफ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड' पेश कर रहा है। यह एक ओपन-एंडेड योजना है, जो इक्विटी, डेट और सोने में निवेश करेगी। इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 24 जनवरी 2025 को खुलेगा और 07 फरवरी 2025 को बंद होगा। योजना का निवेश उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों, डेट और मनी मार्केट के साधनों तथा सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूनिट में निवेश कर पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि करना है। योजना का बेंचमार्क निफ्टी 500 टीआरआई का 65 फीसदी, निफ्टी कंपोजिट डेट इंडेक्स का 25 फीसदी और घरेलू सोने की कीमत का 10 फीसदी होगा। इस योजना के फंड मैनेजर निखिल रुंगटा, सुमित भटनागर और प्रतीक श्रॉफ होंगे। योजना 18 फरवरी 2025 को लगातार बिक्री और फिर से खरीद के लिए दोबारा खुलेगी। एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा, ''मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड आजकल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि ये एक ही जगह पर निवेश के जोखिम को कम करते हैं और परिसंपत्तियों का बेहतर डायवर्सिफिकेशन सुनिश्चित करते हैं।

# ZEE5 ओरिजिनल फिल्म हिसाब बराबर जिसमें आर माधवन मुख्य भूमिका में हैं, अब हिंदी, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीम की जा रही है




**लखनऊ।** आर. माधवन के प्रशंसक पिछले साल मार्च में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर फ़िल्म शैतान में उनको आखिरी बार देखने के बाद से स्क्रीन पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि माधवन अपनी नई डायरेक्ट-टू-डिजिटल फिल्म हिसाब बराबर में वापस आ रहे हैं, जो अब ZEE5 पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीमिंग की जा रही है। यह फिल्म 2024 के आखिर में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ प्रदर्शित की गई थी, जिससे दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला है। हिसाब बराबर में माधवन एक साधारण व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं, जो सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू करता है। इस फिल्म का निर्देशन अश्विनी धीर ने किया है और इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और एसपी सिनेकॉर्प द्वारा किया गया है। फिल्म में नील नितिन मुकेश और कीर्ति कुल्हारी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल हैं। यह एक रोमांचक व्यंग्यात्मक ड्रामा है, जो दमदार कहानी पसंद करने वालों के लिए देखने लायक है। एक बड़े बैंकिंग घोटाले के बैकग्राउंड पर आधारित हिसाब बराबर राधे मोहन शर्मा (आर. माधवन) के सफ़र को दिखाती है, जो एक साधारण रेलवे टिकट चेकर है। राधे को अनजाने में एक वित्तीय गड़बड़ी का पता लगाता है, जो उसे भ्रष्टाचार के एक घातक जाल की तरफ ले जाता है। जैसे-जैसे राधे साजिश की गहराई में उतरता है, वह शक्तिशाली ताकतों से टकराता है, जिसका नेतृत्व निर्दयी बैंकर मिक्की मेहता (नील नितिन मुकेश) करता है। अपने नैतिक मूल्यों और आसपास की दुनिया की कठोर वास्तविकताओं के बीच फंसा राधे, एक खतरनाक रास्ते पर कदम बढ़ाता है। हिंदी, तमिल और तेलुगु में विशेष रूप से ZEE5 पर स्ट्रीमिंग हो रही हिसाब बराबर, एक रोमांचक और आंखें खोलने वाली फिल्म है, जो सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार पर रोशनी डालती है। आर. माधवन ने कहा, मैं हिसाब बराबर का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं, जो ZEE5 के साथ मेरा पहला प्रोजेक्ट है! राधे मोहन शर्मा के किरदार को निभाना एक मजेदार चुनौती रही है वह एक साधारण व्यक्ति है जिसे एक असाधारण परिस्थिति में डाल दिया जाता है, और उसका सफ़र किसी रोलरकोस्टर से कम नहीं है। हिसाब बराबर एक ऐसी फिल्म है जो सभी आयु वर्ग और लिंग के लोगों को पसंद आएगी, क्योंकि यह एक आम आदमी और सिस्टम में बसे भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी लड़ाई की कहानी है। इसलिए, मैं सभी से निवेदन करता हूं कि इस सच्ची और अनुरूप कहानी को एक साथ देखें, क्योंकि राधे का धैर्य और दृढ़ता निश्चित रूप से कई लोगों को प्रेरित करेगी।

नील नितिन मुकेश ने कहा, ÷हिसाब बराबर÷ का हिस्सा बनना और एक आकर्षक और निर्दयी बैंकर, मिक्की मेहता की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होने के साथ संतोषजनक भी रहा है। मैं हमेशा ऐसी भूमिकाओं पसंद आती रही हूं जो मुझे मुश्किल और विभिन्न आयामों में ले जाएं, और मिक्की निश्चित रूप से ऐसा ही एक किरदार है। इसके अलावा, आर. माधवन के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा - वह न केवल एक शानदार इंसान हैं, बल्कि एक बेहतरीन सह-अभिनेता भी हैं।

## सोने की कीमतों में बढ़त जारी, पहली बार 83 हजार रुपये के पार पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच जोरदार खरीदारी होने से शुक्रवार को दिल्ली में सोने की कीमत लगातार आठवें कारोबारी सत्र में बढ़ी। सोने के भाव 200 रुपये की तेजी के साथ पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 200 रुपए बढ़कर 83,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। गुरुवार को सोना 82,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने में बढ़त जारी रही और घरेलू बाजार में हाजिर सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।÷ गांधी ने कहा कि सोने में मौजूदा तेजी अमेरिका में संभावित टैरिफ योजना और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अन्य नीतियों को लेकर अनिश्चितता के कारण है, जिसके कारण हाल ही में सुरक्षित निवेश में तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु भी 200 रुपए बढ़कर 82,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले बंद भाव 82,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह सफेद धातु 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के वायदा कारोबार में वायदा भाव 334 रुपये या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 79,960 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पीली धातु इंट्राडे में 424 रुपये या 0.53 प्रतिशत उछलकर 80,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई थी। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (कमोडिटीज) देवेया गगलानी ने कहा, एमसीएक्स में कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, क्योंकि ट्रम्प की व्यापार नीतियों और टैरिफ योजनाओं ने बाजार में अनिश्चित माहौल पैदा कर दिया है।

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक हर हाल में पहुंचे : प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री के अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं, निर्माण कार्यो, कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वन विभाग, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मनरेगा, नगर निकाय, निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) महिला एवं बाल विकास, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पंचायत राज विभाग, विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, पर्यटन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, पशुधन, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, सिंचाई एवं जल संसाधन व उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यो तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में सर्व प्रथम जल निगम के कार्यो की समीक्षा की गई, तथा वर्तमान में विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संबंध में पूछताछ की गई। एक्सियन जल निगम द्वारा बताया गया कि 453 स्कीमों पर कार्य संचालित है, जिसमें पूर्ण रूप से अभी तक 35 परियोजनाएं ही पूर्ण है, संचालित सभी योजनाओं को माह जून तक पूर्ण कर लिए जाने का आश्वासन संबंधित द्वारा दिया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि नियमित समीक्षा कर माह जून तक पूर्ण करा लिया जाएगा। मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी भी कार्य में कहीं कोई दिक्कत आ रही हो तो जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र भिजवाएं जिस पर मेरे द्वारा सक्षम स्तर से पैरवी कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। विद्युत विभाग की समीक्षा दौरान विद्युत बिल में गड़बड़ी एवं खराब ट्रांसफार्मर के संबंध में चर्चा की गई तथा इस संबंध में एक्सियन विद्युत को सभी विधायक गणों से मिलकर समस्या/ का समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि निर्देशानुसार सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी ला कर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा तथा उन्हें आश्वस्त किया की उनके निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा।



कलेक्ट्रेट सभागार में योजनाओं की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री

### नवजीवन अस्पताल के खिलाफ सीएमओ ने कार्रवाई की दी जानकारी

मंत्री द्वारा बैठक में जनपद के मटियरवा स्थित नवजीवन ज्योति हॉस्पिटल के चिकित्सक का वायरल वीडियो के संबंध में सीएमओ से कार्यवाही के संबंध में पुछताछ की गई, जिस पर सीएमओ द्वारा कार्यवाही किए जाने हेतु कोतवाली पडरौना में तहरीर दिए जानी की जानकारी दी गई। मंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रभारी मंत्री के प्रेसवार्ता में पत्रकारों से भिड़े तमकुही विधायक असीम कुमार

- आयुष्मान कार्ड पर फर्जी तरीके से आपरेशन और भुगतान के आरोपी डॉ पुष्कर के बचाव में उतरे विधायक
- विधायक समर्थकों ने किया पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री व भाजपा नेता दिनेश प्रताप सिंह की प्रेसवार्ता में तमकुहीराज सेवरही विधायक डॉ.असीम कुमार पत्रकारों से भिड गए। हुआ यह कि प्रभारी मंत्री पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। इसी दरम्यान पत्रकारों द्वारा उठाए गए आयुष्मान कार्ड पर फर्जी तरीके से आपरेशन और भुगतान के सवाल पर प्रभारी मंत्री जवाब दे रहे थे तभी विधायक असीम कुमार आरोपी चिकित्सक के बचाव मे बोलने लगे जिस पर पत्रकार भड़क उठे और हो-हल्ला के बाद स्थिति धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। हालाकि प्रभारी मंत्री सभी को शांत कराते रहे और विधायक के कृत पर पत्रकारों से मांगी मांगकर मामले को सलटाने का प्रयास किया।

प्रभारी मंत्री दो दिवसीय दौरे पर कुशीनगर में थे। अपने दौरे के दुसरे दिन शुक्रवार को पडरौना नगर के एक होटल में यूपी दिवस के अवसर पर मीडिया से रुबरु होकर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत पडरौना नगर के जटहां रोड मटिहरवा स्थित नवजीवन ज्योति हॉस्पिटल के संचालक व डॉ. पुष्कर यादव द्वारा बिहार के बेतिया के अल्ट्रासाउंड संचालक से फर्जी रिपोर्ट बनाने व आयुष्मान कार्ड पर फर्जी ऑपरेशन करने के वायरल वीडियो के संबंध में पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जवाब दे रहे थे तभी बीच में हस्तक्षेप करते हुए वायरल वीडियो की सत्यता पर तमकुहीराज विधायक डॉ. असीम कुमार ने सवाल खड़ा कर दिया। विधायक असीम कुमार ने यह तर्क देते हुए कहा कि जब तक वीडियो की एडिटिंग की जांच नहीं हो जाती डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई ठीक नहीं होगा। विधायक डॉ. असीम कुमार द्वारा यह कहने पर कि स्टिंग ऑपरेशन में जो आवाज है, उसमें छेड़छाड़ की गई है,इस पर पत्रकार भड़क उठे और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विधायक के समर्थको ने जहां पत्रकारों से धक्का-मुक्की किया, वही विधायक असीम कुमार भी पत्रकारों को गियर में लेने के लिए मंच से उठकर पत्रकारों के समीप चढकर बोलने लगे। तकरीबन पन्द्रह मिनट तक हो-हल्ला के बाद माहौल शान्त हुआ। अंत मे प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पत्रकारों से माफी मांगते हुए कहा कि यहां से कलेक्ट्रेट जाकर समीक्षा बैठक लेंगे, सीएमओ से जांच रिपोर्ट की जानकारी लेने के बाद मीडिया को अपडेट से अवगत कराएंगे।



प्रेसवार्ता में मामले को शांत कराते प्रभारी मंत्री

### पत्रकार वार्ता में कार्यकर्ताओं की भीड़

यूपी दिवस पर सरकार की उपलब्धि गिनाने व पत्रकारों के सवाल का जवाब देने के लिए नगर के एक होटल में आयोजित प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पत्रकार वार्ता मे भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। हालांकि प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता शुरू करने से पूर्व अपने सभी कार्यकताओं को बाहर जाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके प्रभारी मंत्री के निर्देश को ठेंगा दिखाकर भाजपा कार्यकर्ता प्रेसवार्ता मे मौजूद रहे। नतीजतन पत्रकार वार्ता और कार्यकर्ता बैठक में अन्तर ढूढ़ना काफी मुश्किल लग रहा था।

## पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा गणतन्त्र दिवस परेड की पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने गणतंत्र दिवस परेड की पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। गणतन्त्र दिवस पर परेड का पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए परेड करायी गयी एवं परेड की अन्य बारिकियों के संबन्ध में पुलिस कर्मियों को उचित दिशा- निर्देश दिये गये। उन्होंने परेड में भाग लेने वाले सभी पुलिस कर्मियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्होंने परेड में शामिल सभी दस्तों की तैयारी का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने परेड की अनुशासन, समन्वय और प्रस्तुति पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस समारोह सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो। इस अवसर पर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों के बारे में चर्चा किये।

## 243 जोड़ों का कराया गया विवाह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राजकीय आई0टी0आई0, के प्रांगण में 243 जोड़ों का विवाह कराया गया, जिसमें 227 हिन्दू एवं 16 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री रमाशंकर विद्यार्थी-मा0सांसद, सलेमपुर, नवीन शाही प्रतिनिधि मा0कृषि मंत्री सुर्यप्रताप शाही, राजू मणि प्रतिनिधि मा0 एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख लार तथा जिलाधिकारी महोदया, पुलिस अधीक्षक महोदय, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, देवरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें, जिन्होनें वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आर्शीवाद प्रदान किया। उक्त योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय रू0 2.00 लाख (रू0 दो लाख) हो. के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जोड़ें पर रू0 51000.00 व्यय किया गया, जिसमें विवाहित कन्या के खातें में रू0 35000.00 अन्तरित किया जा रहा है, रू0 10000.00 की कन्या को गृहस्थी की सामग्री एवं वस्त्र आभूषण आदि दिया गया तथा रू0 6000.00 भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय किया गया।

## सदर विधायक ने अमृत सरोवर बंदीपुर का किया लोकार्पण




**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मित अमृत-सरोवर बंदीपुर विकासखंड अमावां का विधायक सदर अदिति सिंह द्वारा लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा श्रमिकों द्वारा मनरेगा योजना से बनाये गये इस सरोवर में जल संरक्षण के उद्देश्य के साथ-साथ इसका सौंदर्यीकरण करते हुए ग्राम वासियों के लिये स्थानीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। अमृत सरोवर में फेन्सिंग, शोभाकार वृक्षारोपण, इन्टरलाकिंग पाथ-वे, बैठने हेतु बेंच, इनलेट-आउटलेट, गेट व फ्लैग होस्टिंग स्टैंड आदि का निर्माण कराया गया है। विधायक सदर ने ग्रामवासियों को इस परिसम्पत्ति के निर्माण हेतु बधाई दी एवं अन्य ग्राम पंचायतों में इस तरह के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस तालाब की सौन्दर्यता को बनाये रखते हुए ग्राम सभा के स्तर पर ही इसकी साफ-सफाई व रखरखाव की नियमित व्यवस्था की जायें। विधायक सदर द्वारा अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

## ग्राम प्रधान सरौरा को किया गया आमंत्रित

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता रायबरेली एस रहमान ने बताया है कि भारत सरकार एवं उप्र सरकार की अति-महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत राज्य के उत्कार वीडब्लूएससी/पानी समिति के सदस्यों को विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाग करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनपद रायबरेली के विकासखंड-बछरावां की ग्राम पंचायत सरौरा के वीडब्लूएससी अध्यक्ष पूर्णमासी (ग्राम प्रधान सरौरा) को आमंत्रित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर बढ़ रहा आगे: मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उप्र दिवस-2025 का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अवध शिल्पग्राम, शहीदपथ, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति भारत गणराज्य जगदीप धनकड़ व विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल उप्र आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री उप्र सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद में जीआईसी ग्राउंड में उप्र दिवस-2025 के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ''विकास एवं विरासत पथ पर उत्तर प्रदेश'' थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री (कारागार) सरकार सुरेश राही, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा जनपद रायबरेली पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रायबरेली के ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया। इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, धनराशि के डमी चेक एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा यूपी बोर्ड कक्षा 10 व 12 की जनपद की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हैं, उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का उद्देश्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत करना कि उत्तर प्रदेश ने विगत एक वर्षों में क्या उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा है।



## पुलिस ने 10 गौ तस्करों की खोली हिस्ट्रीशीट

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** एसपी के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में गौ तस्करी के 10 अपराधियों की पुलिस ने शुक्रवार को हिस्ट्रीशीट खोल प्रभावी कार्रवाई की गई है। बता दें कि सीओ के नेतृत्व में समस्त थानों द्वारा गौ तस्करी में संलिप्त अपराधियों का सत्यापन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है एवं गो-तस्करी के अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। इसी क्रम में विभिन्न थाने की पुलिस ने गो-तस्करी के अपराधियों के हिस्ट्रीशीट खोली है जिसमें महफूज अंसारी पुत्र सलाउद्दीन अंसारी, इबरान अली उर्फ बरकत अली पुत्र एकराम अली, नियाज अहमद उर्फ नियाज अंसारी पुत्र जमालुद्दीन, अंसार पुत्र इब्राहिम निवासीगण बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना, मंजूर अंसारी पुत्र हदीश अंसारी निवासी जमसडिया थाना तरयासुजान, राज हुसैन उर्फ राजू पुत्र स्व. इजराईल निवासी बसडिला बुजुर्ग थाना तमकुहीराज, मृत्युंजय गुप्ता पुत्र बन्तीलाल गुप्ता निवासी, संदीप राजभर पुत्र सुरेश राजभर निवासीगण बटवलिय थाना तमकुहीराज, कुन्दन यादव पुत्र रामबेलाश यादव निवासी बलडिहा थाना तुर्कपट्टी व रामबदन निषाद पुत्र गोपाल निषाद निवासी सरगटिया करनपट्टी थाना सेवरही शामिल है।

## मिश्रौली में मनी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मिश्रौली में मनाई गई। जयंती के अवसर पर नाई महासभा के पदाधिकारियों ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन संघर्षों का गुणगान करने के साथ पिछड़ी जातियों को मिल रहे आरक्षण में अतिपिछड़ी जातियों का उपकोटा निर्धारित करने के साथ रोहिणी आयोग और सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग की गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता विवेक शर्मा जिलाध्यक्ष ने की।

### राजकीय महिला पालीटेक्निक में आयोजित किया गया दीक्षांत समारोह

# अच्छी पढ़ाई कर देश की तरक्की में योगदान करें छात्राएं : विधायक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शुक्रवार को राजकीय महिला पालीटेक्निक में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महराजी प्रजापति ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। विधायक ने छात्राओं को जीवन कौशल विकास के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि छात्राएं आगे की पढ़ाई भी अच्छी तरीके से करें, जहां भी तैनाती मिले वहां अच्छा काम करके देश की तरक्की में योगदान करें। उच्च शिक्षा आयोग के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रुदल यादव ने कहा कि शिक्षा विकास की कुंजी है। वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धा और प्रतियोगिता का है, छात्राएं आगे बढ़ने के लिए कैरियर निर्माण को मन से काम करें और कड़ी मेहनत करें। युवा समाजसेवी अरुण प्रजापति ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और कालेज में भव्य समारोह के आयोजन के लिए प्रिंसिपल को बधाई दी। इस अवसर पर नियाज अहमद काजमी विभागा अध्यक्ष, राखी साहू विभागा अध्यक्ष शालिनी यादव, केदारनाथ यादव, अंजलि द्विवेदी कंप्यूटर, अरुण प्रजापति, प्रोफेसर रुदल यादव, श्री नाथ यादव, महावीर कश्यप, शंभू नाथ यादव आदि मौजूद रहे।



## उत्कृष्ट कार्य करने वालों के सम्मान के साथ मनाया गया यूपी दिवस

**अमेठी/गौरीगंज अवधनामा संवाददाता।** यूपी दिवस के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर समारोह आयोजित किया गया। शासन की ओर से नामित नोडल विधायक सुरेश पासी समारोह के मुख्य अतिथि रहे। समारोह में मुख्य मंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत पांच पांच लाभार्थियों को पांच पांच लाख रुपए के ऋण प्रदान करने के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों और महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 ग्राम प्रधानों, एक पंचायत सचिव, एक पंचायत सहायक तथा एक एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को रुपए 5-5 लाख का ऋण वितरित किया गया, इसके साथ ही विभिन्न विभागों व विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 20 महिलाओं/बालिकाओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस के शुभ अवसर पर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया प्रदेश का 76वां स्थापना दिवस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सुना गया तत्पश्चात जनपद स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जनपद के प्रभारी मंत्री के द्वारा इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, कथक नृत्य की प्रस्तुति निकिता तिवारी द्वारा किया गया तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सुकरौली की छात्राओं द्वारा मिर्जापुरी कजरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या कसया द्वारा किसानी गीत गया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी को हैप्पी बर्थडे यूपी की शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री ने यह खुशियां देने का कार्य किया है जो अंदर तक आह्लादित कर देने वाला है उन्होंने निवर्तमान राज्यपाल राम नाइक जी के को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका सपना था जिसे भाजपा की सरकार ने पूरा किया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि गौरव यात्रा 1950 से चलकर 2025 में चल रहे हैं आज देश कहां से कहां तक पहुंच गया इस संस्कृति काल के महाकुंभ में 50-50 करोड़ स्नान कर रहे हैं ये हमारे देश को एकता में पिरोने का कार्य है। आज देश के प्रेमियों ने एकता की नींव बना कर शक्ति प्रदान कर रहा है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि भारतीय संस्कृति संस्कारों को स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को इतना शक्ति दें कि भविष्य में और तेजी के साथ हमारा देश प्रदेश तरक्की करे। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यदि प्रदेश को विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर करना है सभी वर्ग के लोग अपनी क्षमताओं के अनुरूप कार्य करेंगे, तभी समग्र विकास संभव हो सकेगा। सीएम युवा अभियान के प्रथम लांचिंग के तहत विभिन्न लाभार्थियों को डमी चेक जन प्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों द्वारा वितरण किया गया। एवं आज के कार्यक्रम दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।



गोदभराई का रस्म पूरा करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

# यूपी दिवस समारोह में विधायक ने मंच से खोली जिले में भ्रष्टाचार की पोल

## 85000 रुपये घूस लेकर दिए जा रहे राशन की दुकानों के लाइसेंस



- कमाई के चक्कर में राष्ट्र निर्माताओं के सपनों को चकनाचूर कर रहे अधिकारी : राकेश प्रताप

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** यूपी दिवस के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित समारोह के समापन के दौरान सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए और जन नायक कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए राज समाज से ऊंच-नीच, जांति-पांति और भेदभाव की मानसिकता से ऊपर उठकर पीड़ितों को न्याय दिलाने और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने के संदेश दिए। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विधायक ने मंच से जिले में सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोली और कहा कि अमेठी में सांसद और विधायक प्रतिनिधियों से भी वसूली हो रही है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के रामराज के संकल्प के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अधिकारी कमाई के चक्कर में राष्ट्र निर्माताओं के सपनों को चकनाचूर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने जिला पूर्ति कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का उदाहरण देते हुए डीएम निशा अनंत से समीक्षा और जांच की मांग की। विधायक ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत रिक्त राशन की दुकानों के आवंटन के लिए जनता की ओर से चुने गए कोटेदारों से लाइसेंस के नाम पर 85000रू घूस लिए जाने की शिकायत की। विधायक ने कहा कि सप्लाई इंस्पेक्टर ने उनके पी आर ओ से भी 85000रु लिए गए हैं। उनके पी आर ओ के नाम रौजा की दुकान आवंटित हुई है।

### पूर्व मंत्री सुरेश पासी ने किया मुख्यमंत्री का गुणगान

**अमेठी।** समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने अपने सम्बोधन में यू पी दिवस पर मुख्यमंत्री के सम्बोधन का उल्लेख करते हुए उनका गुणगान किया।सुरेश पासी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जंगल में रहने वाली तीन वनटांगिया जातियों को गांव का दर्जा दिया है। मुख्यमंत्री समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। जनपद अमेठी महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है,आज उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों में महिलाओं की संख्या अधिक है। यूपी दिवस का समापन मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। डी एम निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक, एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, विजय किशोर तिवारी के साथ सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे तीन प्रधान

**गोरखपुर।** जल जीवन मिशन में सराहनीय काम करने वाले तीन ग्राम प्रधान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर आयोजित समारोह में सम्मानित किए जायेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को ग्राम प्रधानों का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन करते हुए रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए रवाना किया।

उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट नामिम गंगे व ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग की ओर से ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड भटहट के ग्राम सभा औरंगाबाद ग्राम प्रधान रणजीत सिंह व विकास खण्ड चरगांवा के जंगल धूसड़ ग्राम पंचायत के प्रधान है। राजेंद्र प्रसाद निषाद का चयन किया गया है।

# एक कोने में न हो महान संत की प्रतिमा स्थापित: राणा




महान संत के अपमान पर कांग्रेसियों ने आयोजित की प्रेसवार्ता, दिया जाये बड़ा स्थान, जाहिर की नाराजगी

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महान संत स्वामी विवेकानंद के अपमान को लेकर कांग्रेसियों का गुस्सा व नाराजगी बढ़ती जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में जिला कॉंग्रेस कार्यालय पर पदाधिकारियों व नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें स्वामी विवेकानंद की कल रात चोरी से रात के अंधेरे में प्रतिमा स्थापित किए जाने की घोर निंदा की गयी, सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों व नेताओं ने स्वामी जी के अपमान के विरोध में लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया, तत्पश्चात जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया । प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि शहर में महान संत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने से हम कांग्रेस जनों को कोई आपत्ति या नाराजगी नहीं है, हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन रात के अंधेरे में चोरी छुपे एक कोने में उनकी प्रतिमा स्थापित करना उनका बहुत बड़ा अपमान है। हम कांग्रेस के लोगों द्वारा पूर्व में भी तत्कालीन जिलाधिकारी से इसके बारे में शिकायत कर उन्हें स्वतंत्र व सुरक्षित स्थान देकर उनकी मूर्ति स्थापित करने की मांग की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को निर्देशित कर कार्य स्थल पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा कर किसी सुरक्षित व स्वतंत्र स्थल चिन्हित कर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का निर्देश दिया था,लेकिन विगत दिनों पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिस पर हम कांग्रेस के लोगों द्वारा 21 जनवरी को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पुनः हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोके जाने तथा सुरक्षित व स्वतंत्र स्थल पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की थी लेकिन शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर रातों रात शहर के राजीव गांधी पार्क के एक कोने में उनकी छोटी सी प्रतिमा स्थापित कर दी जिससे उनका बहुत बड़ा अपमान हो रहा है और इससे हम कांग्रेस के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोग महापुरुषों का सम्मान व उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग महापुरुषों का अपमान कर रहे हैं यह अपमान हम कांग्रेस के लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज के ढाई दशक पूर्व यह पार्क भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के नाम से नगर पालिका बोर्ड की बैठक में किया गया था और बोर्ड की बैठक में ही स्व राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ था, उनके नाम से आवंटित पार्क में आप इतने बड़े महापुरुष को एक कोने में छोटी सी प्रतिमा स्थापित कर देना यह उनका अपमान है। स्व राजीव गांधी हमारे देश के प्रधानमंत्री रहे हैं, उनके योगदान को 21वीं सदी के प्रत्येक नागरिक को मिल रहा है जिस प्रकार राजनीतिक और अध्यात्म का घाल मेल नहीं किया जा सकता उसी प्रकार एक राजनेता की मूर्ति के साथ आध्यात्मिक गुरु को रखना नैतिकता विहीन कृत्य है। शहर का विवेक नगर मोहल्ला उनके नाम से पहले से ही है वहां एक करोडों का पार्क भी बना है जिसमें उनकी छोटी सी प्रतिमा स्थापित है वहां एक विशाल प्रतिमा स्थापित कर दी जाती और पार्क का सौंदर्यीकरण हो जाता तो उनके सम्मान और बढ़ जाता, लेकिन नगरपालिका और भाजपा के लोगों द्वारा उनका अपमान किया गया है इससे हम कांग्रेस के लोग अत्यंत दुखी और आहत है।

# न्यायिक अधिकारियों ने एक पेड़ माँ के नाम किया रोपण

जिला एवं सत्र न्यायालय में हुआ पौधरोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान ने जोर पकड़ा।इसी कड़ी में आज जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जनपद न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मोहम्मद अशरफ अंसारी तथा अपर प्रधान न्यायाधीशगढ़ एवं अपर जनपद न्यायाधीशगण संतोष कुमार, राकेश पांडे ए,शैला, एकता वर्मा,जलाल मोहम्मद अकबर, नीरज कुमार श्रीवास्तव एवं विजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह, सिविल जज शुभम वर्मा ,अपर सिविल जज अविनाश चंद्र गौतम, अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट शालिनी मिश्रा,एडीजे विजय कुमार गुप्ता,पोमीला श्रीवास्तव, अमित सिंह, अंकित सिंह एवं अपर सिविल जज अनुज कृष्णा, मनाली चंद्र, बुशरा नाज अंसारी,सुश्री प्रगति, सोनाली सोनी, प्रतीक, सुश्री प्रियंका दिवाकर और अन्य न्यायिक अधिकारी का उपस्थित रहे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का अवसर पर पहुंचे न्यायिक कार्यों से जुड़े कर्मचारियों की उपस्थिति जनपद के न्यायाधीशों ने पौधारोपण किया ।एक पेड़ मां के नाम की मुहिम को पर लगाते हुए आम, जामुन, अमरूद इत्यादि के फलदार पौधों का रोपण किया गया ।तथा हरित क्रांति का संदेश दिया गया।

## रेसर बाइक स्टंट के विरोध में पुलिस ने चलाया अभियान, एक को दबोचा



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में रेसर बाइक से स्टंट करने वालों के विरूद्ध जनपद में अभियान चलाए जा रहे हैं। अभियान के तहत प्रभारी यातायात व प्रभारी निरीक्षण दक्षिण मय पुलिस टीम द्वारा फैजान पुत्र असलम निवासी हाजीपुरा जाटवपुरी थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को जैन मंदिर चौराहे के पास से स्पोर्ट बाइक नम्बर क्स् .ढे.।ट6149 जो मोडिफाइड साइलेंसर लगाए हुए है एवं जिससे हैवी आवाज निकल रही थी, को हिरासत लेकर उक्त बाइक को सीज करते हुए 27,500 रूपये का चालान किया गया है साथ ही फैजान उपरोक्त के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लाई गयी है। कृपया यातायात के नियमों का पालन करें।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपेट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ई.वी.एम. /वी.वी.पेट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के सी.सी.टी.वी. कैमरो की स्थिती, कन्ट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिडकियों और रोशनदानो के सुरक्षित रखने आदि की जाँच की। जिलाधिकारी ने नगर पालिका से साथ सफाई कराने सहित उपयोगी उपकरणों को सुरक्षित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने वेयर हाउस के बाहर लगाये गये सी.सी.टी.वी. कैमरो से बाहर की सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये। इस निरीक्षण केश् दौरान अपर जिलाधिकारी विशुराजा और निर्वाचन कार्यालय के समरत कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## टास्क फोर्स के पदाधिकारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती



**टूंडला।** सूचना का अधिकार टास्क फोर्स की एक बैठक अहाता शोभाराम स्थित कार्यालय पर हुई जिसमें सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई इस दौरान वक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर डॉ बी एस गौतम ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने अपने देश के लिए बलिदान दिया इस बलिदान को हम सदा याद रखेंगे ऐसे महापुरुष से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टूंडला सुभाष चौराहे पर लगा जाम

**टूंडला।** सुभाष चोराहा टूंडला पर लगा रहता है जाम, जिससे छोटे बड़े वाहनों को निकलने में परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।टूंडला सुभाष चौराहे पर ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त दिखाई देने लगी है। जाम के झाम में फंसी रही स्कूलों की बसें। सुभास चौराहे पर प्रतिदिन स्कूलों की छुट्टी के टाइम पर लग जाता है भारी जाम। जिससे जाम के झाम में फंसकर छोटे छोटे स्कूली बच्चे बच्चियां होते है परेशान। प्रशासन को ख़राब ट्रेफिक व्यवस्था पर ध्यान देने की है आवश्यकता। टूंडला के सुभाष चौराहे पर आये दिन लगा रहता है जाम।

# समीक्षा बैठक में दिए सम्बन्धितों को निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी सी0एम0ओ0, सहायक जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, टूण्डला व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एका, फरिहा, मक्खनपुर, प्रतिनिधि जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक (माध्यमिक शिक्षा)/प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी नारखी, एका, शिकोहाबाद, अरॉव, जसराना, खैरगढ, टूण्डला, डायट प्रवक्ता प्रदीप कुमार व राहुल कुमार रावत, अरविन्द कुमार, सी0डी0पी0ओ0, एस0आर0जी0 सुभाष चन्द्र एवं श्रीमती जया शर्मा आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं से अवगत कराते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा की गयी।

# जिले में समारोहपूर्वक मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में मा. उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की अध्यक्षता व मा. राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पॉल सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी व पार्टी पदाधिकारी सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। इस अवसर पर राष्ट्रगान का गायन भी हुआ। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन के प्रांगण में विभिन्न विभागों कृषि, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, ग्राम्य विकास, राजस्व, बैंक, कृषि, श्रम, महिला कल्याण, श्रम, समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कौशल विकास, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, आपूर्ति, पंचायत राज विभाग, आईसीडीएस इत्यादि द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात् विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ जनपद में सराहनीय कार्य करने वाले विभागों के अधिकारी, कर्मचारी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी महसी सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों, शिक्षकों, प्राविधिक सहायक, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, एनआरएलए से समूह सखी, सीएम गो संवर्धन योजना के लाभार्थी को सम्मानित किया गया।

## 26 जनवरी को मंत्री जयवीर सिंह मैनपुरी में

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 26 जनवरी को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.25 बजे से पुलिस लाइन में आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे, अपरान्ह 05.30 बजे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करने के उपरांत निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

**सूचना**

मैं राना रज़ा पत्नी सफ़दर रज़ा निवासिनी 467/129/6क आलिया कॉलोनी शीश महल हुसैनबाद पोस्ट चौक जिला लखनऊ की हूं मैंने अपना नाम राना रज़ा से बदलकर राना खातून (RANA KHATOON) रख लिया है अब भविष्य मे मुझे राना खातून (RANA KHATOON) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

# डीएम ने पुर्नगठन पेयजल योजना में कृत्रिम झील का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज गुरुवार को फिरोजाबाद पुर्नगठन पेयजल योजना के अन्तर्गत नन्दगांव के पास निर्मित 900 एम.एल.डी. क्षमता की कृत्रिम झील का का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेयजल संचय हेतु बनाई गयी झील क्रियाशील पाई गई। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (वि./याँ.), जल निगम (नगरीय), आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि फिरोजाबाद पुनर्गठन पेयजल योजना सतही जल श्रोत गंगा द्वारा जल पर आधारित है।

नन्दपुर स्थित इन्टेक वर्क्स प्लांट के साथ 1,72,000.00 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में वर्ष 2018 में कृत्रिम झील (900 एम.एल.डी. क्षमता) का निर्माण कराया गया है, जिससे नहर क्लोजर के दौरान लगभग 15 दिनों तक झील में एकत्रित जल को सांती मार्ग स्थित वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट पर पहुँचाया जाता है, जहाँ से कच्चे जल के शोधन के उपरान्त नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जाती है। नगर आयुक्त, नगर निगम, फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में इन्टेक वर्क्स, 120 एम.एल.डी., 35 नग जोन पम्पिंग स्टेशन एवं शहर में निर्मित 198 नग अधिष्ठापित नलकूपों के स्काड़ा ऑटोमेशन हेतु अनुमानित लागत रु. 23.50 करोड का प्राक्कलन तैयार शासन को प्रेषित किया गया है। नगर आयुक्त, नगर निगम, फिरोजाबाद एवं मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद को झील में पेयजल के अतिरिक्त मत्स्य पालन, सौन्दर्यीकरण एवं जनसाधारण हेतु मेले आदि के प्रायोजन हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही हाथवन्त से इन्टेक वर्क्स तक निर्मित पहुँच मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद को क्षेत्र पंचायत के माध्यम से कराये हेतु निर्देशित किया गया।

## पूर्व सरकारों ने प्रदेश की स्थापना दिवस पर कोई उत्सव नहीं मनाया

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण, सी.एम. युवा पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने उ.प्र. स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना 1950 में हुयी लेकिन पूर्व सरकारों ने प्रदेश की स्थापना दिवस पर कोई उत्सव, कार्यक्रम आयोजित नहीं किये, लेकिन वर्ष 2017 में यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उ.प्र. दिवस मनाने का निर्णय लिया और जब से निरंतर 24 जनवरी को उ.प्र. दिवस मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि भारत की आत्मा उ.प्र. में बसती है, सैकड़ों देशों की आबादी से बड़ा प्रदेश, जिसकी आबादी 25 करोड़ से अधिक है, भौगोलिक दृष्टि से भी सबसे उत्तम प्रदेश है, दुनिया में यदि स्वर्ग कहीं है, तो वह भारत में वह स्वर्ग उ.प्र. में है।

**NOTICEIN THE FAMILY COURT NO.7 MUMBAI AT BANDRA PETITION NO. A-2521 OF 2022**

P.J. No. 30/2024
Date: 17.01.2025
Exh.17

Mr. Dilip Kumar Tarachand Yadav ....Petitioner

V/s

Mrs. Pooja Dilip Yadav ....Respondent
R/at Village Madhuban, Post Badegaon, Bansgaon, Sultanpur, UP-228119.

To,
Mrs. Pooja Dilip Yadav... Respondent

TAKE NOTICE THAT the Petitioner above named has filed petition against you for restitution of conjugal right U/s 9 Hindu Marriage Act, 1955.

TAKE FURTHER NOTICE that, the petition is fixed for hearing and final disposal on **25th February, 2025 at 11:00 a.m.** [Sharp] in **Family Court No.07. Mumbai at Bandra,** or before any other Hon'ble Family Judge, presiding in the Family Court Mumbai at Bandra, assigned charge of the said Court No.7, when you are required to appear in person and file your Written Statement and in default of your doing so, the Hon'ble Judge-Family Court No.7 will proceed to hear the said Petition, against you exparte and pronounce Judgment thereon;

THIS NOTICE IS ORDERED by Smt A. A. Thakare, I/C Judge, Court No. 7 on 26th November, 2024.

**GIVEN UNDER MY HAND AND SEAL OF THIS COURT DATED THIS 17th day of January, 2025**

SEAL
Date: 17/01/2025

Deputy Registrar,
Family Court Mumbai,
Bandra Kurla Complex,
Bandra [East], Mumbai-400 051

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना, जनपद-अमेठी**

पत्राक : 1421/क्रि0गै0/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक - 15/01/2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से क्रिटिकल गैप्स योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की दिनाक 31.01.2025 को सायं 3.00 बजे तक मोहर बन्द दरें/निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.01.2025 को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नकद अथवा खण्ड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक 31.01.2025 को सायं 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती हैं। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 31.01.2025 को विकास खण्ड कार्यालय में सायं- 3.30 बजे निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण तथा 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य न होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना को होगा। आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री की मात्रा बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार करना होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (2.00 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड मुसाफिरखाना के ग्राम पंचायत गुन्नौर के गौ आश्रय स्थल पर पिलर एवं जाली निर्माण कार्य। | 5.144 | 11000.00 | 1000.00 | 3 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मुसाफिरखाना- अमेठी**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक-203/ई-टेण्डर नोटिस/2024-25 दिनांक-20.01.2025

**ई-निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में ''रोड साइनेज'' श्रेणी में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए. बी. ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र.सं. | जनपद/खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण कारने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2024-25 में रोड साइनेज का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर में 07 ब्लैक स्पाट्स (नबीनगर, खरौरा, कनकारी, थानगांव, भरतपुर, खम्हरिया, कस्बा रेउसा) के सुरक्षात्मक कार्य। | 14.77 | 1.48 | 860.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर खीरी वृत्त लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि. (मध्य क्षेत्र) वो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर प्रा0ख0 के अन्तर्गत मियांपुरवा चौराहे का चौड़ीकरण एवं सुधार का कार्य। | 1.89 | 0.19 | 660.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 3 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर प्रा00 के अन्तर्गत बहराइच सीतापुर मार्ग (राज्य मार्ग) पर पड़ने वाले 14 टी-जंक्शन (चै0 33.80, 34.50, 35.30, 36.30, 38.80, 39.90, 40.20, 42.40, 43.50, 44.30, 45.40, 45.50, 46.00, 49.00) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 8.84 | 0.88 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 4 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत तम्बौर-महमूदाबाद मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 03 चौराहे (चै0 13.40,17.70,32.80) एवं 15 टी- जंक्शन (चै0 1.60, 2.10, 2.60, 7.50, 9.50, 12.30, 14.30, 19.30, 20.10, 25.80, 28.80, 29.60, 33.40, 35.90, 36.70) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 17.22 | 1.72 | 2354.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 5 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर प्रा0ख0 के अन्तर्गत तम्बौर महमूदाबाद मार्ग (प्र0जि0मा0 के किमी0 25 में स्थित सम्भावित ब्लैक स्पाट चिरैया का सुधार कार्य। | 18.33 | 1.84 | 2354.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 6 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर प्रा0ख0 के अन्तर्गत चन्द्रसेनी चैराहे का सुधार कार्य। | 2.45 | 0.25 | 660.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 7 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | सेवता | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत रेउसा-शिकोहा-चन्द्रसेनी-मोहाला- सुकेठा-साण्डा मार्ग (अ0जि0मा0 पर किमी0 01 में पड़ने वाले 01 चैराहे पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 1.96 | 0.20 | 660.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 8 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | बिसवां | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत मतुआ सकरन भोलागंज मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 02 चौराहे (चै0 14.60, 16.45) एवं 12 टी-जंक्शन (चै0 3.100, 6.45, 7.80, 8.20, 10.80, 20.10, 20.25, 21.95, 22.20, 23.40, 26.50, 27.10 ) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 11.30 | 1.13 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 9 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | बिसवां | जनपद सीतापुर में कौंसर चौराहे का सुधार का कार्य। | 2.04 | 0.20 | 660.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 10 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | लहरपुर | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत लहरपुर-तम्बौर मार्ग (प्र0जि0मा0 पर पड़ने वाले 02 चौराहे (चै0 26.50, 12.60) एवं 13 टी-जंक्शन (चै0 29.50, 29.20, 28.40, 27.60, 27.10, 24.02, 25.80, 24.20, 23.80, 20.60, 19.60, 26.50, 12.60) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 10.27 | 1.03 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 11 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | लहरपुर | जनपद सीतापुर में 02 ब्लैक स्पाट्स (मतुआ चौराहा एवं धांधी) के सुधार का कार्य। | 8.42 | 0.84 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 12 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | लहरपुर | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत तम्बौर तिराहे के सुधार का कार्य। | 3.02 | 0.31 | 660.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 13 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | हरगॉव | जनपद सीतापुर में प्रा0ख0 के अन्तर्गत महोली-हरगाव-लहरपुर-शाहरपुर- भदफर मार्ग (राज्य मार्ग) पर पड़ने वाले 09 जंक्शन (चै0 59.230, 60.030, 63.080, 63.230, 65.280,6 8.285, 69.080, 69.180, 69.290) सड़क सुरक्षा का कार्य। | 11.96 | 1.20 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |
| 14 | सीतापुर/ प्रा0 खण्ड | हरगॉव | जनपद सीतापुर में केशरीगंज चौराहे का चौड़ीकरण एवं सुधार कार्य। | 5.86 | 0.59 | 860.00 | 03 माह | '' | '' | '' |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.01.2025 से 03.02.2025 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 03.02.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.02.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UPID-227076 Dated-23-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(एम.के.वर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सीतापुर**

# उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य तरीके से हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



- जनपद के प्रभारी मंत्री ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का किये शुभारंभ
- उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की मुख्य थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश को संजोनाः प्रभारी मंत्री
- आजादी से जुड़ें देशभक्ति, लोक गायन व लोक नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा की गयी

**सोनभद्र।** जिले के प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इस मौके पर मंच पर उपस्थित प्रभारी मंत्री व जनप्रनिधिगणों एवं अधिकारियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। मंत्री जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन किये, इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को गोद भराई रस्म की अदायगी भी करायी गयी। इसी प्रकार से मंत्री जी ने आयुष्मान कार्ड, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, इफको, कृषि विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), खादी ग्रोद्योग बोर्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, अल्प संख्यक कल्याण विभाग,बेसिक शिक्षा विभाग, महिला कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये प्रदर्शनी का अवलोकन किये और विभागों से बारी-बारी से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालत योजनाओं का लाभ पात्रों तक कैसे पहुंचाया जाता है, के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किये। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा करमा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी, इसी प्रकार से कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मंत्री जी ने स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ ही बेहतर कार्य करने वालें को कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करने के साथ ही उद्योग विभाग द्वारा बैंक से ऋण स्वीकृति का डेमो चेक पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया गया। मंत्री जी ने कोरोना काल में मृतक के बच्चों को लैपटाप का वितरण भी किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस की मुख्य थीम विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां के करमा नृत्य के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया जाता है, इन बच्चों को मुख्यालय स्तर पर और बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जाये तो प्रदेश स्तर पर भी उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत करने का एक सुनहरा मौका मिल सकेगा। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर इस देश के अमर शहीद बलिदानियों व देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को याद व नमन करने का दिन है और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर, देश के जन-जन तक उनकी गौरव गाथा को पहुंचाने के साथ ही उनके त्याग व बलिदान से देश के नौजवानों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगणों एवं उपस्थित जनसामान्य/लाभार्थियों को शुभकामनाऐं दी एवं गरिमामई उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में सरकारी योजनाओं का पूरी तरह से इम्प्लीटेशन किया जा रहा है। शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओ में सभी विभागों द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है साथ ही सभी योजनाओं को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। इस मौके पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा नन्दलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद,जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला जिला पंचायत राज अधिकारी नमिरा शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, ई-डिस्ट्रक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## सफाईयों ने मनाई पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की जयंती



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा कि सामाजिक न्याय के योद्धा कर्पूरी ठाकुर ने अपने जीवन काल में हमेशा किसानों नौजवानों व्यापारियों अल्पसंख्यक को आदिवासियों के मसीहा थे। उन्होंने हमेशा सभी वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम किया ।संगोष्ठी में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल सुरेश यादव अनिल प्रधान सरदार पारब्रह्म सिंह विष्णु कुशवाहा शौर्य त्रिपाठी राधेश्याम गुलाब सिंह यादव जब्बार खान अमृत लाल यादव प्रधान के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर या अंडरपास बनेः निगम मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के पूर्व जिला महासचिव निगम मिश्रा के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज नगर में स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर/ अंडर पास बनाए जाने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सोनभद्र को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव निगम मिश्रा ने कहा कि प्रतिदिन रावटसगंज नगर में स्थित रेलवे क्रॉसिंग से आधे आधे घंटे पर मालगाड़ी और यात्री गाड़ी निकलती रहती हैं जिसके चलते मरीजो को, अधिवक्ताओं को, किसानों को, मजदूरों को, व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासनिक लापरवाही के चलते उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर या अंदर पास नहीं बन पा रहा है। यदि रेलवे क्रॉसिंग पर शीघ्र ही फ्लाई ओवर या अंडरपास नहीं बनाया गया तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जन आंदोलन करेगी। कर्म ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर देव पांडे ने कहा कि आदि आधे घंटे पर गाड़ियों के आवागमन से कई मरीज बीच रास्ते में ही दम तोड़ चुके हैं यदि फलाई ओवर या अंडर पास बन गया होता तो ऐसा नहीं होता कई जिंदगियां बच गई होती। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ रेलवे से पैसा वसूलने पर लगी हुई है। उसका जनता से कोई लेना-देना नहीं है। इस दौरान निगम मिश्रा, बंशीधर पांडे, अमरेश देव पांडे, रामानंद पांडे, प्रमोद पांडे, अनिल कुमार मिश्र एडवोकेट ,जितेंद्र देव पांडे, सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री लालता प्रसाद पांडे, कमलाकांत त्रिपाठी, बृहस्पति भारती, दिनेश धर द्विवेदी, सुजीत कुमार मिश्र, धीरज केसरी, राजू सोनी, अजय गुप्ता एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा चौथा बोन मिनरल डेंसिटी शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आयोजित प्रीवेंटिव हेल्थ पहल के तहत चौथा बोन मिनरल डेंसिटी (BMD) कैंप 23 जनवरी 2025 को विंध्य अस्पताल में संपन्न हुआ। इस कैंप में प्रमुख अतिथि राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) और त्रिवेणी पाला, प्रभारी कल्याण (सुहासिनी संघ) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कैंप का मुख्य उद्देश्य ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में जागरूकता फैलाना और स्वस्थ हड्डी को बढ़ावा देना था। इस मौके पर डॉ. दीपक डे, ऑर्थोपेडिक सर्जन ने बोन मिनरल डेंसिटी (क्राब्ब) परीक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरनाक प्रभावों जैसे फ्रैक्चर, कार्य से अनुपस्थिति और आर्थिक बोझ के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वस्थ कर्मचारी एक संस्थान की उत्पादकता में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। वहीं, डॉ. प्रतिमा महेंद्र, सीनियर स्पेशलिस्ट (विंध्य अस्पताल) ने हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में सही पोषण, सूर्य के प्रकाश और नियमित व्यायाम की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने यह बताया कि विटामिन ष्ठ, जो सूर्य की रोशनी से मिलता है, कैल्शियम के अवशोषण में अहम भूमिका निभाता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा उन्होंने तिल और रागी जैसी कैल्शियम से भरपूर अन्य खाद्य पदार्थों का सुझाव दिया, ताकि हड्डियों को मजबूती मिल सके। इस कैंप का समन्वय डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, सीनियर स्पेशलिस्ट (विंध्य अस्पताल) और सुरजन सिंह राजपूत (सहायक अधिकारी) ने किया। यह पहल पिछले वर्षों की तरह मरीजों के हड्डी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिसमें शीघ्र पहचान, इलाज और फॉलो-अप शामिल है। एनटीपीसी विंध्याचल अपनी प्रतिबद्धता के साथ कर्मचारियों और समुदाय की भलाई में योगदान करता है।

# बालिकाओं को सशक्त बनाए उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित को प्रतिबद्धता

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित सीएमओ ऑफिस से शुक्रवार की सुबह राष्ट्रीय बालिका दिवस पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जागरूकता रैली निकाली गई।

मुख्य अतिथि सीडीओ जागृति अवस्थी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया।वहीं लोगों को संबोधित करते हुए सीडीओ जागृति अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हम बालिकाओं को सशक्त बनाए रखने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती रहती हैं। ÷हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए भी हम उतने ही प्रतिबद्ध हैं। इसी दौरान प्रभात फेरी के बाद नगर स्थित राजा शारदा इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के नोडल द्वारा संबंधित छात्राओं व अध्यापकों को संबंधित राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विचार प्रकट करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कीर्ति आजाद बिंद,, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रिपुंजय श्रीवास्तव, मलेरिया अधिकारी पी. के. सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाचार पत्र विक्रेताओं को वितरित किए गए कबंल



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेस क्लब इटावा ने एक सराहनीय पहल करते हुए समाचार पत्र विक्रेताओं के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विमल जैन ने किया। श्री जैन ने विक्रेताओं को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी और सदस्यगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस पहल को और अधिक महत्वपूर्ण बनाया। जिलाध्यक्ष विमल जैन ने अपने संबोधन में कहा समाचार पत्र विक्रेता समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं, जो हर सुबह लोगों तक सूचनाएं पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस ठंड के मौसम में उनकी सहायता करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में विक्रेताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रेस क्लब इटावा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने भी विक्रेताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को सर्दी के इस मौसम में एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल जरूरतमंदों की सहायता करना था, बल्कि समाज में सेवा भावना और एकता का संदेश देना भी था। प्रेस क्लब इटावा की इस पहल ने समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाया।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र के कर्मचारियों द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया एवं भारतीय जनता पार्टी की ओर से एवं फार्मासिष्ट विशाल स्नातक व ऊषा यादव निक्षय मित्र बनकर 53 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीता राम, डीटीओ डॉ शिवचरण हेंब्रम फार्मासिस्ट विशाल स्नातक समाजसेवी उषा यादव, डॉ शिवराज यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष संजीव भदौरिया कार्यालय प्रभारी रवि धनगर ने पोषण पोटली वितरित की। इस अवसर पर डॉ कुलदीप, डॉ सोहम गुप्ता डीपीसी कंचन तिवारी जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह डीपीटीसी अनस सुलेमान, एसटीएस हिमांशु कुमार, अनिल कुमार, आशुतोष, आलोक कुमार अजय, अवधेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## साई हॉस्पिटल ब्लड बैंक में किया गया रक्तदान

**सोनभद्र।** साई हॉस्पिटल ,ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जनपद सोनभद्र के D.I राजेश कुमार जी की उपस्थिति में दवा विक्रेता सोनभद्र समिति द्वारा पवित मौर्य,विजयानंद, अमित कुमार, शुभम, चंद्रशेखर पांडे, आशीष, आदित्य, सूर्यकांत व अन्य दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉक्टर अनुपमा सिंह व प्रबंध निदेशक डॉ0 वी0 सिंह जी ने ब्लड डोनेट करने के कई सारे फायदे लोगों को बताएं जिसमें मुख्य रूप से यह कहा गया कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक और कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है तथा डोनेशन करने से वजन कम करने में भी काफी लाभदायक होता है, ब्लड डोनेट करने से कोई नुकसान नहीं होता है, डोनेशन करने के बाद शरीर में खून की मात्रा की पूर्ति 24 घंटे में और कोशिकी भाग की पूर्ति 1 से 2 माह के अंदर पूरा हो जाता है। इससे शरीर की कार्य क्षमता और रोग प्रतिकार शक्ति बढ़ती है तथा सभी लोगों को ब्लड डोनेट करना चाहिए यह स्वस्थ शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है।

# उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सजीव प्रसारण देखा गया

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** तत्पश्चात विकास कार्यो के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मा मंत्री जी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंशों का गौशालाओं में अच्छे ढंग से संरक्षण किया जाए। किसी भी दशा में अन्ना गोवंश खेतों / सड़कों आदि पर नहीं मिलने चाहिए, उन्हें गौशालाओं में संरक्षित करें। गौशालाओं में संरक्षित शत प्रतिशत गौवंशों का ईयरटैग किया जाए तथा उनके रखरखाव से संबंधित रजिस्टर आदि मेंटेन रखा जाए। सभी दुग्ध समितियो को संचालित किया जाए।वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के पश्चात उनकी सर्वाइवल सुनिश्चित की जाए। स्वयं सहायता समूह को सक्रिय रखा जाए, समूहो का किसी भी दशा में शोषण नहीं होने चाहिए। जल संरक्षण के दृष्टिगत पुराने चेकडैमो का जीर्णोद्धार किया जाए। सभी नलकूपों को क्रियाशील रखा जाए। दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल ,मोटराइज्ड साइकिल आदि का वितरण नियमानुसार कराया जाए। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने के पश्चात जो भी सड़क क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें रिस्टोर कराया जाय। अवैध खनन को पूर्णतः बंद कराया जाए किसी भी दशा में जनपद में अवैध खनन /अवैध कार्य नहीं होने चाहिए तथा समस्त खदानों का टीम गठित करके स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। ट्रैक्टर आदि के माध्यम से अवैध खनन करने में संलग्न लोगों पर कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप, फर्जी क्लिनिको पर कार्रवाई की जाए। विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर के अनुसार विद्युत की सप्लाई सुनिश्चित की जाय। कहा कि लोगों के विद्युत बिल संशोधन अथवा छापेमारी के नाम पर शोषण नहीं होना चाहिए। आईजीआरएस की शिकायतों का किसी भी दशा में फर्जी निस्तारण नहीं होना चाहिए। जनपद में ओवरलोड वाहन / बिना वैध प्रपत्र के खनन परिवहन करने वालो पर प्रवर्तनीय कार्यवाही की जाय।

श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। अभियान चलाकर अवशेष लोगों/ पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं तथा उन्हें एक्टिवेट कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता रहे तथा किसी भी दशा में कोई भी अन्ना पशु सड़क पर नहीं दिखना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह समय से राशन आदि वितरित किया जाए। बैठक में मंत्री ने जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर कार्रवाई की जाए।

# राम जनम ने कचरे से खाद बनाने की विधि बताई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास खंड सैफई के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला छविनाथ में पर्यावरण जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। पर्यावरण सभा में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कचरे से खाद बनाने की विधि बताई। उन्होंने कहा कि कचरे से खाद बनाना एक बहुत ही अच्छा और पर्यावरण के अनुकूल कार्य है । यह न केवल कचरे को कम करता है बल्कि प्राकृतिक और जैविक खाद प्रदान करता है। जो पौधों के लिए बहुत फायदे मंद है। विद्यालय के किचन गार्डन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय के किचन गार्डन में उत्पादित सब्जियां बच्चों के मिड डे मील में प्रयोग हो रही है। बच्चे पौधों को उगते हैं और उनकी देखभाल करते हैं जिस से वे प्रकृति से जुड़ाव महसूस करते हुए विद्याध्ययन कर रहे हैं। विद्यालय का बगीचा और किचन गार्डन न सिर्फ विद्यालय के सौंदर्य में वृद्धि करता है बल्कि विद्यार्थियों के पोषण में भी मदद करता है जिसके लिए विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर बृजेश कुमार, विमलेश कुमारी , रोशन आर अंसारी, दीपिका सिंह राठौर, जयंत कुमार और ममता शाक्य उपस्थित रही। कार्यक्रम की सफलता हेतु शिखा, मनु, देवांक, निशा गुंजन और उत्कर्ष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डीएम ने फरियादियों को बांटे कम्बल

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए। जनसुनवाई में लगभग 64 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# चौरा देवी ग्राउंड में संपन्न हुआ भव्य कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय स्थित चौरा देवी ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश रामकेश निषाद व विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ,जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद में एक जिला एक उत्पाद में शामिल सुमेरपुर की जूती का प्रदर्शन किया गया। उक्त के अलावा महिला कल्याण विभाग ,वन स्टॉप सेंटर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ,दुग्ध विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, ,यूपी नेडा, जैविक कृषि उत्पाद संबंधी स्टाल ,सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम संबंधित स्टाल ,उद्यानिकी ,पंचायती राज विभाग के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन, वन विभाग के अंतर्गत वृक्षारोपण, खादी एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत माटी कला, यूपीनेडा , समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह ,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग , निपुण भारत मिशन, बेसिक शिक्षा ,खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत उज्जवला योजना ,राशन वितरण कार्यक्रम से संबंधित स्टॉल लगाए गए ,जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया। प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश थीम के गीत पर समूह नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस मौके पर जनपद के विभिन्न विभागों में कार्यरत 265 महिला कार्मिकों को शॉल व मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण करने वाली विभिन्न स्कूलों की छात्राओं , जनपद की मेधावी -छात्राओं आदि को सम्मानित किया गया।

ट्यूबरकुलोसिस के पेशेंट को फल आदि की पोटली वितरित की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को पूरे उत्साह से इसी प्रकार मनाया जाना चाहिए। कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला गरीब किसान युवा मजदूर आदि के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर प्रदेश का विकास किया जा रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे ,डिफेंस कॉरिडोर ,जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना ,विभिन्न सिंचाई योजना यथा केंद्र बेतवा लिंक परियोजना आदि के माध्यम से बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास हो रहा है। कहा कि उत्तरप्रदेश हर दृष्टि से अद्भुत है यहां का मौसम ,मिट्टी ,लोग ,समृद्ध संस्कृति ,सामाजिक ,धार्मिक ,वैज्ञानिक ,कृषि सभी क्षेत्रों में अपनी अलग विशेषताएं हैं। कहा कि यहां सर्वाधिक भाषाएं बोली जाती हैं, अतः लोगों ने यूपी नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। उत्तर प्रदेश आज सभी संसाधनों से परिपूर्ण है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, उत्तर प्रदेश अपने आप में बृहद सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई गई



अवधनामा संवाददाता

**सरीला (हमीरपुर)** जनपद सरीला में सविता समाज द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह यादव ने कपूरी ठाकुर की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किय। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह यादव ने कपूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शोषित पिछड़ो एवं दलितों को जगाने का काम किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया। ऐसे जननायक के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सविता समाज के जिलाध्यक्ष राजकिशोर सविता ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने बिहार के पिछड़े दलितों को आगे लाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने फटा कुर्ता टुटी चप्पल पहनी और लोगों को समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रांजुल ने कपूरी ठाकुर के गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजक सविता समाज के सरीला तहसील अध्यक्ष रामदर्शन द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत करके स्मृति चिन्ह भेटकर आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन महान साहब ने किया। इस कार्यक्रम में शिव सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा शिक्षकसभा, चन्द्रवती वर्मा,नीलम यादव महिलासभा जिलाअध्यक्ष, हरनाथ राजपूत, कामता राजपूत, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, शंकर दादा, रमेशचंद्र सविता, नाथूराम अहिरवार, शिवकुमार आर्य, सहित सविता समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस 2025
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामना
एवं 144 साल बाद लगे
महाकुंभ 2025
डा. चन्द्रेश उपाध्याय
पूर्व लोक सभा प्रत्याशी , डुमरियागंज
श्याम जायसवाल
पूर्व ब्लाक प्रमुख
विधान सभा शोहरतगढ
राम कुमार यादव (चिन्कू)
पूर्व विधान सभा प्रत्याशी , डुमरियागंज
डा.विमल द्विवेदी
वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन
सन्तोष पासवान
पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी -बढ़नी
विष्णु जायसवाल
पूर्व प्रत्याशी प्रति. नगर पालिका बांसी
कन्हैया पासवान
जिलाध्यक्ष भाजपा सिद्धार्थनगर
अजय गुप्ता
अध्यक्ष नगर पंचायत विस्कोहर
विकास जायसवाल
अध्यक्ष नगर पंचायत इटवा
सर्वेश मिश्रा उर्फ सोनू
युवा भाजपा नेता
राकेश दत्त त्रिपाठी
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर
निशांत पाण्डेय
जिला मीडिया प्रभारी-भाजपा सिद्धार्थनगर